निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

नवबिहार टाइम्स



प्रकाश पर्व दीपावली के अवसर पर
हार्दिक शुभकामनाएं

• बोकारो, सोमवार, 20 अक्टूबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 154 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित



शुभकामनाएं

प्रकाश पर्व दीपावली के अवसर पर नवबिहार टाइम्स के पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं सहयोगियों को हार्दिक शुभकामनाएं

कमल किशोर
संपादक/प्रकाशक

सूचना

प्रकाश पर्व दीपावली के अवसर पर 20 अक्टूबर 2025 को नवबिहार टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस बंद रहेगा। अतः अगला अंक 22 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

संपादक

संक्षिप्त समाचार

रेस्टोरेंट मालिक की गोली मारकर हत्या

रांची (नबिटा ब्यूरो)। शहर के पॉश इलाकों में शुमार कांके रोड स्थित चौपाटी रेस्टोरेंट में शनिवार देर रात गोलियों की आवाज से अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि रेस्टोरेंट के मालिक विजय बैठा को कुछ युवकों ने गोली मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोली चलने की आवाज सुनकर जब लोग रेस्टोरेंट की ओर दौड़े तो कुछ युवक बाहर भागते दिखे, जबकि विजय जमीन पर गिर पड़े थे। उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)। थाना क्षेत्र के लोकाई स्थित बंद पड़े ब्लू स्टोन माइंस के पास रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान लोकाई निवासी 25 वर्षीय सोनू कुमार, पिता गोविंद साव के रूप में हुई है। सुबह करीब सात बजे जब ग्रामीण अपने मवेशियों को चराने जंगल की ओर गए तो उन्होंने पेड़ से लटका शव देखा। तुरंत गांव में इसकी सूचना दी। घटना की खबर फैलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए।

पुलिस बल के जवान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नवादा(नबिटा ब्यूरो)। जिला पुलिस बल के एक जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनका शव नरेंद्र नगर सेक्टर ए स्थित किराए के मकान में फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान औरंगाबाद के हसपुरा थाना क्षेत्र के रहने वाले अमित कुमार के रूप में हुई है।

देश में 8.82 लाख आदेश लंबित रखने पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई गहरी नाराजगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली। देश की सर्वोच्च अदालत ने देशभर में लंबित पड़े 8.82 लाख से ज्यादा 'निष्पादन याचिकाओं' (अदालती आदेशों को लागू करवाने के लिए दायर याचिकाएं) पर सख्त नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा कि ये स्थिति बेहद निराशाजनक और चिंताजनक है। जब किसी नागरिक विवाद में अदालत कोई फैसला दे देती है और हारने वाला पक्ष उस आदेश को मानने से इनकार कर देता है तब विजेता पक्ष अदालत में निष्पादन याचिका दायर करता है ताकि आदेश लागू हो सके। यानी यह प्रक्रिया अदालत के आदेश को जमीन पर उतारने



की होती है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि अदालत का आदेश अगर वर्षों तक लागू ही न हो सके तो फिर ऐसे आदेश का कोई मतलब नहीं रह जाता। यह न्याय का मजाक बन जाएगा। अदालत ने बताया कि कुल 8,82,578 निष्पादन याचिका लंबित हैं। मार्च 2024 से अब तक लगभग 3.38 लाख मामलों का निपटारा हुआ लेकिन बाकी अब भी अटके हुए हैं। कोर्ट ने सभी हाईकोर्टों से कहा कि वे जिला अदालतों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दें ताकि पुराने मामलों को जल्द निपटाया जा सके। कर्नाटक हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट को जरूरी आंकड़े नहीं भेजे। इस पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि रजिस्ट्रार जनरल दो हफ्तों में जवाब दें कि जानकारी क्यों नहीं दी गई। 6 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि सभी हाईकोर्ट सर्कुलर जारी करें। निष्पादन याचिका छह महीने में निपटाई जाएं। अगर कोई देरी होती है तो संबंधित जज जिम्मेदार माने जाएंगे। कोर्ट ने मामला 10 अप्रैल 2026 को दोबारा सुनने का समय तय किया है। तब तक सभी हाईकोर्ट को लंबित और निपटाए गए मामलों के पूरे आंकड़े देने होंगे। तमिलनाडु के अय्यावू उदयार ने 1980 में जमीन खरीदने का समझौता किया था। 1986 में केस दाखिल हुआ। 2004 में आदेश के बाद भी जमीन का कब्जा नहीं मिला। 2008 में कब्जे का आदेश हुआ पर अमल फिर भी नहीं हुआ। अदालत ने कहा कि निचली अदालत और हाईकोर्ट ने इस मामले में गंभीर गलती की।

पानी की टंकी ढहने से दो बच्चों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गोड्डा। जिले के सुंदर पहाड़ी थाना क्षेत्र के डाहुबेड़ा गांव में दर्दनाक हादसा हो गया। लगभग 30 साल पुरानी सीमेंट की पानी की टंकी अचानक गिर गई। जिससे टंकी के नीचे नहा रहे पांच बच्चे मलबे में दब गए। घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और बच्चों को बाहर निकालने की कोशिश करने लगे। टंकी के गिरने से दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान 5 वर्षीय मेशा नंद पहाड़िया और 6 वर्षीय धमेंद्र पहाड़िया के रूप में हुई है। घायलों में 4 वर्षीय चंदन पहाड़िया, 5 वर्षीय मेशा पहाड़िया और 5 वर्षीय गोरव पहाड़िया शामिल हैं। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने बच्चों को मलबे से बाहर निकाला और तुरंत सदर अस्पताल भेजा। चिकित्सकों ने दो बच्चों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक गंभीर घायल को बेहतर इलाज के लिए भागलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। बताया गया कि सभी बच्चे नहाने के लिए टंकी के नीचे जमा हुए थे, तभी यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही सुंदर पहाड़ी थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। गोड्डा उपायुक्त अंजली यादव और पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने सदर अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और परिजनों से बातचीत की। उपायुक्त ने बताया कि टंकी गिरने से दो बच्चों की मौत हुई है और तीन घायल हैं, जिनका इलाज जारी है। उन्होंने कहा कि हादसे की जांच कराई जाएगी ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

युवक की गोली मारकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मेदिनीनगर। पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में वॉल पुट्टी का काम करने वाले हसन अली की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना रविवार सुबह करीब साढ़े सात बजे की है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया है। पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी हसन अली की गर्दन में तीन गोलियां लगीं। वह 2020 में हत्या के एक मामले में जेल भी गया था। रिहा होने के बाद वह शहर से बाहर चला गया और कुछ दिन पहले ही घर लौटा था। हसन अली का भाई एक सरकारी अधिकारी के यहां ड्राइवर है। स्थानीय लोगों के मुताबिक हसन अली वॉल पुट्टी के साथ कई अन्य काम भी करता था। रविवार की सुबह वह सड़क पर खड़ा था, तभी अपराधी आए और उसे उठा ले गए। शाहपुर मचान पर अपराधियों ने उसे चाकू मारा और फिर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। घटनास्थल पर मौजूद अन्य लोगों ने पुलिस और परिजनों को इसकी सूचना दी। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि आपसी रंजिश के चलते इस घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

मतदाताओं के लिए हथियार साबित होगा सी-विजिल एप

मतदाताओं को डराने-धमकाने या विभिन्न प्रलोभन देने वालों के खिलाफ होगा इस एप का उपयोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। इस बार के बिहार विधानसभा चुनाव में सी-विजिल एप मतदाताओं के लिए हथियार साबित होगा। इस एप के माध्यम से चुनाव के दौरान धनबल और शराब समेत नकदी वितरण पर भी नियंत्रण करना आसान होगा। जानकारी के अनुसार पिछले लोकसभा चुनाव के बाद आयोग की ओर से कराए गए केएपी (नालेज एटीट्यूड प्रैक्टिस) सर्वे रिपोर्ट चिंताजनक थी। इस सर्वे में पता चला था कि बड़ी संख्या में मतदाताओं को इस संबंध में कोई जानकारी ही नहीं थी। इसे ध्यान में रखते हुए इस बार विधानसभा चुनाव में इस एप के बारे में प्रचार-प्रसार और जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक मतदाताओं को इसके बारे में जानकारी हो और वे इस एप का उपयोग इस चुनाव में



मतदाताओं को डराने-धमकाने या विभिन्न प्रलोभन देने वालों के खिलाफ कर सकें। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान इस एप और इसके संचालन के बारे में भी लोगों को जानकारी दी जा रही है। इस एप पर फोटो-वीडियो अपलोड करने के साथ-साथ शिकायत करने का भी विकल्प है। बता दें कि यदि कोई व्यक्ति चुनाव में गलत काम होते देखता है और उसकी तस्वीर डालकर इसके बारे में लिखकर शिकायत करता है तो सौ मिनट के अंदर टीम मौके पर पहुंचकर शिकायत का सत्यापन कर कार्रवाई करेगी। आयोग की तरफ से इस एप की मॉनिटरिंग की जाती है। एंड्रायड मोबाइल में सी-विजिल एप को डाउनलोड कर रजिस्ट्रेशन कर कोई भी व्यक्ति अपना आइडी बना सकता है। फिर अगर कोई व्यक्ति मतदाताओं को डराने-धमकाने का प्रयास करता है, धनबल का उपयोग करता है या शराब अथवा नकदी बांटता है तो जल्द से जल्द इस एप के माध्यम से शिकायत दर्ज किया जा सकता है।

जमुआ सब्जी मंडी में दो गुटों में बवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गिरिडीह। जिले के जमुआ थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथडीह मिर्ज़ागंज सब्जी मंडी में दो गुटों के बीच जाम को लेकर हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते दोनों ओर से ईंट-पत्थर चलने लगे और लाठी-डंडों से जमकर मारपीट होने लगी। इस दौरान सब्जियों से भरी टोकरियां सड़कों पर बिखर गईं। मंडी का माहौल पूरी तरह अफरा-तफरी में बदल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मंडी में रोजाना लगने वाले जाम को लेकर पहले बहस हुई थी। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष एक-दूसरे पर टूट पड़े। इस हिंसक झड़प में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र और सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही जमुआ थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद स्थिति पर काबू पाया और दोनों पक्षों को किसी तरह शांत कराया। एहतियातन पूरे क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि दोबारा कोई अप्रिय घटना न घटे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट, धमकी और रंगदारी मांगने के आरोप लगाते हुए आवेदन दिए हैं। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस बोली सबूतों एवं गवाहों के आधार पर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में भय और तनाव का माहौल है। डर के चलते दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और स्थानीय लोग घरों में दुबक गए। करीब आधे घंटे तक चले इस बवाल से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि सब्जी मंडी में आए दिन जाम और अव्यवस्था की स्थिति रहती है लेकिन प्रशासन कभी ठोस कदम नहीं उठाता।

बिजली विभाग ने बिना कनेक्शन के ही लगा दिया 20 हजार रुपये का जुर्माना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

देवघर। झारखंड के बिजली विभाग पर लापरवाही के आरोप लगे हैं। मामला देवघर में सामने आया है। जिसमें एक शख्स पर लगभग 20 हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया गया है। लेकिन हैरानी की बात यह कि उक्त शख्स के घर बिजली का कनेक्शन है ही नहीं। यह हैरतअंगेज मामला देवघर के सारवां प्रखंड की केंदुआटांड़ पंचायत के जियाखारा गांव का है। जहां एक गरीब किसान रंजीत यादव पर बिजली चोरी का आरोप लगाकर न केवल बिजली विभाग की ओर से एफआईआर दर्ज करायी गई है, बल्कि लगभग 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगा दिया गया है। अब जरा सोचिए जिस घर में बिजली का मीटर नहीं, कनेक्शन नहीं, वहां बिजली की चोरी कैसे हो गई? यही सवाल रंजीत यादव विभाग के पदाधिकारियों से पूछते नजर आ रहे हैं।

दीपावली को लेकर बाजारों में रौनक, जमकर हुई दीयों व सजावटी सामानों की बिक्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। राजधानी रांची में दीपोत्सव को लेकर बाजार पूरी तरह सज-धज कर तैयार हो चुका है। हर गली और चौक पर दीपावली की रौनक दिख रही है। शहर के लालपुर, अपर बाजार, मेन रोड, कांटाटोली, हरमू और हटिया चौक में दीपावली की खरीदारी जोर-शोर से चल रही है। दुकानों में मिठाइयों की महक, रंग-बिरंगे झालरों की चमक और ग्राहकों की भीड़ ने बाजारों की रौनक कई गुना बढ़ गई है। दीपावली के अवसर पर भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। इसे लेकर बाजारों में पूजन सामग्रियों की बिक्री में भी जोर-शोर से हो रही है। दुकानों में पूजा थाल, अगरबत्ती, कपूर, कलश, धूप और देवी-देवताओं की मूर्तियां बड़ी संख्या में उपलब्ध हैं। इसके अलावा, मिट्टी के दीये, घरौंदा, करंज का तेल, मिट्टी के बर्तन, सजावटी लाइटें, तोरण, रंगोली और कैंडल जैसी वस्तुओं की मांग में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। इस बार बाजार में सबसे अधिक भीड़ घरौंदा और मिट्टी के दीयों की दुकानों पर देखी जा रही है। शहर के लालपुर चौक, अपर बाजार और कांटाटोली इलाकों में मिट्टी के दीये बेचने वाले कारीगरों ने दुकानों को आकर्षक तरीके से सजाया है। मिट्टी



के पारंपरिक दीयों के साथ-साथ रंगीन, डिजाइनर और बिजली से चलने वाले दीयों की भी मांग बढ़ी है। लगातार खरीदार दुकानों पर पहुंच रहे हैं और अपनी पसंद के अनुसार सजावटी सामग्री खरीद रहे हैं। विक्रेताओं का कहना है कि इस वर्ष दीयों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। पिछले वर्ष की तुलना में मिट्टी और तेल के दाम बढ़ने से दीयों की कीमतों में 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले साल प्रति सैकड़ा दीयों की कीमत 120 से 130 रुपये थी, वहीं इस बार 150 से 200 रुपये तक प्रति सैकड़ा दीयों की बिक्री हो रही है। विक्रेताओं के अनुसार दीपावली से पहले हुई बारिश और मिट्टी की कमी के कारण लागत में बढ़ोतरी हुई है, जिसका सीधा असर बाजार पर पड़ा है। दीया विक्रेता रामेश्वर महतो ने बताया कि इस बार बारिश से कच्ची मिट्टी खराब हो गई थी। जिससे दीये बनाने में कठिनाई आई। ऊपर से परिवहन और तेल के दाम बढ़ गए। इसलिए कीमतों में हल्की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन बिक्री अच्छी चल रही है। वहीं खरीदारों का कहना है कि कीमत बढ़ने के बावजूद दीपावली पर पारंपरिक दीये खरीदना उनका शौक है। खरीदार रेखा देवी ने कहा कि ये कारीगर बड़ी मेहनत से दीये बनाते हैं। हर साल महंगाई बढ़ती है, तो अगर दीये की कीमत थोड़ी बढ़ भी गई तो कोई बात नहीं। मिट्टी के दीयों से ही असली दीपावली का आनंद आता है। दीपोत्सव से स्थानीय कुम्हारों और कारीगरों को भी बड़ा सहारा मिला है। ग्रामीण इलाकों से आए कारीगर रांची के बाजारों में अपने हाथों से बने पारंपरिक दीये और घरौंदे बेच रहे हैं। कई महिला स्वयं सहायता समूह भी सजावटी दीये, मोमबत्तियां और हस्तनिर्मित सजावटी सामग्री बेच रहे हैं, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है। शहर के सभी बाजारों, चौक-चौराहों और गलियों में रंगीन झालरों और बिजली की लाइटों से सजावट की जा रही है। नगर निगम द्वारा प्रमुख सड़कों पर विशेष प्रकाश की व्यवस्था की गई है। वहीं लोगों ने अपने घरों और दुकानों को भी आकर्षक सजावट की हैं।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।

2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।

3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com

हजारीबाग पुलिस की बड़ी कार्रवाई : लूटकांड में शामिल गिरोह का भंडाफोड़, पिस्टल, सोना-चांदी और बोलेरो बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



हजारीबाग। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए हजारीबाग पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार रात कोर्रा थाना क्षेत्र के कनहरी हिल फॉरेस्ट इलाके से पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की।

पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने देर रात छापेमारी कर इलाके की घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने कुछ संदिग्ध लोगों को बैठकर योजना बनाते देखा। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगे, लेकिन टीम ने तुरंत कार्रवाई कर पांचों को दबोच लिया।

गिरफ्तार अपराधियों की पहचान इस प्रकार है — धनीराम सोरेन उर्फ नेपाली, बलराम मुंडा, किशोर कुमार उर्फ बिहारी, तैयब अंसारी और विकास कुमार।

पूछताछ में सभी ने स्वीकार किया कि वे डकैती की योजना बना रहे थे और हाल ही में पतरातु बस्ती में एक बर्थडे पार्टी के दौरान हथियार के बल पर लूटपाट की घटना को अंजाम दे चुके हैं। उन्होंने पार्टी में शामिल लोगों से 8झ10 मोबाइल, सोने की चेन-अंगूठी और करीब ?90,000 नकद लूटने की बात कबूल की।

पुलिस ने छापेमारी के दौरान आरोपियों के पास से भारी मात्रा में सामान बरामद किया — 1 बोलेरो (JH-04 D-9605) और 2 मोटरसाइकिलें

जांच में सामने आया कि धनीराम सोरेन और बलराम मुंडा पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। धनीराम पर मांडू, चरही और चतरा क्षेत्रों में लूट व रंगदारी के केस हैं, जबकि बलराम मुंडा पर रामगढ़, गोला, सदर हजारीबाग और कटकमदाग थानों में डकैती, लूट और आर्म्स एक्ट से जुड़े कई मामले लंबित हैं।

अन्य तीन आरोपी— किशोर कुमार, तैयब अंसारी और विकास कुमार— पर भी विभिन्न थानों में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

इस पूरी कार्रवाई में एसडीपीओ अमित आनंद के नेतृत्व में कोर्रा थाना प्रभारी अजीत कुमार, पु.अ.नि. रोशन कुमार, पु.अ.नि. पुन्नु कुमार यादव, स.अ.नि. पिंटु कुमार सिंह, आ. जितेंद्र कुमार राणा, तकनीकी शाखा और पुलिस रिजर्व गार्ड की टीम शामिल थी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह गिरफ़्तारी अपराध नियंत्रण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि कानून-व्यवस्था मजबूत और नागरिक सुरक्षित रहें।

1 पिस्टल, 1 देशी कट्टा, 8 जिंदा कारतूस 48 ग्राम सोना, 98 ग्राम चांदी की सिकड़ी 8 मोबाइल फोन

बरमोरिया पंचायत में 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान से गूंजा चौपारण

■ भाजपा की वोट चोरी का पदार्फाश, जनता देगी करारा जवाब : जयप्रकाश भाई पटेल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चौपारण (हजारीबाग)। प्रखंड के बरमोरिया पंचायत अंतर्गत हथिया गांव में रविवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान का जोरदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष बैजू गहलौत ने किया, जबकि संचालन मंडल अध्यक्ष नरेश साव ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह कांग्रेस जिला अध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष भीम कुमार, कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी अरुण साहू, जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजाम अंसारी और कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता शामिल हुए।

इस अभियान में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ हस्ताक्षर किए और लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह अभियान सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि जनता की चेतना का प्रतीक है।

मुख्य अतिथि जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा

'भाजपा जनता का वोट देने का अधिकार छीनना चाहती है, लेकिन कांग्रेस संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही है। राहुल गांधी ने भाजपा की वोट चोरी का पदार्फाश कर लोकतंत्र की हत्या को उजागर किया है। अब जनता ही भाजपा को गद्दी से उतारकर जवाब देगी।'

कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी अरुण साहू ने कहा कि

'यह अभियान केवल नारा नहीं, बल्कि लोकतंत्र बचाने का जनआंदोलन है। भाजपा ने मतदाता सूचियों में धांधली कर सत्ता हथियाई है, लेकिन कांग्रेस इसे हर गांव तक पहुंचाएगी। अब वोट चोरों को जनता माफ नहीं करेगी।'

वहीं कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा

'वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान लोकतंत्र की रक्षा का प्रयास है। जब जनादेश का सम्मान नहीं होता, तो जनता को सड़कों पर उतरना पड़ता है।' कार्यक्रम का समापन कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष बीरबल साहू ने किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष (भाग 1) शारिक अख्तर, मंडल अध्यक्ष (भाग 2) राजेश कुमार सिंह, रोहित पासवान, राजेश गुप्ता, प्रखंड महासचिव गोपाल साव, नरेश पासवान, माला देवी, विनय प्रसाद, मनोज पासवान, बिनोद कुमार रजक, राजेश रजक, आशीष गुप्ता, उमेश साव, विकास प्रजापति, नारायण कुमार यादव, रामस्वरूप साव, लवकुमार सिंह, मो. मकसूद, मो. मकबूल समेत बसरिया, डेबो, रामपुर, बेलाही और पड़रिया पंचायतों के दर्जनों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

दिवाली की रौनक : मिट्टी के दीयों से जगमग होंगे हजारीबाग के घर

■ धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी भीड़ कुम्हारों के घरों में चल रही तैयारी



नवीन सिन्हा

हजारीबाग। दीपावली पर्व को लेकर हजारीबाग शहर और सभी प्रखंड क्षेत्रों के बाजारों में रौनक लौट आई है। धनतेरस के मौके पर सुबह से ही लोगों में खरीदारी को लेकर खासा उत्साह देखा गया। शहर के मुख्य बाजारों से लेकर ग्रामीण हाटों तक लोग दीये, सजावटी सामान, बर्तन और मिठाइयों की खरीदारी में जुटे रहे।

हर घर को रोशन करने के लिए मिट्टी के दीयों की मांग में इस बार जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। परंपरा के अनुसार दीपावली पर घरों, आंगनों और मंदिरों में मिट्टी के दीये जलाए जाते हैं। इसी कारण कुम्हारों के घरों में इन दिनों लगातार चाक घूम रहे हैं, और वे मिट्टी के दीयों को अंतिम रूप देने में व्यस्त हैं। स्थानीय कुम्हारों ने बताया कि 'इस बार दीपावली से एक सप्ताह पहले ही ऑर्डर आने शुरू हो गए थे। ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ शहर के दुकानदार भी थोक में दीये खरीद रहे हैं।' प्रखंड क्षेत्रों के कई परिवार पारंपरिक दीये खरीदने को प्राथमिकता दे रहे हैं, ताकि त्योहार की असली भावना और संस्कृति जीवित रहे। बाजारों में सजावट, रोशनी और चहल-पहल ने यह संकेत दे दिया है कि हजारीबाग दीपावली के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है।

श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होकर एनएचआरए टीम ने दी श्रद्धांजलि

बरही/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के गिरिडीह जिला अध्यक्ष दीपक कुमार के पिता एवं उनके चाचा के निधन पर उनके पैतृक गांव चतरो मेंआयोजित शोक सभा सह श्राद्ध कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की टीम शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार, राष्ट्रीय महासचिव संजय सुमन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, प्रदेश संगठन सचिव बिपिन बिहारी पांडेय ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की एवं मृतक के आत्मा के चित्र पर पुष्प अर्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि दिवंगत आत्मा की व्यक्तित्व एवं कृतित्व ऐसी थी कि हमलोगों को यहां तक खींच लाई। मौके जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, प्रदेश कार्यक्रम सचिव संजय सिंह, संतोष सिंह, ओम प्रकाश सिंह सहित कई लोग शामिल रहे।

सरकार की उपेक्षा से नाराज ग्रामीणों ने खुद सड़क बनाने का उठाया बीड़ा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरकट्ठा (हजारीबाग)। शिलाडीह पंचायत के ग्रामीणों ने आखिरकार सरकार की अनदेखी से तंग आकर अपनी सड़क खुद बनाने का निर्णय लिया है। रविवार को पंचायत भवन में आयोजित एक बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया। बैठक की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी ने की।

बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि शिलाडीह ग्राम का मुख्य मार्ग पिछले 10 वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ा है। इस सड़क के निर्माण के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता से आक्रोशित ग्रामीणों ने स्वयं के खर्च पर सड़क को समतल और चलने योग्य बनाने का निर्णय लिया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने सामूहिक चंदा इकट्ठा कर कार्य शुरू करने की बात कही। पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी ने कहा, 'झारखंड की सरकार अब अंधी और बहरी हो चुकी है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। ये लोग सिर्फ वोट के समय ही नजर आते हैं। इस बार हम सब इसका विरोध करेंगे।' ग्रामीणों ने बताया कि सिर्फ 2 किलोमीटर की दूरी तय करने में अब घंटों लग जाते हैं, सड़क जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। बैठक में सर्वसम्मति से मोहम्मद अशरफ अंसारी को अध्यक्ष, राजकुमार गिरी को सचिव और शमीम अंसारी को कोषाध्यक्ष चुना गया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदुश अंसारी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, शमीम अंसारी, अशरफ अंसारी, रियाज अंसारी, कृष्णा जय पांडेय, संजय लामा, सुरेंद्र राणा, दीपक कुमार, शेर मोहम्मद, प्रदीप पांडेय, संतोष राम, सहदेव पासवान समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

भटोत्तर में काली आराधना की गूंज : श्रद्धा, इतिहास और आस्था का अनूठा संगम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बड़हरा कोठी /पूर्णिया। प्रखंड के भटोत्तर गांव में दीपावली की रातें महज रोशनी का उत्सव नहीं होतीं — यहां यह पर्व माँ श्यामा की भक्ति और लोक आस्था के अद्भुत संगम में परिवर्तित हो जाता है। इस वर्ष भी भटोत्तर की धरती पर माँ काली की आराधना को लेकर तैयारियां चरम पर हैं। मंदिर प्रांगण में कलकत्ता से आए मूर्तिकार दिन-रात जुटे हुए हैं, तो दूसरी ओर श्रद्धालु जन अपने हृदय में भक्ति की दीपशिखा जलाए प्रतीक्षा में हैं — उस क्षण की, जब माँ श्यामा की प्रतिमा के सम्मुख घंटों और शंखनाद की गूंज वातावरण को पवित्र कर देगी।

भटोत्तर, पूर्णिया जिले का वह गांव है जहाँ आस्था की यह परंपरा कोई आज की नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही है। यह वही भूमि है जहाँ कभी बड़हरा दुर्गा स्थान पर काली की पूजा हुआ करती थी। उस समय जमींदारी प्रथा का दौर था और गांव के प्रतापी जमींदार बाबू रामभज्जू सिंह माता काली के अनन्य भक्त माने जाते थे। काली पूजा के अवसर पर वे स्वयं भैंसा लेकर बड़हरा पहुँचते थे, जहाँ बलि चढ़ाई जाती थी। किंतु एक वर्ष जब पूजा के दिन अचानक आंधी-तूफान उठा, तो किसी अनहोनी की आशंका से बलि टाल दी गई। तभी चमत्कार हुआ — वह भैंसा बड़हरा से निकलकर स्वयमेव वर्तमान भटोत्तर के जिस स्थान पर आज मंदिर खड़ा है, वहाँ जाकर बैठ गया। श्रद्धालुओं ने देखा कि उसके आगे मिट्टी की एक पिंडी स्वयं बन गई थी — यही माँ श्यामा की साक्षात उपस्थिति मानी गई। तब से भटोत्तर में माँ श्यामा की स्थापना हुई, और हर वर्ष दीपावली के बाद दो दिवसीय मेला आयोजित किया जाने लगा।

विद्यार्थी परिषद की ओर से युवा मतदाता सम्मेलन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कटिहार। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कटिहार पश्चिम इकाई की ओर से युवा मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय शारीरिक प्रमुख मनोज जी ने कहा कि युवा शक्ति ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। जब युवा अपने मताधिकार का सही उपयोग करते हैं, तभी देश मजबूत बनता है। मत देना केवल अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का पवित्र कर्तव्य है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में राष्ट्रभावना और जिम्मेदारी का संस्कार जगाना है, ताकि ऐसे युवा तैयार हो, जो देश और समाज दोनों के प्रति सजग और समर्पित रहें। इस मौके पर प्रांत सह मंत्री विनय सिंह ने कहा कि यदि युवा मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भाग लेंगे, तभी देश की नीतियां युवाओं के हित में बनेंगी। छात्राओं को भी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने और अन्य युवतियों को इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। युवाओं से अपील की कि वे जाति, धर्म या क्षेत्र से ऊपर उठकर राष्ट्रहित और विकास के आधार पर मतदान करें।इस मौके पर विभाग प्रमुख आभा मिश्रा ने कहा कि विकसित बिहार के माध्यम से ही विकसित भारत का निर्माण संभव है। इसीलिए आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में प्रथम बार मत देने वाले मतदाताओं को यह निर्णय लेना है कि वह राज्य की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा की चिंता करने वाले का हाथ मजबूत करेंगे या बिहारी को गाली दिलवाने वाले का हाथ मजबूत करेंगे। इस मौके पर प्रवास में आए प्रांत सह मंत्री समीक्षा यदुवंशी ने कहा कि आज का बिहार अपने पैरों पर खड़ा होने का प्रयास कर रहा है। प्रथम बार मत देने वाले मतदाता बिहार को पुनः उसे दौर में नहीं ले जाएंगे, जहां आईएएस आईपीएस की पत्नी भी सुरक्षित नहीं थी। विद्यालय के नाम पर चरवाहा स्कूल चलते थे, गड्ढे में सड़कें होती थी,अस्पतालों में कुत्ते भोंकते थे। आज मेडिकल-आईटीआई कॉलेज खुला है। इसलिए हम सभी राज्य को सशक्त एवं समर्थ बनाने वाले के पक्ष में मतदान करेंगे।आज की युवा पीढ़ी संघ विचार में पल और बढ़ रही है। इसलिए उनके अंदर राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र प्रथम की भावना होती है। इसी कारण वे चुनाव में राष्ट्र निर्माण की शक्ति के लिए कार्य करते हैं।आज की युवा पीढ़ी संघ विचार में पल और बढ़ रही है। इसलिए उनके अंदर राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र प्रथम की भावना होती है। इसी कारण वे चुनाव में राष्ट्र निर्माण की शक्ति के लिए कार्य करते हैं। विभाग संयोजक आलोक कुमार ने कहा कि आज भी विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए प्रत्येक विधानसभा में गांव-गांव जाकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं।

विधायक विजय खेमका ने व्यक्त किया शोक, कहा, 'दुःख की इस घड़ी में पूरा एनडीए परिवार साथ'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पूर्णिया। पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र के ईस्ट ब्लॉक अंतर्गत रामपुर पंचायत निवासी दिलीप साह के सुपुत्र की सड़क दुर्घटना में हुई असामयिक मृत्यु पर सदर विधायक विजय खेमका ने गहरा शोक व्यक्त किया।

विधायक खेमका ने मृतक के घर पहुंचकर शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि ह्यह परिवारिक क्षति अपूरणीय है, इस कठिन समय में पूरा एनडीए परिवार पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है।ह्शोक संवेदना प्रकट करने के उपरांत विधायक विजय खेमका रामपुर नया टोला पहुंचे, जहां उन्होंने वरिष्ठ समाजसेवी श्री अयोध्या प्रसाद दास से मिलकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।इसके बाद उन्होंने नया



टोला और मझेलि क्षेत्रों में आमजन से मुलाकात की, लोगों से संवाद किया तथा आगामी विधानसभा चुनाव में कमल फूल को भारी मतों से विजयी बनाने का आशीर्वाद मांगा।

इस अवसर पर समाजसेवी अनिल साह, धनंजय भगत, डब्बू भगत, मुखिया निरंजन उड़ाव, अंगद मंडल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

मतदाता जागरूकता के रंग में रंगी परोरा- रैली, मेंहदी प्रतियोगिता व नुक्कड़ नाटक से दिया संदेश

केनगर /पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से केनगर प्रखंड के परोरा पंचायत के आदर्श मध्य विद्यालय परोरा स्थित बूथ संख्या-327 तथा काझा पंचायत के हरिपुर मुसहरी गाँव स्थित बूथ संख्या-295 पर शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली, मेंहदी प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

वाहन जांच के दौरान पांच लाख नगद व तीन किलो चांदी बरामद

कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिला के रौतारा थाना क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के दौरान सघन वाहन जाँच के क्रम में 5,00,700/- पाँच लाख सात सौ रूपया नगद राशि एवं 3 किलो 120 ग्राम चाँदी बरामद किया गया है।

विगत रात्री में बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता के अनुपालन एवं विधी-व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस अधीक्षक कटिहार के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो में निरंतर सघन वाहन जाँच कि जा रही है। इसी क्रम में रौतारा थाना क्षेत्रान्तर्गत टोल प्लाजा के पास से जांच टीम के द्वारा पाँच लाख सात सौ रूपया नगद एवं 3 किलो 120 ग्राम चाँदी बरामद किया गया। बरामद राशि के संबंध में जब उनसे वैध कागजात प्रमाण प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया, तो वे ना तो कोई दास्तावेज दिखा सके ना ही कोई संतोषजनक उत्तर दे पाए। तत्पश्चात बरामद नगद राशि एंव चाँदी को विधिसम्मत प्रक्रिया के अंतर्गत जब्ती सूची बनाकर जब्त किया गया।

बरकट्ठा में धूमधाम से हो रही है काली पूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरकट्ठा हजारीबाग। बरकट्ठा के बाजार रोड स्थित माता प्राचीन काली मंदिर परिसर में भव्य तरीके से मां काली की पूजा अर्चना हो रही है। अमावस्या के मध्य रात्रि में मां काली की विशेष पूजा आराधना होगी। मध्य रात्रि में ही बकरे की बलि दी जाएगी। दूसरे दिन पूजा अर्चना के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। काली पूजा को लेकर पूरे मंदिर परिसर को भव्य तरीके से साज सज्जा व लाइटिंग की गई है। पूजा को लेकर मां काली का भजन ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रसारित हो रहा है। इससे पूरा बरकट्ठा में भक्ति का माहौल बना हुआ है। लोग मां काली के गीत भजन सुनकर भक्ति की गंगा में डुबकी लगा रहे हैं। पूजा समिति के वीरेंद्र सोनी, महेंद्र प्रसाद, अध्यक्ष मोनू मंडल, सचिव बिट्टू मोदी, उपाध्यक्ष धीरज गुप्ता, उपसचिव बजरंग साव, कोषाध्यक्ष मुकेश मंडल, उपकोषाध्यक्ष अजय राणा, मंदिर व्यवस्था प्रमुख सचिन यादव, महेंद्र प्रसाद, रामचन्द्र चौधरी, मथुरा सोनी, उमेश सोनी, अशोक गुप्ता, विजय यादव, सूरज मोदी, नरेश मंडल, निरंजन सोनी, सुनील मोदी, महेश प्रसाद, संजय गुप्ता, राहुल गुप्ता, सुरेश राम, विमलेश गुप्ता, प्रदीप सिंह, पप्पू सोनी, पुजारी आनंद पांडेय, सुजीत विश्वकर्मा, प्रकाश ठाकुर, उमेश ठाकुर, विक्की मंडल, अखिलेश कुमार, कृष्णा प्रसाद, उपेंद्र सिंह, बिट्टू समेत पूजा को सफल बनाने में जुटे हैं।

'जमुनियातरी में सड़क, बिजली और पानी की समस्या विधानसभा में उठाऊंगा' : विधायक मनोज यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ विधायक ने शोकसंतप्त परिवार को दी संवेदना, जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल और मिठाई



चौपारण (हजारीबाग)। प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र जमुनियातरी में हाल ही में बिरहोर समुदाय की छात्रा सरस्वती कुमारी के आकस्मिक निधन के पांचवें दिन बरही विधायक मनोज कुमार यादव गांव पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और परिवार को आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

विधायक यादव ने इस अवसर पर क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों के बीच कंबल और मिठाई का वितरण कर दीपावली की खुशियां साझा कीं।

गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव की समस्या रखी। ग्रामीणों की बात सुनने के बाद विधायक मनोज यादव ने आश्वासन दिया कि, 'जमुनियातरी की समस्या गंभीर है। मैं आगामी विधानसभा सत्र में यहां की सड़क, बिजली और पेयजल व्यवस्था का मुद्दा मजबूती से उठाऊंगा।' ज्ञात हो कि जमुनियातरी आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय का निवास क्षेत्र है। यहां के लोगों को आज भी कोई पक्का सड़क मार्ग नहीं है। विधायक मनोज यादव बाइक से कठिन रास्तों को पार कर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जमुनियातरी पहुंचे, जिससे ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। मौके पर भाजपा नेता रामस्वरूप पासवान, पूर्व मुखिया सुखदेव पासवान, मुखिया प्रतिनिधि बैजनाथ गंझू, राजकुमार यादव, कृष्णा पासवान, परमेश्वर यादव, रामबृक्ष यादव, प्रभात यादव, रंजीत प्रजापति, बंशी यादव, शिक्षक जग्गू यादव, सन्नी पासवान, शत्रुधन पासवान, समेत बिरहोर समुदाय के महेश बिरहोर, ब्रह्मदेव बिरहोर, विजय बिरहोर और शंकर बिरहोर सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

बिहार की तर्ज पर झारखंड में चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को प्रोन्नति देने की मांग तेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड के सरकारी कार्यालयों में कार्यरत चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी में प्रोन्नति देने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ ने केंद्र सरकार के निर्णय और बिहार सरकार के मॉडल को आधार बनाते हुए राज्य सरकार से जल्द निर्णय लेने की मांग की है।

महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि झारखंड राज्य गठन के बाद से आज तक किसी भी चतुर्थवर्गीय कर्मचारी को प्रोन्नति नहीं दी गई है। केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार अब चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की



नई नियुक्तियां सरकारी कार्यालयों में नहीं की जाएंगी। ऐसे में पूर्व से कार्यरत कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी में प्रोन्नति देना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि हाल ही में महासंघ के एक शिष्टमंडल ने सरकार से इस संबंध में मांग भी की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य स्थापना दिवस (15 नवंबर) के अवसर पर सरकार इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाएगी।

30 हजार कर्मचारियों को प्रोन्नति का इंतजार

राज्य के विभिन्न सरकारी कार्यालयों — सचिवालय से लेकर जिला और प्रखंड स्तर तक — में करीब 30,000 चतुर्थवर्गीय कर्मचारी कार्यरत हैं। बिहार सरकार ने इस दिशा में पहल करते हुए सभी चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी में समायोजित कर कार्यालय एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट पद पर पदस्थापित किया है। वहीं, झारखंड में नियमावली में विसंगतियों के कारण प्रोन्नति की प्रक्रिया वर्षों से लंबित है। इस कारण न केवल कर्मचारियों, बल्कि उनके परिजनों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। असामयिक निधन की स्थिति में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति में इंटरमीडिएट तक की शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य कर दी गई है, जिससे कई मामलों में नियुक्तियां अटक रही हैं। कर्मचारी संगठनों ने सरकार से सभी नियमगत विसंगतियों को दूर कर बिहार की तर्ज पर तृतीय श्रेणी में प्रोन्नति देने की मांग की है, ताकि वर्षों से लंबित यह मामला शीघ्र सुलझ सके।

आरा में खुला प्यूमा और लिवाइस का शो-रुम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। आरा नगर के आरा-सासाराम रोड जीरो माइल के समीप प्यूमा और लिवाइस का शो-रूम रविवार को खुला। जिसका उद्घाटन भाजपा नेता रामदिनेश यादव एवं तरारी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कौशल विद्यार्थी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस मौके पर शो-रूम संचालक उमेश दुबे ने कहा कि आज से हमारे आरा शहर में भी प्यूमा और लिवाइस का सामान उपलब्ध मिलेगा। वो सस्ते दर से ग्राहको दिया जाएगा। दिवाली एवं महापर्व छठ को देखते हुए ग्राहको को 50 प्रतिशत का छूट भी दिया जाएगा। पहले दिन मौजूद ने समान खरीदकर इसका लाभ लिया। इस दौरान दोनों अतिथियों के द्वारा शो-रूम संचालक को भविष्य के लिए शुभकामना भी दी गयी। इस मौके पर भाजपा प्रवक्ता संतोष तिवारी, कंचन देवी, अनन्या, अनुष्का, अविरुद्ध, संतोष दुबे, कृष्णकांत दुबे उर्फ क्रांति, समीर कुमार, नारायण दत तिवारी समेत भारी संख्या में ग्राहको की भीड़ मौजूद थी।

झारखंड में मौसम का बदलेगा मिजाज छठ से पहले बारिश का अलर्ट जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



रांची। दीपावली और छठ पर्व के बीच झारखंड का मौसम बदल सकता है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश से त्योहारों के दौरान खलल पड़ सकता है।

20 अक्तूबर को बादल और हल्की बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार 20 अक्तूबर को झारखंड के दक्षिणी और पश्चिमी जिलों में आसमान में बादल छाए रहेंगे। कुछ जगहों पर मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश भी हो सकती है।

21 से 23 अक्तूबर तक कोहरा और धुंध

अगले तीन दिनों यानी 21 से 23 अक्तूबर तक कई जिलों में सुबह के समय कोहरा और धुंध छाए रहने की संभावना है। हालांकि कुछ समय बाद मौसम साफ हो जाएगा। इस दौरान न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है।

24 अक्तूबर से बनेगा सिस्टम, छठ पर पड़ेगा असर

मौसम विभाग ने बताया कि अंडमान सागर और दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी पर चक्रवाती हवा का क्षेत्र बना हुआ है। इसके असर से 24 अक्तूबर को बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र (लो प्रेशर) बनने की संभावना है। यह सिस्टम पश्चिम-उत्तर दिशा की ओर बढ़ेगा और तेज हो सकता है।

छठ के दौरान बारिश और ठंड की आशंका

विशेषज्ञों के अनुसार 25 अक्तूबर के बाद इसका असर झारखंड में दिखने लगेगा। छठ पर्व के आसपास राज्य के कई जिलों में बारिश हो सकती है। इससे मौसम में ठंडक बढ़ेगी और तापमान में गिरावट आने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है और त्योहारों के दौरान मौसम की ताजा अपडेट पर नजर रखने की अपील की है।

छठ से पहले तैयार रांची के घाट, सफाई से लेकर चेंजिंग रूम तक की विशेष व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। छठ महापर्व 27 अक्तूबर को मनाया जाएगा। इस मौके पर रांची के विभिन्न जलाशयों और तालाबों में हजारों की संख्या में व्रती अर्घ्य अर्पित करने पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए रांची नगर निगम ने विशेष तैयारी की है। पिछले 15 दिनों से शहर के छठ घाटों पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। लगभग 300 मजदूरों की टीम तालाबों की गहन सफाई में जुटी है। घाटों की रंगाई-पुताई की जा रही है और सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव प्रतिदिन तीन से चार घाटों का निरीक्षण कर रहे हैं। निगम के अनुसार दीपावली से पहले ही अधिकांश घाट श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार हो चुके हैं। अब निगम का फोकस इन घाटों की स्वच्छता और स्थिति बनाए रखने पर है।

सभी घाटों पर विसर्जन कुंड का निर्माण

काली पूजा के बाद बड़ी संख्या में प्रतिमाओं और पूजन सामग्रियों का विसर्जन जलाशयों में किया जाता है। जलाशयों को गंदगी से बचाने के लिए नगर निगम ने सभी तालाबों में अलग-अलग विसर्जन कुंड बनाए हैं। निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे पूजा सामग्री को सीधे जलाशयों में न फेंकें, बल्कि निर्धारित विसर्जन कुंड में ही डालें, ताकि सफाई कार्य में आसानी हो।

दीपावली के बाद अंतिम चरण की तैयारी


दीपावली के बाद नगर निगम द्वारा छठ घाटों की सफाई को अंतिम रूप दिया जाएगा। सभी जलाशयों में पानी को स्वच्छ रखने के लिए फिटकरी डाली जाएगी। घाटों और पहुंच मार्गों पर प्रतिदिन ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाएगा। साथ ही सभी घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 700 से अधिक चेंजिंग रूम बनाए जा रहे हैं।

सरकारी अस्पतालों की बजाय निजी अस्पतालों को दी जा रही सेवाएं

एम्बुलेंस सेवा पर उठे सवालः चालक ने वरीय अधिकारियों पर लगाया दबाव का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। झारखंड की 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा, जिसे गंभीर रूप से बीमार मरीजों को सरकारी अस्पतालों तक निःशुल्क और सुरक्षित पहुंचाने के लिए शुरू किया गया था, अब सवालों के घेरे में है। धनबाद में एक एम्बुलेंस चालक ने अपने ही वरीय अधिकारियों पर सरकारी नियमों का उल्लंघन कर निजी अस्पतालों को प्राथमिकता देने का गंभीर आरोप लगाया है।



चालक ने लगाया दबाव बनाने का आरोप

धनबाद के एसएनएमएमसीएच से एक गंभीर मरीज को लेने पहुंचे चालक सुमन कुमार को सेवा के वरीय अधिकारियों संजय और तौसिक ने फोन कर सरकारी अस्पताल की बजाय एक निजी अस्पताल जाने का आदेश दिया। चालक का कहना है कि उन्हें वहां से एक मरीज को रिम्स ले जाने के लिए दबाव डाला गया, जबकि 108 एम्बुलेंस सेवा का उद्देश्य केवल सरकारी अस्पतालों के बीच मरीजों को स्थानांतरित करना है। चालक सुमन कुमार और सनी कुमार ने इसे सरकारी नियमों का सीधा उल्लंघन बताया। उनका कहना है कि वरीय अधिकारी अक्सर इस तरह के निर्देश उच्च अधिकारियों के दबाव में देते हैं, जिससे एम्बुलेंस कर्मियों को असुविधा होती है और आम मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

विभागीय पक्षः गंभीर मरीज के लिए गई थी एम्बुलेंस

मामले पर सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि निजी अस्पताल में भर्ती मरीज की स्थिति नाजुक थी। 108 एम्बुलेंस वहां गई थी, लेकिन वेंटिलेटर सुविधा न होने के कारण वापस लौट आई। बाद में मरीज को निजी एम्बुलेंस से रिम्स भेजा गया। इस बीच, एसएनएमएमसीएच में भर्ती दूसरे मरीज को दूसरी 108 एम्बुलेंस से रेफरल अस्पताल भेजा गया।

108 एम्बुलेंस अधिकारी तौसिक ने कहा कि निजी अस्पतालों से मरीजों को लाने-ले जाने का भी प्रावधान है, हालांकि प्राथमिकता सरकारी अस्पतालों को ही दी जाती है। उन्होंने चालक पर आरोप लगाया कि वह अपना काम ठीक से नहीं करता और वेतन बकाया रहने के कारण आरोप लगा रहा है।

निगरानी प्रणाली और नियमों पर उठे सवाल

एसएनएमएमसीएच के वरीय प्रबंधक डॉ. सुमन कुमार ने बताया कि 108 एम्बुलेंस की मॉनिटरिंग एनआईसी सिस्टम से होती है। मरीज या परिजन की कॉल सीधे कंट्रोल रूम को जाती है और उसी के निर्देश पर एम्बुलेंस सरकारी अस्पतालों के लिए भेजी जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निजी अस्पतालों से मरीजों को ले जाने के लिए 108 एम्बुलेंस का उपयोग नियमों के खिलाफ है।

स्थानीय लोगों की चिंता

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि सरकारी एम्बुलेंसें निजी अस्पतालों में व्यस्त रहेंगी, तो गरीब और जरूरतमंद मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाएगी। यह मामला अब प्रशासनिक जांच के दायरे में है और सभी की निगाहें विभागीय कार्रवाई पर टिकी हैं।

हार्ड कॉपी जमा करने के लिए 24 अक्तूबर तक वक्त

जेयूटी समेत चार इंजीनियरिंग कॉलेजों में होगी नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (जेयूटी) सहित बोकारो, गोड्डा और पलामू के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर (आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक) की नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। इस प्रक्रिया में 373 अभ्यर्थियों ने निर्धारित तिथि 25 सितंबर 2025 तक आवेदन की हार्ड कॉपी जमा नहीं की थी, जिसके चलते उनके आवेदन रद्द होने की स्थिति बन गई थी।

ऐसे अभ्यर्थियों को एक और अवसर देते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने 24 अक्तूबर 2025 तक वांछित कागजात हाथों-हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा करने का निर्देश दिया है। निर्धारित तिथि तक दस्तावेज नहीं जमा करने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन स्वतः रद्द माने जाएंगे।

35 पदों पर होगी नियुक्ति

जेयूटी और तीनों इंजीनियरिंग कॉलेजों में कुल 35 नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की जानी है। इनमें बोकारो इंजीनियरिंग कॉलेज में 4, गोड्डा में 4, जेयूटी में 2 और पलामू इंजीनियरिंग कॉलेज में 25 पद शामिल हैं।

कॉलेजवार हार्ड कॉपी जमा न करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या

बोकारो इंजीनियरिंग कॉलेज – 53

पलामू इंजीनियरिंग कॉलेज – 90 (मैकेनिकल), 13 (कैमिस्ट्री), 54 (सिविल), 26 (सीएसई), 36 (ईईई), 05 (अंग्रेजी), 10 (जियोलॉजी), 20 (मैथ्स), 12 (फिजिक्स)

गोड्डा इंजीनियरिंग कॉलेज – 33


जेयूटी (डाटा साइंस) – 21

विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार के संशय की स्थिति में अभ्यर्थी रजिस्ट्रार को ई-मेल के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

रांची में दीपावली की रौनक चरम पर, बाजारों में दीयों और सजावटी सामानों की जमकर बिक्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

राची। राजधानी रांची में दीपावली को लेकर बाजारों में जबरदस्त चहल-पहल देखने को मिल रही है। दीपोत्सव के अवसर पर शहर की गलियां, चौक-चौराहे और बाजार रोशनी व रंगों से सराबोर हैं। लालपुर, अपर बाजार, मेन रोड, कांटाटोली, हरमू और हटिया चौक जैसे प्रमुख बाजारों में खरीदारी अपने चरम पर है। दुकानों में मिठाइयों की खुशबू, रंग-बिरंगी झालरों की चमक और भीड़भाड़ ने बाजार की रौनक को कई गुना बढ़ा दिया है।



पूजन सामग्रियों और सजावटी वस्तुओं की बढ़ी मांग

दीपावली के अवसर पर भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की पूजा की परंपरा के कारण बाजारों में पूजन सामग्री की बिक्री में खासा उछाल देखने को मिल रहा है। पूजा थाल, अगरबत्ती, कपूर, कलश, धूप और देवी-देवताओं की मूर्तियों के साथ-साथ मिट्टी के दीये, घरौंदा, करंज का तेल, मिट्टी के बर्तन, सजावटी लाइटें, तोरण, रंगोली और मोमबत्तियों की भारी मांग है।

घरौंदा और पारंपरिक दीयों की दुकानों पर भीड़

इस वर्ष सबसे ज्यादा भीड़ घरौंदा और पारंपरिक मिट्टी के दीयों की दुकानों पर नजर आ रही है। लालपुर चौक, अपर बाजार और कांटाटोली इलाके में कारीगरों ने अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया है। पारंपरिक दीयों के साथ-साथ डिजाइनर और रंगीन दीयों तथा बिजली से चलने वाले सजावटी दीयों की बिक्री भी खूब हो रही है। लोग अपनी पसंद के अनुसार सजावटी सामग्री खरीदने उमड़ रहे हैं।

कीमतों में वृद्धि, पर बिक्री बरकरार

विक्रेताओं के अनुसार, इस साल मिट्टी और तेल के दाम बढ़ने से दीयों की कीमतों में 20 से 25 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। पिछले साल जहां एक सैकड़ा दीयों की कीमत 120–130 रुपये थी, वहीं इस बार 150–200 रुपये तक पहुंच गई है। बारिश और मिट्टी की कमी के कारण लागत में बढ़ोतरी हुई है, जिसका सीधा असर बाजार पर पड़ा है। दीया विक्रेता रामेश्वर महतो ने बताया कि बारिश से कच्ची मिट्टी खराब हो गई थी, जिससे दीये बनाने में कठिनाई आई। परिवहन व तेल की बढ़ी लागत के बावजूद बिक्री अच्छी चल रही है। वहीं खरीदारों का कहना है कि कीमत बढ़ने के बावजूद पारंपरिक दीयों से दीपावली मनाने का आनंद ही अलग है। खरीदार रेखा देवी ने कहा, "कारीगर मेहनत से दीये बनाते हैं। महंगाई तो हर साल बढ़ती है, पर मिट्टी के दीयों के बिना दीपावली अधूरी लगती है।"

स्थानीय कारीगरों को मिला सहारा

दीपावली के अवसर पर स्थानीय कुम्हारों और कारीगरों को रोजगार का बड़ा अवसर मिला है। ग्रामीण इलाकों से आए कारीगर अपने हाथों से बने पारंपरिक दीये और घरौंदे बेच रहे हैं। महिला स्वयं सहायता समूह भी सजावटी दीये और हस्तनिर्मित सामग्री बेचकर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं।

रोशनी से जगमग राजधानी

शहर के बाजारों, चौक-चौराहों और गलियों को झालरों व लाइटों से सजाया गया है। नगर निगम ने प्रमुख सड़कों पर विशेष प्रकाश व्यवस्था की है, वहीं लोगों ने अपने घरों और दुकानों को आकर्षक तरीके से सजाया है। रांची दीपावली की जगमग रोशनी और पारंपरिक रंग में सराबोर है।

बिजली विभाग का अजब कारनामा ! बिना कनेक्शन के ही गरीब किसान पर 20 हजार का जुर्माना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

देवघर। झारखंड के देवघर में बिजली विभाग की लापरवाही का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सारवां प्रखंड के केंदुआटांड़ पंचायत स्थित जियाखारा गांव में एक गरीब किसान पर बिना बिजली कनेक्शन के ही लगभग 20 हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया गया है। विभाग ने उस पर बिजली चोरी का आरोप लगाते हुए एफआईआर तक दर्ज करा दी है।



बिना मीटर–बिना कनेक्शन, फिर भी **बिजली चोरी का आरोप**

ग्रामीण रंजीत यादव के घर न तो बिजली का मीटर लगा है और न ही कोई कनेक्शन है। इसके बावजूद विभाग ने उन पर बिजली चोरी का आरोप लगाया है। रंजीत यादव पिछले कई दिनों से बिजली विभाग के दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अधिकारी उनकी शिकायत सुनने के बजाय हर बार उन्हें टरका रहे हैं।

जनप्रतिनिधियों ने की कार्रवाई की निंदा

मामले की जानकारी मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी बिजली विभाग की मनमानी पर सवाल उठाए हैं। जिला पार्षद जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह से अनुचित है और इसे तत्काल रद्द किया जाना चाहिए। उन्होंने विभाग से पीड़ित किसान को न्याय देने की मांग की।

जांच कमेटी गठित, गलती साबित होने पर एफआईआर होगी वापस

इस मामले में मधुपुर विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता रोहित कुमार ने स्वीकार किया कि मामला गलतफहमी का प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि जीएम स्तर से जांच कमेटी गठित की गई है। यदि जांच में रंजीत यादव निर्दोष पाए जाते हैं, तो संबंधित सहायक अभियंता को एफआईआर वापस लेनी होगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

लोगों में विभाग की कार्यशैली को लेकर नाराजगी

बिजली विभाग की इस कार्रवाई की चर्चा पूरे जिले में हो रही है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब न बिजली आई, न कनेक्शन है, तो चोरी का आरोप कैसे लग गया? ग्रामीणों का कहना है कि यह विभाग की लापरवाही और मनमानी का स्पष्ट उदाहरण है। अब सबकी निगाहें जांच रिपोर्ट और विभागीय कार्रवाई पर टिकी हैं।

आज धूमधाम से मनाई जाएगी दीपावली

30 रुपये से तीन हजार के पटाखों की हुई खरीद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। जिले में दीपावली की धूम है। सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट है। मंदिरों में विशेष पूजा होगी, जिसका शुभ मुहूर्त शाम 7:08 से 8:10 तक है। बाजारों में पटाखों और दीयों की खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है। सुरक्षा के लिए जवानों को तैनात किया गया है। ग्रीन पटाखों की मांग बढ़ रही है। प्रशासन प्रदूषण रहित दीपावली मनाने की अपील कर रहा है। बाजार में लगाए गए पटाखों की स्टॉल पर 30 रुपये से तीन हजार रुपये तक पटाखों की ग्राहक खरीदारी करने में जुटे हैं। दीपावली पर्व को लेकर रविवार को भी बाजारों में ग्राहकों की रौनक रही। सुबह से शाम तक ग्राहक बाजारों से सामान की खरीदारी करते हुए नजर आए। वहीं धनतेरस के बाद भी ज्वेलर्स, वाहन, बर्तन, कपड़ों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखने को मिली। दीपावली पर्व पर घर को दीयों से सजाने के लिए जगह-जगह पर ग्राहक खरीदारी करते हुए नजर



आए। वहीं सुरक्षा को लेकर भी बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनाती की गई है। शहर के अलग-अलग चौक चौराहों पर पुलिस जवानों की ड्यूटियां लगाई गई है। ताकि कोई भी शरारती तत्व उत्पात न मचाए और शांतिपूर्वक तरीके से आमजन दीपावली त्योहार मनाएं। पटाखा दुकानदार प्रदीप कुमार, छोटू कुमार ने बताया कि बीते वर्ष से 15 फीसदी अधिक खरीदारी करने में लगे हुए हैं।

जाम की स्थिति से निपटने के बाजारों में लगाया अतिरिक्त पुलिस

दीपावली पर्व पर बाजारों में खरीदारी करने के लिए ग्राहक पहुंच रहे हैं। इसके चलते बाजारों में स्थिति को सुधारने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भी लगाया हुआ है। हालांकि शाम के समय भीड़ अधिक होने के कारण जाम की स्थिति भी बन रही है। जिला प्रशासन और समाजसेवी भी आमजन को प्रदूषण रहित दीपावली मनाने की अपील कर रहे है।

सड़क बदहाल होने से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। नबीनगर प्रखंड मुख्यालय के अनेक मार्ग की हालत जर्जर है। अभी भी मार्ग में कच्ची सड़क होने से सफर करने में ग्रामीण जनों को बेहद ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नबीनगर प्रखंड कार्यालय से वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय होते हुए साया गांव तक जाने वाली सड़क आज भी कच्ची है। सड़क की लंबाई लगभग दो किलोमीटर है। इन दिनों यह सड़क चलने लायक नहीं है। ग्रामीण पिंटू सिंह, अभय सिंह सहित बताते हैं कि कच्चे मार्ग से सफर करने के लिए हर मोड़ पर परेशानी होती है। इस सड़क के निर्माण होने से नवीनगर शहर को जाम से निजात मिल सकता है। बता दें कि इस सड़क से होकर प्रतिदिन सैंकड़ों छात्र-छात्राओं का आना जाना वीर कुंवर सिह महाविद्यालय लगा रहता है। सड़क के निर्माण नहीं होने से सबसे अधिक परेशानी लोगों बारिश के दिनों में होता है। इस सड़क से दर्जनों गांव के ग्रामीणों का आवागमन होता रहता है। रात्रि के दौरान उक्त मार्ग से दो पहिया वाहन चलाना जोखिम से कम नहीं है जबकि आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि कच्चे रास्ते से सफर करने के दौरान उन्हें रात्रि में बेहद ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालक अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो रहे है। बताया जाता है कि उक्त मार्ग पर पूरी तरह से अंधकार पसरा रहता है। ऐसी स्थिति में जगह-जगह उभर आए गड्ढों के कारण वाहन चालक अनियंत्रित हो जाते है और वे हादसे का शिकार हो जाते है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे अर्से से सड़क कच्ची है। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं जा रहा है। ग्रामीणों ने सड़क की जल्द से जल्द निर्माण कराने की मांग की है।

पावापुरी महोत्सव 2025 का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने पावापुरी महोत्सव 2025 का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर को निर्वाण (मोक्ष देहावसान) पावापुरी में 527 ईसा पूर्व में कार्तिक मास की कृष्णपक्ष की अमावस्या को हुआ था। पिछले 2550 वर्षों से भगवान महावीर का यह महोत्सव जैन धर्मावलम्बियों द्वारा मनाया जाता रहा है। जैन समाज उनके मोक्ष दिवस को दीपावली के अवसर पर धूमधाम से मनाते है। भगवान महावीर के 2551वें निर्वाण दिवस इस वर्ष मनाया जा रहा है। भगवान महावीर जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर थे। भगवान महावीर का जन्म करीब ढाई हजार वर्ष पहले (ईसा से 599 वर्ष पूर्व), वैशाली गणराज्य के कुण्डग्राम में वज्जि संघ के ज्ञातृक कुल के प्रधान परिवार में हुआ था। कुण्डग्राम भी नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड के कुण्डलवन ग्राम में अवस्थित है। तीस वर्ष की आयु में महावीर ने



संसार से विरक्त होकर राज वैभव त्याग दिया और संन्यास धारण कर लोककल्याण के पथ पर निकल गये। 72 वर्ष की आयु में उन्हें पावापुरी से मोक्ष की प्राप्ति हुई। इस दौरान महावीर स्वामी के कई अनुयायी बने जिसमें उस समय के प्रमुख राजा बिम्बिसार, कुणिक और चेटक भी शामिल थे। जैन समाज द्वारा महावीर स्वामी के जन्मदिन को महावीर जयंती तथा उनके मोक्ष दिवस को दीपावली के रूप में धूम धाम से मनाया जाता है। भगवान महावीर ने "जिओ और जीने दो" का उपदेश दिया, जिसे हम सभी को आत्मसात करने की जरूरत है। इसी सूत्र के सहारे मानव जाति का कल्याण संभव है। पावापुरी महोत्सव स्थल के बगल में स्थित जल मंदिर में कार्तिक कृष्ण पक्ष की अमावस की प्रत्यूष बेला में भगवान महावीर ने मोक्ष को प्राप्त किया। इसी दिन से मानव जगत में भगवान महावीर का निर्वाण महोत्सव मनाया गया जिसे हम सभी प्रत्येक वर्ष पावापुरी महोत्सव के रूप में मनाते है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि चुनाव महापर्व बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में ज्यादा से ज्यादा मतदाता घर से बाहर निकल कर मतदान दिवस 6 नवंबर 2025 को अपना मतदान अवश्य करें। स्वीप गतिविधि के तहत उन्होंने हस्ताक्षर अभियान चलाकर आम मतदाता को 6 नवंबर 2025 को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 19-10-2025 21:58 Page 1

तेज प्रताप पर आचार संहिता उल्लंघन की प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह महुआ विधानसभा के प्रत्याशी तेज प्रताप यादव पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में अंचलाधिकारी महुआ ने महुआ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है तेज प्रताप यादव की नामांकन के दौरान एक बोलेरो गाड़ी पर पुलिस का लोगो और नीला एवं लाल रंग का लाइट लगा हुआ, जो रैली के आगे एस्कॉर्ट करते हुए दिखाई दिया।

चुनाव के दौरान पुलिस गाड़ी से एस्कॉर्ट किया जाना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताया गया है। वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने के बाद पुलिस प्रशासन के द्वारा संज्ञान लेते हुए महुआ थाने में तेज प्रताप के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

यह जानकारी एसपी ललित मोहन शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि तेज प्रताप यादव के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में महुआ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

महुआ अंचलाधिकारी मनी कुमार वर्मा ने महुआ थाने में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि तेज प्रताप यादव जन शक्ति जनता दल से बिहार विधानसभा चुनाव में 126 महुआ विधान सभा क्षेत्र से प्रत्याशी है।

जिनका नामांकन कार्यक्रम निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी महुआ के कार्यालय में बीते 16 अक्टूबर को प्रस्तावित था। उनके नामांकन कार्यक्रम के समय का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। प्रसारित वीडियों में देखा गया कि एक उजले रंग का बोलेरो गाड़ी जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर बीआर 03अफा 820, जिसके उपर पुलिस हुटर नीला एवं लाल रंग का लाइट लगा हुआ था। जो रैली के आगें आगे स्कॉट करते हुए दिखाई दिया गया है। चूंकि चुनाव जैसे समय में पुलिस गाड़ी से स्कॉट किया जाना आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है।

आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन को लेकर जन शक्ति जनता दल के प्रत्याशी तेज प्रताप यादव के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता-2023 के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत प्राथमिकी की गई है। गौरतलब हो कि उजाला रंग के बोलोरो गाड़ी में पुलिस लिखा हुआ और पीछे से तेज प्रताप यादव की पार्टी का झंडा लिए प्रचार करने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हुआ।

यूके से लौटी पुष्पम प्रिया चौधरी, लड़ेंगी चुनाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार चुनाव में कई नेता ऐसे हैं, जो राजनीति में बदलाव चाहते हैं। इन्हीं में से एक हैं पुष्पम प्रिया। एक पूर्व विधायक की बेटी यूके से लौटकर बिहार के पारंपरिक राजनीतिक परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव लाना चाहती है। 2020 में 'द प्लुरल्स पार्टी' की स्थापना करने वाली पुष्पम प्रिया चौधरी राज्य को धर्म और जाति की सीमाओं से ऊपर उठकर राजनीति के एक नए रूप से परिचित कराना चाहती हैं।

विदेश में पढ़ाई करने वाली युवा नेता 2025 के बिहार विधानसभा चुनावों में नई ऊर्जा लेकर आ रही हैं और बदलाव के अपने विचारों से लोगों को जोड़ने की कोशिश कर रही हैं। वह दरभंगा से चुनाव लड़ रही हैं। पिछले 2020 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने एक बड़ी घोषणा के साथ राजनीति में एंट्री ली। केवल काले परिधान और मास्क में दिखाई देने वाली, उन्होंने अपनी प्रतिज्ञा दोहराई है कि वह चुनाव जीतने के बाद ही अपना मास्क उतारेंगी। पुष्पम प्रिया दरभंगा से जदयू के पूर्व विधायक विनोद कुमार चौधरी की बेटी हैं। उनके दादा, प्रोफेसर उमाकांत चौधरी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी सहयोगी और समता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक थे।

उनके चाचा, विनय कुमार चौधरी, जदयू नेता हैं, जिन्होंने 2020 के विधानसभा चुनाव में बेनीपुर से जीत हासिल की थी। 13 जून 1987 को जन्मी पुष्पम प्रिया ने अपनी स्कूली शिक्षा दरभंगा में पूरी की और फिर स्नातक की पढ़ाई के लिए पुणे चली गईं। इसके बाद उन्होंने ब्रिटेन में उच्च शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने 2019 में ससेक्स विश्वविद्यालय से विकास अध्ययन में और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से लोक प्रशासन में मास्टर्स किया। राजनीति में आने से पहले, उन्होंने बिहार सरकार के पर्यटन और स्वास्थ्य विभागों में सलाहकार के रूप में काम कर चुकी हैं।

औरंगागाद जिला जदयू में भूचाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले जनता दल (यू) को बड़ा झटका लगा है। पार्टी की पूरी औरंगाबाद जिला कमेटी ने अपने पदों से सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। इस कदम से जिले में जदयू संगठन में भूचाल आ गया है। पार्टी ने संभावित नुकसान की भरपाई के लिए तत्काल प्रभाव से पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह को कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

इस्तीफे के बाद पूर्व जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने रविवार को प्रेसवार्ता कर बताया कि रफीगंज विधानसभा सीट से पार्टी ने जिस व्यक्ति को प्रत्याशी बनाया है, वह जदयू का प्राथमिक सदस्य तक नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी जदयू के किसी पुराने नेता को या एनडीए के किसी घटक दल के नेता को टिकट देती, तो कार्यकताओं को कोई आपत्ति नहीं होती। लेकिन पार्टी के इस फैसले से कार्यकताओं की भावनाएं आहत हुई हैं। इसी कारण मेरे समेत पूरी जिला कमिटी ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है।अशोक सिंह ने स्पष्ट किया कि उन्होंने पद से इस्तीफा दिया है, पार्टी से नहीं। वे रफीगंज विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर जिले की बाकी पांचों विधानसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम करते रहेंगे।

अशोक सिंह ने कहा कि 2009 में जब मैंने अपने पिता और पूर्व विधायक रामाधार सिंह की मौजूदगी में जदयू ज्वाइन किया था, तब उन्होंने नीतीश कुमार को आश्वासन दिया था कि उनका बेटा जीवनभर उनके साथ रहेगा। मैं आज भी उस वचन पर कायम हूं और शमशान घाट तक नीतीश कुमार के साथ रहूंगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें बहुत कुछ दिया है। 2010 और 2015 में टिकट देकर विधायक बनाया और 2020 में भी उम्मीदवार बनाया। दुर्भाग्य से 2020 में उसी उम्मीदवार के कारण मेरी हार हुई जिसे अब पार्टी ने टिकट दे दिया है।

अशोक सिंह ने बिना नाम लिए रफीगंज से जदयू प्रत्याशी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति ने पार्टी का झंडा फूंका, नीतीश कुमार को गाली दी, वही आज प्रत्याशी बना दिया गया। यह कार्यकर्ताओं को मंजूर नहीं। उनकी भावनाएं आहत हुई हैं, इसलिए सबने इस्तीफा दिया है।

पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने पार्टी संगठन को घर-घर तक पहुंचाया, गुटबाजी को समाप्त किया और पूरे जिले में हर बूथ पर बीएलए-2 की नियुक्ति कराई। उन्होंने कहा कि पद से इस्तीफा देने के बाद भी मैं पार्टी के लिए समर्पित हूं और रफीगंज को छोड़कर अन्य सभी क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों को जिताने के लिए काम करूंगा।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रफीगंज से जदयू प्रत्याशी बनने के बाद वह व्यक्ति सामान्य शिष्टाचार तक भूल गए। जिला अध्यक्ष होने के नाते कम से कम फोन पर तो बात करनी चाहिए थी, लेकिन उन्होंने ऐसा भी नहीं किया। उन्होंने संगठन के किसी पदाधिकारी से बात किए बिना ही सीधे नामांकन कर दिया। प्रदेश कमिटी ने पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह को कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि रूठों को मनाना और संगठन को आगे बढ़ाना मेरी जिम्मेदारी होगी। जरूरत पड़ी तो नए-पुराने सभी कार्यकताओं को जिम्मेदारी देकर संगठन को मजबूती देंगे। रफीगंज से जदयू प्रत्याशी बने प्रमोद सिंह ने कहा कि अशोक सिंह मेरे छोटे भाई हैं। वे मान जाएंगे।

पानी टंकी गिरने से दो बच्चों की मौत

तीन अन्य घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोड्डा। जिले में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में पहाड़िया जनजातीय समूह के दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य बच्चे घायल हो गए। ये सभी बच्चे एक पानी की टंकी के नीचे नहा रहे थे, तभी अचानक कंक्रीट की बनी टंकी टूटकर उनके ऊपर गिर गई। यह घटना सुंदर पहाड़ी थाना क्षेत्र के दाहुबेड़ा गांव में हुई।

अधिकारियों के अनुसार, सभी पांचों बच्चे जिनकी उम्र 5 से 9 वर्ष के बीच थी, को गोड्डा के सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो बच्चों को मृत घोषित कर दिया।

गोड्डा की उपायुक्त अंजलि यादव ने बताया कि एक बच्चे की हालत गंभीर है और उसे बेहतर इलाज के लिए बिहार के भागलपुर स्थित अस्पताल रेफर किया गया है।

नहा रहे थे बच्चे



उन्होंने कहा कि घटना की जांच कराई जाएगी। प्रशासन घायलों को हर संभव चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करा रहा है।

घायल बच्चे के एक रिश्तेदार बैजनाथ पहाड़िया ने बताया कि गांव की पानी की टंकी ओवरफ्लो हो रही थी और पांचों बच्चे पाइप से बहते पानी में नहा रहे थे। अचानक कंक्रीट की टंकी टूटकर गिर पड़ी और तीन बच्चे मलबे में दब गए। मलबा हटाया गया लेकिन उनमें से दो बच्चों की मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि सभी बच्चे पहाड़िया जनजाति से हैं।

आरा के बाजारों में इस बार लगा पटाखों में स्वदेशी ब्रांड का तड़का

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

आरा। दीपावली में आतिशबाजी का धूमधड़ाका न हो, ऐसा हो नहीं सकता। इसमें ध्वनि प्रदूषण के साथ वायु प्रदूषण के बढ़ने का खतरा रहता है। हालांकि, इस बार बाजार में देशी ग्रीन पटाखों की धूम मची है, जिनमें शोर कम है और वायु प्रदूषण पहले की अपेक्षा कम करना है। पटाखों के नाम भी अजब-गजब हैं।

बाजार में चिक्का, मैजिक, स्काई मेला, वाटर टाइगर, ड्रोन, लोटो, चिटपुट, पॉपकॉर्न पेन्सिल जैसे नामों के पटाखे बाजार में खरीददारों को लुभा रहे हैं।

दिवाली यानी रोशनी, दीपक और पटाखों का पर्व, बात जब पटाखों की होती है तो बच्चे क्या और बुजुर्ग क्या, हर उम्र आतिशी रंगीनियों की दीवानी है। ऐसे में पटाखा निमार्ताओं के लिए भी यह पर्व बड़े अवसर और मोटी कमाई के तौर पर देखा जाता है।

इसी को ध्यान में रख हर साल कुछ नया और अलग हटकर पटाखे बाजार में उतारे जाते हैं। खासतौर पर ड्रोन पटाखा बच्चों को आकर्षित कर रहा है। नाम के अनुरूप यह पटाखा चिंगारी पहुंचते ही आसमान का रुख करेगा और घरों के



ऊपर उड़ता नजर आएगा।

पटाखों की दुकानों पर इस बार अनार बत्तख और शेर के रूप में अवतरित हुआ है। ये अनार जलते ही सतरंगी रोशनी बिखेरेंगे। इस पटाखे में 7 अनार तीन बार में जलेंगे। हर बार अलग रोशनी नजर आएगी। चिटपुट और लोटो खास है।

शीशमहल चौक के पटाखा कारोबारी रौशन ने बताया कि बाजार में इस बार बच्चों के लिए स्पेशल पटाखे उपलब्ध हैं। इनमें लोटो और चिटपुट खास हैं। लोटो एक तरह का अनार है जो प्याले के रूप में रोशनी बिखेरेगा।

इसी तरह पांच हजार बम की लड़ी सिंगल पटाखे के रूप में मिल रही है। दावा किया जा रहा है कि इस लड़ी से प्रदूषण अपेक्षाकृत कम होगा।

बाजार में मल्टी म्यूजिक रॉकेट की भी डिमांड है। इसमें 10 रॉकेट एक साथ 10 दिशाओं में जलेंगे। इस पटाखे की खासियत है की इसमें संगीत भी सुनाई देगा और यह स्विंग पैटर्न पर जलेगा। इसकी बाजार कीमत करीब 950 रुपए है। जैकपॉट पटाखा भी लोगों को लुभा रहा है। जैकपॉट पटाखे में 25 शॉट्स आसमान में जाएंगे जो खूबसूरत नजर आएंगे।

क्रिकेट लवर्स के लिए इस दिवाली बाजार में कैन अनार नाम से पटाखा उतारा गया है। इनके डिब्बों पर आईपीएल टीम के फोटो नजर आ रहे हैं। बाजार में पॉपकॉर्न पेन्सिल पटाखा भी मिल रहा है जो सबसे अलग बताकर बेचा जा रहा है। विक्रेताओं के अनुसार इस पटाखे को जलाने से पॉपकॉर्न जैसी आकृति निकलेगी जो रोशनी फैलाएगी।

लूट की योजना बनाते चार गिरफ्तार, दो फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सीतामढ़ी। सुप्पी थाना क्षेत्र के पकड़ी कोठी स्थित अंग्रेज भवन में अपराध की साजिश रचते चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि दो फरार हो गए। बदमाशों के पास से कट्टा, कारतूस, तलवार और मोबाइल बरामद किया गया। इस संबंध में एसडीपीओ सदर राजेश कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी। बताया कि सुप्पी थाने की पुलिस ने क्षेत्र में गश्त लगा रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली की पकड़ी कोठी स्थित अंग्रेज भवन में करीब आधा दर्जन बदमाश हरबे हथियार से लैस होकर कोई बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है।

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को दी। पुलिस अधीक्षक अमित रंजन के निर्देश पर सदर एसडीपीओ राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। गठित टीम ने छापेमारी के लिए पकड़ी कोठी स्थित अंग्रेज भवन पहुंचा।

पुलिस की गाड़ी को देखते ही बदमाश भागने लगे, पुलिस द्वारा चार बदमाशों को खदेड़ कर पकड़ लिया गया। जबकि दो बदमाश अंधेर का फायदा उठाकर भाग निकले। गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ में बताया कि दूसरे प्रदेश से पर्व त्योहार में घर आने वाले लोगों को लूटपाट करने की साजिश रची जा रही थी। पकड़े गए बदमाशों की पहचान सुप्पी थाना क्षेत्र के परसा वार्ड नंबर तीन निवासी लालबाबू प्रसाद यादव के पुत्र शशि रंजन (39), जमला वार्ड नंबर एक निवासी शंभू पासवान के पुत्र शेखर कुमार (23), योगी के पुत्र धरमुख कुमार (19) और पकड़ी कोठी निवासी सिकिंदर राय के पुत्र रत्नेश कुमार (18) के रूप में हुई।

गिरफ्तार बदमाशों के पास से तीन कट्टा, छह कारतूस, तीन मोबाइल, एक फाइटर और एक तलवार बरामद किया गया है।

महागठबंधन में पड़ी गांठ, कांग्रेस-माले आमने-सामने

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। महागठबंधन में पड़ी गांठ त्रिकोणीय मुकाबले की ओर इशारा करने लगी है। बिहारशरीफ विधानसभा सीट पर कांग्रेस और माले दोनों ने अपने-अपने प्रत्याशी मैदान में उतारकर साफ कर दिया है कि दलों के लिए गठबंधन से बड़ा उनका व्यक्तिगत, अस्तित्व और संगठनात्मक मजबूती है।

कांग्रेस ने जहां उमेद खान को अपना उम्मीदवार घोषित किया है, वहीं माले की ओर से शिवकुमार यादव ने चुनावी ताल ठोक दी है। इस कदम से गठबंधन के भीतर मतभेद की तस्वीर और गहरी हो गई है।

राजनीतिक जानकारों की मानें तो महागठबंधन के भीतर यह दरार एनडीए के लिए अवसर साबित हो सकती है। एनडीए खेमे में पहले से ही सशक्त तैयारी मानी जा रही है और यदि महागठबंधन की आंतरिक खींचतान बनी रही तो विपक्षी मतों के बंटवारे का सीधा लाभ एनडीए प्रत्याशी को मिलना तय है।

गौरतलब है कि बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र में मुस्लिम, यादव और दलित मतदाता अब तक महागठबंधन की ताकत माने जाते रहे हैं। पिछली बार भी इन समुदायों के एकजुट वोटों ने महागठबंधन के प्रत्याशी को मजबूती दी थी।

पिछले चुनाव 2020 में राजद प्रत्याशी सुनील कुमार एनडीए प्रत्याशी डॉ. सुनील कुमार से महज 15 हजार वोट से ही पीछे रहे थे। ऐसे में इस बार एनडीए तथा महागठबंधन के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही थी, लेकिन कांग्रेस और माले के अलग-अलग प्रत्याशी होने के कारण समीकरण बदलता नजर आ रहा है।

कांग्रेस अपने पारंपरिक अल्पसंख्यक मतदाताओं पर भरोसा जता रही है, वहीं माले ग्रामीण इलाकों और मजदूर वर्ग में अपनी पकड़ को मजबूत मानती है। दोनों दल एक-दूसरे के वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश में जुटे हैं।

चुनावी प्रचार भी अब रोचक मोड़ लेता दिख रहा है। कांग्रेस के समर्थक उमेद खान को विकास और रोजगार के मुद्दों पर आगे कर रहे हैं, जबकि माले प्रत्याशी शिवकुमार यादव किसान और श्रमिक अधिकारों की लड़ाई को केंद्र में रखकर प्रचार कर रहे हैं।

मालूम हो उमेद खान गया के निवासी हैं। बिहारशरीफ की राजनीति में उनकी खास पकड़ नहीं है। आम लोगों के बीच उनकी पैठ नहीं रहने के कारण कांग्रेस को इस बार क्षति हो सकती है। वहीं माले प्रत्याशी शिवकुमार यादव श्रमिकों के बीच के नेता है, गरीब तबकों के बीच उनकी गहरी पकड़ है।

हालांकि बीड़ी मजदूरों की संख्या में कमी के कारण माले की स्थिति भी अब पहले जैसी नहीं है। जिसका सीधा फायदा एनडीए प्रत्याशी डा. सुनील कुमार को मिलने की संभावना है।

चिकित्सक की पत्नी की संदिग्ध मौत

बिहारशरीफ। वेना थाना क्षेत्र के पोराजित गांव में सनसनी फैल गई, जब एक बंद कमरे से डॉक्टर की पत्नी का शव बरामद हुआ। मृतका की पहचान होम्योपैथी चिकित्सक द्वारिका प्रसाद की पत्नी प्रमिला देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दीपावली और छठ की तैयारी के लिए प्रमिला देवी पैतृक घर आई थीं और सफाई कर रही थीं। शनिवार की सुबह जब दरवाजा अंदर से बंद पाया गया तो आशंका के आधार पर मृतका का भतीजा सीढ़ी लगाकर घर के भीतर गया।

उसने देखा कि प्रमिला देवी का शव बिस्तर पर पड़ा है। गले पर गहरे दाग और चेहरे पर चोट के निशान हैं। प्रमिला देवी के पुत्र सुजीत कुमार ने बताया कि उनकी मां के शरीर से सभी जेवरात गायब थी।

उन्होंने कहा कि गांव में देर शाम तक जुआ खेलने वाले बदमाशों का जमावड़ा रहता है। संभव है कि लूटपाट के इरादे से अपराधियों ने घर में प्रवेश किया और विरोध करने पर गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर सदर डीएसपी टू संजय कुमार जायसवाल मौके पर पहुंचे और जांच की।

बगावत के मूड में राजद की महिला सेल की अध्यक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सीतामढ़ी। राजद की तेज तर्रार महिला नेत्री और महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल पार्टी से बगावत के मूड में है। उन्होंने परिहार विधानसभा सीट के अलावा किसी भी दूसरी सीट से चुनाव लड़ने से साफ इंकार कर दिया है।

दैनिक जागरण से बातचीत में उन्होंने कहा कि अगर पार्टी ने रविवार की दोपहर बाद तक अपने निर्णय में सुधार करते हुए उन्हें परिहार से टिकट नहीं दिया तो वे निर्दलीय मैदान में उतरने को विवश हो जाएंगी। वे अपराह्न तीन बजे अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर इस संबंध में आगे की रणनीति घोषणा करेंगी।

उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर भी जनता के नाम संदेश जारी कर परिहार विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने की बात कहकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। उन्होंने कहा है कि शनिवार की शाम जैसे ही यह चर्चा फैली कि उन्हें परिहार से टिकट न देकर बेलसंड से उम्मीदवार बनाए जाने की संभावना है।

इसके बाद से परिहार की जनता के कई फोन और फेसबुक-ट्विटर पर संदेश आने लगे। सबकी एक ही अपील थी मैडम, परिहार को मत छोड़िए। परिहार की बदहाल स्थिति के लिए वर्तमान भाजपा विधायक गायत्री देवी ही नहीं, बल्कि पूर्व विधायक डॉ. रामचंद्र पूर्वे भी समान रूप से जिम्मेदार हैं।

उन्होंने लिखा है कि यह बात किसी से छिपी नहीं है कि डॉ. पूर्वे ने पिछले विधानसभा चुनाव में राजद के एमएलसी रहते हुए, पार्टी से गद्दारी की थी। इसी कारण मुझे मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। आज जब पार्टी ने डॉ. पूर्वे की बहू स्मिता पूर्वे को परिहार से टिकट दिया है, तो यह उनकी गद्दारी का पुरस्कार जैसा प्रतीत होता है।

परिहार को छोड़कर किसी अन्य क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ना मेरी आत्मा को स्वीकार नहीं। इसलिए मैंने पार्टी नेतृत्व को साफ तौर पर अवगत करा दिया है कि यदि पार्टी किसी मजबूरीवश अपना निर्णय नहीं बदलती है, तो मैं परिहार से स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ूंगी।

बैरंग लौटे झामुमो के भावी उम्मीदवार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन से अलग राह पकड़ने वाले झामुमो ने भले ही छह सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान कर दिया हो, लेकिन पार्टी अब तक किसी भी उम्मीदवार को टिकट नहीं दे सकी है। टिकट की उम्मीद में बीते दस दिनों से बिहार के अलग-अलग जिलों से रांची पहुंचे संभावित प्रत्याशी रविवार शाम तक पार्टी मुख्यालय में जमे रहे, मगर घंटों इंतजार के बाद सभी को निराश होकर लौटना पड़ा। शाम करीब छह बजे पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता बिनोद पांडेय की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें सभी दावेदार मौजूद थे। बैठक के बाद उन्हें बताया गया कि टिकट को लेकर शीर्ष नेतृत्व से अंतिम बातचीत चल रही है और जल्द ही फैसला लेकर जानकारी दी जाएगी। इसके बाद सभी प्रत्याशी मायूस होकर अपने-अपने क्षेत्रों की ओर लौट गए।पिरपैती से टिकट की दावेदार निर्मला कुमारी ने बताया कि हमसे कहा गया कि अभी शांत रहें, आलाकमान बातचीत कर रहा है, निर्णय होने पर हमें सूचित किया जाएगा। वहीं कटोरिया से टिकट की उम्मीद लगाए बैठी अंजला हांसदा ने कहा कि हमें भरोसा दिया गया था कि पार्टी इस बार हमें मौका देगी, लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं हुआ। नामांकन की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर है, इसलिए हमें वापस लौटना पड़ रहा है। इसी तरह चकाई से ओमकारनाथ, मनिहारी से फुलमनीऔर बांका के हीरालाल मंडल ने बताया कि उन्हें सिर्फ इंतजार करने को कहा गया है।

रेस्टोरेंट मालिक की गोली मारकर हत्या, जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। रांची के कांके रोड स्थित चौपाटी रेस्टोरेंट में रेस्टोरेंट संचालक विजय नाग की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के विरोध में रविवार को स्थानीय लोगों ने कांके में सड़क जाम कर दिया।

प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि आरोपित अभिषेक को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। पुलिस के आश्वासन के बाद लोग सड़क से हटे, लेकिन चेतावनी दी कि यदि आरोपी की गिरफ्तारी जल्द नहीं हुई, तो वे दोबारा सड़कों पर उतरेंगे।

पुलिस के अनुसार, शनिवार रात अभिषेक अपने साथियों के साथ रेस्टोरेंट से वेज बिरयानी पैक कराकर ले गया था, लेकिन गलती से कर्मचारियों ने उसे चिकन बिरयानी दे दी।

बिरयानी लेकर गए अभिषेक और दो अन्य युवक कुछ देर बाद रेस्टोरेंट लौटे और बिरयानी बनाने वाले कर्मचारी के बारे में पूछने लगे। उसी



समय रेस्टोरेंट संचालक विजय नाग खाना खा रहे थे। उनसे पूछा कि क्या बात है। इतना पूछते ही एक युवक, जिसने अपना नाम अभिषेक बताया, संचालक से गाली-गलौज करने लगा।

देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि अभिषेक ने विजय नाग को गोली मार दी और तीनों युवक मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि अभिषेक अक्सर इस रेस्टोरेंट में आता था। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

राजनीतिज्ञों की जगह ले रहे कलाकार?

समाजसेवा करने के बाद बनते थे नेता

पटना। कभी रैलियों में नेताजी का भाषण सुनने से पहले भीड़ खींचने वाले लोक कलाकार अब खुद चुनावी अखाड़े में कूद पड़े हैं। राजनीति और सिनेमा का रिश्ता नया नहीं है।

हिंदी फिल्मों से अमिताभ बच्चन, राज बब्बर, जया प्रदा, शत्रुघ्न सिन्हा और दक्षिण भारतीय सिनेमा से रजनीकांत, जयललिता जैसे सितारे पहले ही सत्ता के गलियारों तक पहुंच चुके हैं। लेकिन बिहार की लोक-भाषाओं भोजपुरी, मैथिली और मगही से जुड़े कलाकारों को नेताजी का सम्मान पाने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा।

इस बार के विधानसभा चुनाव में यह इंतजार जैसे टूट गया है। खेसारी लाल यादव से लेकर मैथिली ठाकुर और रितेश पांडेय तक सीधे प्रत्याशी बन चुके हैं। वहीं, मनोज तिवारी, पवन सिंह, दिनेश लाल यादव निरहुआ और रवि किशन जैसे उनके साथी स्टार-प्रचारक बनकर मैदान में ताल ठोंक रहे हैं।

नतीजा यह कि इस बार चुनावी सभाओं में सिर्फ भाषण ही नहीं, बल्कि कलाकारों के मशहूर गानों, डांस स्टेप्स और डायलाग्स की गूंज भी सुनाई दे रही है। गांव-गांव में चर्चा है कि ये गायक-नायक वोट के लायक हैं या नहीं?

इस बार के चुनाव में जितने भी लोक कलाकारों के नाम चर्चा में हैं, उनमें मैथिली ठाकुर की छवि सबसे साफ-सुथरी है।

हिंदी और मैथिली के भक्ति लोक गीतों ने उन्हें विशेष ख्याति दिलाई है। भाजपा ने मिथिला की सांस्कृतिक पहचान के रूप में उनकी ताकत को साधते हुए उन्हें दरभंगा की अलीनगर सीट से उतारा है।

पार्टी को भरोसा है कि मिथिला की पहचान को मैथिली ठाकुर वोटों में बदल देंगी। उनकी कला की कोई आलोचना राजनीति में नहीं हो रही है।

राष्ट्रीय जनता दल ने भोजपुरी कलाकार खेसारी लाल यादव को सारण जिले की छपरा सीट से उम्मीदवार बनाया है। उनकी पहचान यूं तो सीधे-सादे गंवई कलाकार की है, लेकिन उनके कुछ गानों और डांसिंग स्टेप्स को अश्लील या फूहड़ बताकर आलोचना भी होती है।

वैसे तो यह समस्या भाजपा से जुड़े पवन सिंह, लोजपा रामविलास से जुड़ी सीमा सिंह और जन सुराज पार्टी से जुड़े रितेश पांडेय पर भी कमोबेस लागू होती है।

इसलिए विरोधी खेमे इनके पुराने गानों, तस्वीरों और वीडियो पर मीम्स बनाकर खूब मजे ले रहे हैं। इन कलाकारों पर बनने वाले लगभग सभी मीम्स का उद्देश्य उनके चरित्र को कमतर बताना है।

रोहतास जिले की करगहर सीट से जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार रितेश पांडेय को उनके पुराने गानों 'लवंडिया लंदन से लाएंगे' और 'पियवा से पहिले हमार रहलू' आदि के लिए विरोधी पक्ष ट्रोल कर रहा है।

खुद को आइटम क्वीन कहने वाली भोजपुरी की डांसिंग स्टार सीमा सिंह ने लोजपा रामविलास के टिकट पर चुनाव में उतरने की पूरी की तैयारी कर ली थी, लेकिन उनका नामांकन रद हो गया। अब उनके पुराने वीडियो और तस्वीरों को खूब शेयर किया जा रहा है, जब वह खुद को भोजपुरी सिनेमा में आइटम डांस के लिए स्थापित करने में जुटी थीं।

भाजपा से जुड़े पवन सिंह की पत्नी काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं।

उनका जोर मुख्यतः अपने पति के साथ चल रहे विवाद को आमजन के सामने लाने पर है। इससे उनके प्रति एक वर्ग में सहानुभूति मिल रही है। इसलिए पवन सिंह पर भी खूब मीम्स बन रही हैं।

भोजपुरी लोकगायक से सांसद बने मनोज तिवारी, दिनेश लाल यादव निरहुआ, रवि किशन प्रत्याशी तो नहीं, लेकिन प्रचार मैदान में दलों के तुरुप के इक्के बने हुए हैं। भोजपुरी और मैथिली के कलाकार चुनावी मैदान में हैं, मगर मगही कलाकारों की सीधी भागीदारी इस बार नजर नहीं आई। गया-नवादा के इलाकों में मगही संस्कृति की ताकत गहरी है, पर चुनावी टिकट अभी तक पारंपरिक नेताओं के हिस्से ही गया।

रुपयों से भरा सूटकेस ले कर ई-रिक्शा चालक फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। शहर में घूम-घूमकर कपड़ा बेचने वाले एक कारोबारी का कपड़ों का बैग और नकदी तीन लाख रुपये का सूटकेस लेकर ई-रिक्शा चालक फरार हो गया। यह घटना तब हुई जब वह 12 साथियों के साथ घर जाने के लिए स्टेशन रोड के ई-रिक्शा से सामान उतार रहे थे।

मामले में भागलपुर जिले के हबीबपुर थाना के शाहजंगी नकटोलिया निवासी बाबुल यादव ने नगर थाने में शिकायत की है। इसमें एक ई-रिक्शा चालक को आरोपित किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। आवेदन में कहा कि वह पर्व के अवसर पर शहर में कपड़ा बेचने आए थे। पुलिस लाइन के निकट एक मकान में रहकर विभिन्न इलाकों में घूम-घूमकर कपड़ा बेचते थे।

रविवार को वह 12 साथियों के साथ वापस घर लौट रहे थे। स्टेशन रोड में वह ई-रिक्शा से तीन बैग उतार रहे थे। इस बीच चालक कपड़ा का बैग और सूटकेस लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने चालक का पीछा किया, लेकिन वह उसे पकड़ नहीं सकें। बताया कि उक्त रुपये उनके अलावा उनके साथियों के बीच बांटने के लिए थे।

पुलिस को कारोबारी ने ई-रिक्शा चालक के कद-काठी व हुलिए की जानकारी दी है। उसकी निशानदेही पर पुलिस स्टेशन रोड के अलावा आसपास के सीसी कैमरा का फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपित चालक को पकड़ा जा सकें। विदित हो कि एक सप्ताह पूर्व शहर के एक कपड़ा कारोबारी का इमलीचट्टी से कपड़ो की गठरी और तिलक मैदान रोड से इलेक्ट्रोनिक सामान को लेकर दो अलग-अलग ई-रिक्शा चालक फरार हो गए थे। पर्व को लेकर ई-रिक्शा चालक भी शहरवासियों के सामान को चंपत कर कई घटनाओं को अंजाम दे रहे है।

जन सुराज के प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार पासवान भाजपा में शामिल

पूर्व जिला पार्षद अनिता कुमारी ने भी ली सदस्यता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। जन सुराज के प्रदेश प्रवक्ता सह वेंडर्स एसोसिएशन के राज्य समन्वयक डॉ. अमित कुमार पासवान, मानस भूमि विद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल की निदेशक सह पूर्व जिला पार्षद अनिता कुमारी और जन सुराज के संस्थापक सदस्य कर्मवीर कुशवाहा आज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित एक मिलन समारोह में जननायक लोक दल पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा एनडीए को समर्थन देने की घोषणा की। भाजपा में आए सभी लोगों का भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने पार्टी में स्वागत किया। इसके अलावा अंबेडकर छात्रावास से आए आशुतोष पासवान, विकास कुमार, राहुल कुमार, टिंकू कुमार, नीतीश कुमार, कृष्णा पासवान, शिबू कुमार, तरुण कुमार और गौतम कुमार ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मिलन समारोह में पार्टी में आए सभी लोगों का स्वागत करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि महागठबंधन सत्ता की दुकानदारी चाहता है जबकि एनडीए विकसित बिहार का सपना पूरा करना चाहता है। उन्होंने कहा कि आज इस चुनाव में मतदाताओं के रुझान को देखते हुए जननायक लोक दल पार्टी ने भी भाजपा एनडीए को समर्थन देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन आज ऐसी स्थिति में है कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को दलित समुदाय के लोगों को अपमानित करने की बात सोशल मीडिया में लिखनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जनता समझ चुकी है कि जो गठबंधन आज सीट बंटवारा नहीं कर सकता, वह सरकार क्या चलाएगा? उन्होंने दावा किया कि आज जो माहौल दिख रहा है, उससे स्पष्ट है कि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बन रही है।

रेल यात्रियों से संवाद के दौरान लिया गया फीडबैक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



दानापुर। 31 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत 19 अक्टूबर 2025 को भी दानापुर मंडल के पटना, राजेंद्रनगर टर्मिनल, पाटलिपुत्र, मोकामा, पटना साहिब, दानापुर स्टेशनों एवं दानापुर कॉलोनी में अमृत संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्टेशनों पर पर्यवेक्षकों ने यात्रियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने स्टेशनों पर सुविधाओं व सुधारों जैसे प्रतीक्षालय, शौचालय, लिफ्ट, आधुनिक टिकटिंग व्यवस्था, एस्केलेटर, वाई-फाई, दिव्यांग अनुकूल सेवाओं सहित जन औषधि केंद्र जैसी सुविधाओं की जानकारी दी। यात्रियों से इन सुधारों पर प्रतिक्रिया ली गई और आगे की अपेक्षाओं व सुझावों को जाना गया। यह संवाद यात्रियों को उनकी जिम्मेदारी का बोध कराते हुए स्वच्छता और स्टेशन की देखरेख में भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। यात्रियों से संवाद के दौरान लिया गया फीडबैक भी अमृत के समान है जो रेलवे को उनके नजरिए से सुविधाओं के उन्नयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। इसके साथ ही दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान, जन-जागरूकता गतिविधियां सक्रिय रूप से जारी हैं। साथ ही साथ दानापुर मंडल के स्टेशनों पर लगे बोतल क्रशर मशीन की साफ-सफाई, संचालन एवं इसकी उपयोगिता से यात्रियों को अवगत कराया गया तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही साथ मंडल के बड़े स्टेशनों जैसे पटना जंक्शन, दानापुर, पाटलिपुत्र, राजेंद्रनगर टर्मिनल, आरा, बक्सर व अन्य के आलावा मंडल के छोटे स्टेशनों पर जैसे दिलदारनगर, फुलवारी शरीफ, भदौरा, फतुहा व अन्य छोटे स्टेशनों पर सघन सफाई अभियान चलाया गया।

मतदाताओं के लिए हथियार साबित होगा सी-विजिल एप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। इस बार के बिहार विधानसभा चुनाव में सी-विजिल एप मतदाताओं के लिए हथियार साबित होगा। इस एप के माध्यम से चुनाव के दौरान धनबल और शराब समेत नकदी वितरण पर भी नियंत्रण करना आसान होगा। जानकारी के अनुसार पिछले लोकसभा चुनाव के बाद आयोग की ओर से कराए गए केएपी (नालेज एटीट्यूड प्रैक्टिस) सर्वे रिपोर्ट चिंताजनक थी। इस सर्वे में पता चला था कि बड़ी संख्या में मतदाताओं को इस संबंध में कोई जानकारी ही नहीं थी। इसे ध्यान में रखते हुए इस बार विधानसभा चुनाव में इस एप के बारे में प्रचार-प्रसार और जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक मतदाताओं को इसके बारे में जानकारी हो और वे इस एप का उपयोग इस चुनाव में मतदाताओं को डराने-धमकाने या विभिन्न प्रलोभन देने वालों के खिलाफ कर सकें। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान इस एप और इसके संचालन के बारे में भी लोगों को जानकारी दी जा रही है। इस एप पर फोटो-वीडियो अपलोड करने के साथ-साथ शिकायत करने का भी विकल्प है। बता दें कि यदि कोई व्यक्ति चुनाव में गलत काम होते देखता है और उसकी तस्वीर डालकर इसके बारे में लिखकर शिकायत करता है तो सौ मिनट के अंदर टीम मौके पर पहुंचकर शिकायत का सत्यापन कर कार्रवाई करेगी।

नीतू नवगीत के लोकगीतों के साथ वोटिंग संदेश, पटना में अभियान जोरों पर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। पटना जिले में जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान का व्यापक आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न हिस्सों में मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। अभियान मुख्य रूप से स्वीप आइकॉन और लोक गायिका डॉ. नीतू नवगीत के नेतृत्व में चलाया गया। उन्होंने राजा बाजार और शेखपुरा क्षेत्रों में डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया और लोकतंत्र में उनके योगदान के महत्व से अवगत कराया। लोकगीतों से वोटिंग का संदेश दिया। डॉ. नीतू नवगीत ने क्षेत्र के बुद्धिजीवियों के साथ भी संवाद स्थापित करते हुए मतदान की आवश्यकता और लोकतंत्र में इसकी भूमिका पर विमर्श किया। उन्होंने कहा कि मतदान केवल हमारा अधिकार नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है और लोकतंत्र की मजबूती इसके निर्बाध अभ्यास पर निर्भर करती है। पटना जिले में मतदाता जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए ऑडियो-वीडियो संदेश, लोकगीत, सोशल मीडिया, चैटबॉट, मोबाइल एप और डिजिटल प्लेटफॉर्म का सहारा लिया जा रहा है। विशेषकर उन 60 मतदान केंद्रों पर जहां मतदान प्रतिशत न्यूनतम है, अधिक ध्यान दिया जा रहा है। इस अभियान में 500 से अधिक अधिकारियों और कर्मियों की टीमें घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रही हैं। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि पटना जिले का मतदान प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से ऊपर उठ सके। इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान की टीम लगातार सक्रिय और प्रयत्नशील है। ताकि हर नागरिक लोकतंत्र में अपनी भूमिका निभा सके।

एसबीआई म्यूचुअल फंड की निवेशक शिक्षा एवं जागरुकता पर पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। गोल्ड यानी सोना, एक चमकदार पीली धातु है जिसने सदियों से लोगों को आकर्षित करना जारी रखा है। पुराने समय में यह मुद्रा और गहनों के रूप में इस्तेमाल किया जाता था और अब यह दुनिया की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार बन चुका है। हर संस्कृति में इसका बहुत महत्व है, लेकिन भारत में यह पैसे से कहीं बढ़कर है - यह समृद्धि, शुद्धता और परंपरा का प्रतीक है। दिवाली से शादियों तक, गोल्ड सिर्फ गहना नहीं यह एक भावना है। इसकी मौजूदगी शुभ शुरुआत लाती है। हम भारतीय त्योहारों पर, खासकर दिवाली में सोने के सिक्के और गहने खरीदते हैं। हमारा मानना है कि इससे घर में समृद्धि, धन और खुशहाली आती है। आज यह पुरानी परंपरा बदल रही है। नए जमाने के निवेशक आसानी और लचीलापन चाहते हैं, इसलिए डिजिटल गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है सांस्कृतिक महत्व के अलावा गोल्ड निवेश का स्मार्ट तरीका है। यह महंगाई से बचाता है, पोर्टफोलियो को संतुलित करता है और जोखिम कम करता है। सालों से दुनिया भर में सोने की मांग काफी बढ़ी है। इससे कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं और केंद्रीय बैंक अपने भंडार बढ़ा रहे हैं। 30 सितंबर 2025 तक के आंकड़े भारत ने भी अपने सोने के भंडार को काफी बढ़ाया है।

बिहार विधानसभा चुनाव और उपचुनाव पर चुनाव आयोग की सख्त नजर

नियुक्त किए गए पर्यवेक्षक निगरानी में जुटे, दोनों चरणों के लिए 243 सामान्य पर्यवेक्षक तैनात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 और आठ विधानसभा क्षेत्रों में जारी उपचुनावों के दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक निगरानी तंत्र सक्रिय कर दिया है। आयोग ने रविवार को बताया कि उसके नियुक्त केंद्रीय पर्यवेक्षक विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंचकर चुनावी प्रक्रिया पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बिहार विधानसभा के दो चरणों में होने वाले चुनावों के लिए बड़ी संख्या में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। पहले चरण के लिए 121 सामान्य पर्यवेक्षक और 18 पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं, जबकि दूसरे चरण में 122 सामान्य पर्यवेक्षक और 20 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त आठ विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उपचुनावों के लिए भी 8 सामान्य और 8 पुलिस पर्यवेक्षक भेजे गए हैं। आयोग ने बताया कि सभी पर्यवेक्षक अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहली समीक्षा यात्रा पूरी कर चुके हैं और अब वहीं तैनात हैं। उन्हें यह निर्देश दिया गया है कि वे पूरे चुनावी प्रक्रिया की निगरानी करते रहें और यह सुनिश्चित करें कि मतदान निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि पर्यवेक्षक राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और मतदाताओं के लिए पूरी तरह सुलभ रहेंगे ताकि किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके। उन्हें यह भी निर्देश दिया गया है कि वे मतदान केंद्रों का दौरा करें और मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग द्वारा हाल ही में शुरू की गई पहल का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। आयोग ने दोहराया कि उसका प्रमुख उद्देश्य सभी राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के लिए समान अवसर वाला माहौल उपलब्ध कराना है, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पवित्रता बनी रहे।

कोंचेश्वरनाथ एजुकेशन एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट ने वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच(गयाजी)। जिले के कोच प्रखण्ड स्थित कोंचेश्वरनाथ एजुकेशन एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में बुद्धा आईडीआई कम्प्यूटर सेंटर में वीर शहीदों की स्मृति में दीप प्रज्वलित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अतिथियों ने कैंडल जलाकर देश के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को एक दिया शहीदों के नाम जलाने के लिए प्रेरित किया गया। ताकि हर नागरिक अपने हृदय में देशभक्ति की भावना को प्रज्ज्वलित रख सके। कार्यक्रम के माध्यम से देशभक्ति का संदेश पूरे क्षेत्र में प्रसारित हुआ। इस अवसर पर राजीव कुमार, विनीत कुमार, प्रीति कुमारी, विकास, शौरभ, सोनू, सुलेखा, अर्चना, सिम्पी सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से देशभक्ति का संदेश पूरे क्षेत्र में प्रसारित हुआ।

डीएम-एसएसपी ने की निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर हरिदास सेमिनरी स्थित प्रेक्षा गृह सह आर्ट गैलरी में सेक्टर पदाधिकारियों एवं संबद्ध सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम शशांक शुभंकर एवं एसएसपी आनंद कुमार द्वारा रविवार को संयुक्त रूप से निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्वाचन के दौरान उपयोग में आने वाले प्रपत्रों के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी इंसीनेट मोबाइल एप्लीकेशन के इस्तेमाल के बारे में विस्तार से बताया गया। बैठक में डीएम द्वारा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस मजिस्ट्रेट को बताया कि मतदान के एक दिन पूर्व सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने बूथ पर पहुंच कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा ले लेंगे। मतदान के दिन निर्धारित समय पर मॉक पोल कराना, मतदान की प्रक्रिया को आरंभ करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि बूथ के बाहर ज्यादा भीड़ भाड़ न हो, इसे सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने बताया कि इस वर्ष निर्वाचन आयोग द्वारा जारी इंसीनेट मोबाइल एप्लीकेशन की जानकारी को अच्छे से समझ लें। अब इस एप्लीकेशन के माध्यम से ही मतदान के दिन विभिन्न प्रकार के डाटा अपलोड करना है। इस बार आयोग द्वारा प्रत्येक बूथ पर 2 कैमरा का अधिष्ठान किया जा रहा है एक जो कतार में खड़े मतदाताओं को दिखाएगा और दूसरा कैमरा ईवीएम मशीन की तरफ होगा जो मतदाताओं को मतदान करने आते और जाते को दिखाएगा। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा उपलब्ध कराया गया फार्म 17ए को अच्छे तरीके से समझ लेंगे तथा ध्यानपूर्वक भरेंगे। बैठक में एडीएम विधि व्यवस्था, जिला शिक्षा पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

अग्रसेन सेवा न्यास के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 176 लोगों की हुई जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा आज शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मौके पर न्यास के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को यह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। अग्रवाल ने बताया कि छोटी दीपावली के बावजूद आज के इस चिकित्सा शिविर में कुल 176 मरीजों ने अपनी जांच करवाई। अग्रवाल ने बताया कि सभी मरीजों को निःशुल्क चाय बिस्कुट दिया गया। शिविर में डॉ बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस 'बी' की जांच के लिए 23 मरीजों का खून लिया गया। मौके पर शिविर में 72 मरीजों के आंखों की जांच प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शशि मोहनका द्वारा किया गया। इनमें 18 मरीजों का मोतियाबिंद काफी बढ़ा हुआ था। इन सभी का निःशुल्क फेको विधि द्वारा आपरेशन श्याम मंदिर, न्यूबहादुरपुर के पास स्थित श्री बालाजी नेत्रालय में किया जाएगा। आज 17 मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। मौके पर डॉ सुनील अग्रवाल ने चेस्ट एवं सामान्य बीमारी के करीब 22 मरीजों की जांच की वहीं डॉ रचना जैन ने 09 महिला मरीजों की जांच की।

छठ गीत 'हे छठी मईया' की शूटिंग सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर एक बार फिर भक्ति और संगीत का संगम देखने को मिला जब प्रसिद्ध पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल और जाने-माने निर्देशक दीप श्रेष्ठ एक साथ आए। दोनों की जोड़ी ने एक नया छठ गीत 'हे छठी मईया' तैयार किया है जिसकी शूटिंग हाल ही में गंगा किनारे पटना के ऐतिहासिक घाटों पर सम्पन्न हुई। निर्देशक दीप श्रेष्ठ ने बताया कि इस गीत की शूटिंग उसी गंगा घाट पर की गई है जहां आज से करीब 25 वर्ष पूर्व पद्मश्री शारदा सिन्हा और अनुराधा पौडवाल के छठ गीतों की शूटिंग हुई थी। वे गीत आज भी हर साल छठ महापर्व पर देश-विदेश में गूंजते हैं और भक्ति का माहौल बना देते हैं। दीप श्रेष्ठ ने कहा कि मुझे गर्व है कि एक बार फिर अनुराधा जी के साथ छठ गीत का निर्देशन करने का सौभाग्य मिला है। दर्शकों ने पहले भी मेरे निर्देशन को बहुत पसंद किया था और इस बार मैं उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहा हूं। गीत 'हे छठी मईया' को श्रेष्ठ मूवीज के बैनर तले तैयार किया गया है। इसमें न केवल दीप श्रेष्ठ ने निर्देशन किया है, बल्कि उन्होंने खुद भी अभिनय किया है। उनके साथ अभिनेत्री अनामिका श्रीवास्तव, श्वेता रश्मि, मैक, अभिषेक, हर्ष, सुरेन्द्र, पूजा और बेबी जैसे कलाकारों ने अभिनय किया है। कैमरा मैन राजेश राठौड़, एडिटर शादिल ईशान और मेकअप आर्टिस्ट आकाश हैं। इस गीत की खासियत यह है कि इसमें छठ महापर्व के पारंपरिक रीति-रिवाजों को बड़े ही सुंदर तरीके से फिल्माया गया है, जैसे डूबते सूर्य को अर्घ्य देना, सूप सजाना, ठेकुआ बनाना और घाटों पर श्रद्धालुओं की आस्था से भरी भीड़। दीप श्रेष्ठ ने कहा कि हमने यह कोशिश की है कि गाने में छठ की पवित्रता, लोक-संस्कृति और भावनात्मक जुड़ाव पूरी तरह झलके। यह गीत सिर्फ मनोरंजन नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत का दस्तावेज है। इस परियोजना में गीतकार विनय बिहारी और संगीतकार राजेश गुप्ता का भी योगदान रहा है जिन्होंने छठ महापर्व की भावना को सुरों और शब्दों में खूबसूरती से पिरोया है। अनुराधा पौडवाल की मधुर आवाज इस गीत को और अधिक आत्मीय बनाती है। निर्देशक दीप श्रेष्ठ ने बताया कि यह वीडियो अतिशीघ्र श्रेष्ठ मूवीज के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि 'हे छठी मईया' को दर्शक और श्रोता उतना ही प्यार देंगे जितना उन्होंने मेरे पहले छठ गीतों को दिया था।

न्यू पटना क्लब में दीपावली नाइट का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। दीपों के पर्व दीपावली के शुभ अवसर पर न्यू पटना क्लब में भव्य 'दीपावली नाइट' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्लब के सचिव ए.पी.एन. सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. आर. एन. सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. एस. के. शाही, संयुक्त सचिव रोहित सिंह, कोषाध्यक्ष रामलाल खेतान तथा सदस्यगण राज कुमार अग्रवाल, डॉ. सुनील सिंह, नवीन गुप्ता, रमेश गुप्ता, राकेश बंसल, रामाशंकर प्रसाद, आशीष शंकर, अशोक कुमार, राजीव सिंह एवं मुकेश जैन सहित बड़ी संख्या में अतिथि एवं सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दीपोत्सव के माहौल को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। इसके साथ ही राज्य का सबसे बड़ा मेगा हाऊजी प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया, जो तीन राउंड में सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में लगभग 1200 क्लब सदस्यों ने सपरिवार भाग लिया। विजेताओं को कुल छह लाख रुपये मूल्य के आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। धनतेरस की शुभ संध्या पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने संगीत, हंसी और स्वादिष्ट व्यंजनों का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही स्कोडा मोटर्स द्वारा आयोजित नवीनतम मॉडलों की गाड़ियों की प्रदर्शनी जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। न्यू पटना क्लब की यह 'दीपावली नाइट' खुशियों, मनोरंजन और सौहार्द का प्रतीक बनकर यादगार रही।

डेंगू से बचाव और दीपावली को लेकर प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन की सराहनीय पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन एवं आधार फाउंडेशन द्वारा लगातार जरूरतमंदों की सेवा का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज रेनबो होम, कुम्हारार, पटना में विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। पटना में बढ़ते डेंगू के प्रकोप को देखते हुए और दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए फाउंडेशन की टीम द्वारा वहां रहने वाले बच्चों के बीच मच्छरदानी, भुजिया के पैकेट, बिस्कुट, मोमबत्तियां एवं मिठाइयां वितरित की गईं। यह वितरण विद्यादेव प्रसाद ने अपनी स्व. पत्नी जयशीला कुमारी के तृतीय पुण्यतिथि पर किया। इस अवसर पर फाउंडेशन के आदित्य कुमार ने बच्चों को स्वच्छता और डेंगू से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी तथा त्योहार को सुरक्षित और आनंदपूर्ण ढंग से मनाने का संदेश दिया। प्रभु आहार फाउंडेशन के अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन एवं आधार फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों तक सहायता और खुशी पहुंचाना है।

संपादकीय

भुखमरी बन रही विश्वव्यापी चुनौती

विकास के तमाम दावों के समांतर दुनिया में आज भी करोड़ों लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं। यह समझना मुश्किल है कि एक ओर कुछ देशों की अरबों-खरबों की अर्थव्यवस्था की बात हो रही है तो दूसरी ओर कई देशों में करोड़ों नागरिक आज भी भूखे पेट क्यों सो रहे हैं। क्या यह संसाधनों के असंतुलित बंटवारे से उपजी समस्या है? भुखमरी की समस्या को लेकर संयुक्त राष्ट्र की वित्तपोषित एजंसी विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्लूएफपी) की नई रपट विचलित करती है। इसके मुताबिक, दुनिया के छह देशों के एक करोड़ चालीस लाख लोग भुखमरी के कगार पर पहुंच सकते हैं। समझा जा सकता है कि आज भी भूख और कुपोषण कितनी बड़ी चुनौती है।यह तब है जब दुनिया भर में कृषि प्रौद्योगिकी को उन्नत अवस्था में बताया जाता है। कई देशों में अनाज भंडार भरे हुए हैं। ऐसे में दुनिया के किसी कोने में कोई व्यक्ति भूखा रह जाता है, तो इसके जिम्मेदार वे बड़े देश भी हैं, जो खाद्य सहायता कार्यक्रम को आर्थिक सहायता देने से हाथ खींच रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र सहायता एजंसी का कहना है कि उसके प्रमुख दानदाताओं, खासकर अमेरिका और प्रमुख पश्चिमी देशों ने अनुदान में भारी कटौती की है। नतीजतन, हैती, सोमालिया, सूडान, कांगो, दक्षिण सूडान और अफगानिस्तान में नागरिकों तक खाद्य सहायता नहीं पहुंच रही और वहां के लोग भुखमरी का सामना करने को लाचार हैं।गरीबी, कुपोषण और भुखमरी से बेहाल देशों की दुर्दशा को संयुक्त राष्ट्र एजंसी के इस कथन से समझा जा सकता है कि हम लाखों लोगों की जीवनरेखा को अपनी आंखों के सामने टूटते हुए देख रहे हैं। वैश्विक स्तर पर भुखमरी का यह भयावह परिदृश्य है। विज्ञान में इतनी प्रगति के बाद भी भुखमरी आज भी बड़ी चुनौती बनी हुई है।करीब इकतीस करोड़ से अधिक नागरिक गंभीर रूप से खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। इनमें भी करीब साढ़े चार करोड़ नागरिक आपात स्थिति में पहुंच चुके हैं। सोमालिया में गरीबी और भुखमरी पूरी मानवता को लज्जित करती है। यह नहीं भूलना चाहिए कि कई बड़े राष्ट्र छोटे देशों में संसाधनों का दोहन करते आए हैं। ऐसे में सवाल है कि अंतरराष्ट्रीय खाद्य सहायता कार्यक्रम से पीछे हट रहे बड़े देश आखिर कैसी दुनिया देखना चाहते हैं?

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नरक चतुर्दशी पर स्नान करने से सभी पाप मिट जाते हैं और शरीर व मन शुद्ध होते हैं। इस दिन यमराज के लिए दीपदान करना बहुत शुभ माना जाता है। शाम के समय 14 दीए जलाने की परंपरा है। दीवाली से पहले छोटी दीवाली आती है, इसे नरक चतुर्दशी और रूप चौदस भी कहा जाता है।

नरक चतुर्दशी पर दीपदान से होता है आध्यात्मिक जागरण

(प्रज्ञा पांडेय)



साथ ही कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी तिथि को नरक चतुर्दशी के नाम से भी जाना जाता है। नरक चतुर्दशी पर सुबह के मुहूर्त में अभ्यंग स्नान करने का विधान है, इस दिन स्नान व दीपदान से पाप मिटते हैं और सौभाग्य बढ़ता है तो आइए हम आपको नरक चतुर्दशी व्रत का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं।

दीवाली से एक दिन पहले मनाई जाने वाली नरक चतुर्दशी को हिंदू धर्म में बहुत पवित्र और शुभ तिथि माना गया है। इसे रूप चौदस या छोटी दीवाली भी कहा जाता है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर नामक राक्षस का वध किया था और उसके बंधन में फंसी 16 हजार महिलाओं को मुक्त कराया था। इस साल नरक चतुर्दशी 19 अक्टूबर को मनाई जाएगी। इसी कारण यह दिन अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है।

नरक चतुर्दशी का शुभ मुहूर्त

हिन्दू पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 19 अक्टूबर 2025 को दोपहर 1 बजकर 51 मिनट से शुरू होगी और 20 अक्टूबर 2025 को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट तक रहेगी। इस आधार पर नरक चतुर्दशी का पर्व 19 अक्टूबर (रविवार) को मनाया जाएगा, जबकि अभ्यंग स्नान का शुभ मुहूर्त 20 अक्टूबर (सोमवार) की सुबह रहेगा।

नरक चतुर्दशी का धार्मिक महत्व: धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नरक चतुर्दशी पर स्नान करने से सभी पाप मिट जाते हैं और शरीर व मन शुद्ध होते हैं। इस दिन यमराज के लिए दीपदान करना बहुत शुभ माना जाता है। शाम के समय 14 दीए जलाने की परंपरा है। इनमें से एक सरसों के तेल का दीपक यमराज के नाम से जलाया जाता है, जबकि बाकी 13 दीपक घी के होते हैं। इससे अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है। नरक चतुर्दशी पर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करने से जीवन में सुख, समृद्धि और मानसिक शांति आती है। यह दिन न केवल शारीरिक शुद्धि का प्रतीक है बल्कि आध्यात्मिक जागरण का भी अवसर देता है।

सर्वार्थ सिद्धि योग में मनायी जाएगी नरक चतुर्दशी: नरक चतुर्दशी को पूरे दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बना हुआ है। सर्वार्थ सिद्धि योग में किए गए कार्य सफल होते हैं और यह एक शुभ योग है। नरक चतुर्दशी पर अमृत सिद्धि योग शाम को 5 बजकर 49 मिनट से अगले दिन 20 अक्टूबर को सुबह 06 बजकर 25 मिनट तक है। उस दिन इंद्र योग भी प्रातःकाल से लेकर देर रात 02:05 ए एम तक है। उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र प्रातःकाल से लेकर शाम 05 बजकर 49 मिनट तक है, उसके बाद से हस्त नक्षत्र है।

चौमुखी दीया जलाएं, मिलेगा लाभ : पंडितों के अनुसार नरक चतुर्दशी की रात मिट्टी का चौमुखी दीपक जलाना अत्यंत शुभ माना गया है। इसमें सरसों का तेल डालकर चार दिशाओं की ओर चार बत्तियां लगाई जाती हैं। इस दीपक को 'यम दीप' कहा जाता है, जो मृत्यु के देवता यमराज को समर्पित होता है। इसे घर के मुख्य द्वार के बाहर दक्षिण दिशा की ओर रखकर जलाया जाता है।

दीपक जलाते समय करें इन मंत्रों का जाप :

मृत्युना पाशदण्डाभ्यां कालेन च मया सह, या त्रयोदश्यां दीपदानात् सूर्यजः प्रीयतामिति॥

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार घर के सबसे वरिष्ठ सदस्य को यह दीपक जलाना चाहिए और जलाने के बाद दीपक को पलटकर नहीं देखना चाहिए। उस उपाय से अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है और घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहता है।

नरक चतुर्दशी पर करें मां काली की पूजा : नरक चतुर्दशी को काली चौदस भी कहा जाता है। इस दिन मां काली की पूजा करने से व्यक्ति को नकारात्मक ऊर्जा, भय और संकटों से मुक्ति मिलती है। पूजा के समय लाल गुड़हल के फूल अर्पित करें और ऊँ क्रीं कालिकायै नमः मंत्र का जप करें। यह साधना शत्रु नाश और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्ति का माध्यम मानी जाती है।

नरक चतुर्दशी पर करें ये अचूक उपाय: 1. दीपक- एक मिट्टी का चौमुखी दीपक लें। इसमें सरसों का तेल भरें और चार अलग-अलग दिशाओं की ओर मुख करके चार बत्तियां लगाएं।

2. **सही समय पर जलाएं दीपक** – यह दीपक शाम या रात के समय जलाया जाता है, जब घर के सभी सदस्य भोजन करके सोने की तैयारी कर रहे हों।

3.दीपदान की दिशा का भी है महत्व– दीपक को घर के बाहर मुख्य द्वार के पास दक्षिण दिशा की ओर मुख करके रखें। दक्षिण दिशा यमराज की मानी जाती है।

4.करें ये काम, मिलेगा लाभ– यह 'यम दीपक' घर का सबसे बड़ा सदस्य ही जलाता है। दीपक को रखने के बाद उसे पलटकर नहीं देखना चाहिए और घर के अंदर के सदस्यों को बाहर आकर उसे देखना नहीं चाहिए।

नरक चतुर्दशी से जुड़ी कुछ अन्य पौराणिक कथा

भगवान राम के प्रिय भक्त हनुमान जी को तो हर कोई जानता है। जब हनुमान सिर्फ एक शिशु थे, तो उन्होंने सूर्य को देखा और इसे एक अद्भुत फल समझकर इसे निगल लिया, जिससे पूरी दुनिया घोर अंधकार में डूब गई। काली चौदस के दिन सभी देवी-देवताओं ने हनुमान से सूर्य को मुक्त करने के लिए विनती की, लेकिन हनुमान नहीं माने, इसलिए भगवान इंद्र ने अपने वज्र से उन पर प्रहार किया, जो हनुमान के मुंह पर लगा और सूर्य निकल आया और फिर वहां दुनिया में फिर से प्रकाश था।

एक अन्य कथा के अनुसार राजा बलि सबसे उदार राजाओं में से एक थे और उन्होंने इसके लिए बहुत प्रसिद्धि प्राप्त की, लेकिन प्रसिद्धि उनके सिर चढ़ गई और वह बहुत अहंकारी हो गए। उसने अपने पास भिक्षा के लिए आने वाले लोगों का अपमान और अपमान करना शुरू कर दिया, इसलिए भगवान विष्णु ने उसे सबक सिखाने का फैसला किया और वामन अवतार में एक बौने के रूप में आए। जब बलि ने उससे कहा कि वह जो चाहे मांग ले तो भगवान वामन ने उसके तीन पग के बराबर भूमि मांगी। यहोवा ने पहले पग से सारी पृथ्वी को, और दूसरे पग से सारे आकाश को नाप लिया। फिर उसने बाली से पूछा कि वह अपना तीसरा कदम कहां रखे। एक विनम्र बाली ने झुककर भगवान से अपना अंतिम कदम उसके सिर पर रखने का अनुरोध किया, जिससे उसे मोक्ष प्राप्त हुआ। इसलिए इस दिन लालच को भगाने के लिए काली चौदस मनाई जाती है।

नरक चतुर्दशी पर अभ्यंग स्नान का महत्व: पंडितों के अनुसार पांच दिनों तक चलने वाला दीवाली उत्सव धनत्रयोदशी के दिन शुरू होता है और भाई दूज पर समाप्त होता है। दीवाली के दौरान तीन दिन यानी चतुर्दशी, अमावस्या और प्रतिपदा के दिनों में अभ्यंग स्नान का सुझाव दिया गया है। नरक चतुर्दशी पर अभ्यंग स्नान सबसे महत्वपूर्ण है। मान्यता है कि जो लोग इस दिन अभ्यंग स्नान करते हैं वे नरक जाने से बच सकते हैं। अभ्यंग स्नान के समय उबटन के लिए तिल के तेल का प्रयोग करना चाहिए।

नरक चतुर्दशी के दिन ये करें, मिलेगा लाभ: 1. काली चौदस की विधि के अनुसार घी और शक्कर के साथ तिल, लड्डू और चावल का प्रसाद चढ़ाएं।

2. पूरे दिन और विशेष रूप से मुहूर्त के दौरान देवी काली को समर्पित भक्ति गीत गाएं।

3. काली चौदस के दिन नहाते समय सिर धोएं और आंखों में काजल लगाएं, इससे नकारात्मक ऊर्जा और बुरी आत्माएं दूर होती हैं।

नरक चतुर्दशी पर ये न करें: 1. लाल कपड़े से ढके बर्तन, चौराहे पर रखे कुछ फल या काली गुड़िया पर कदम रखने या पार करने से सख्ती से बचें।

नरक चौदस पर काली पूजा से इन बीमारियों से मिलता है छुटकारा

पंडितों के अनुसार नरक चतुर्दशी पर काली पूजा से पुरानी बीमारियां, लाइलाज बीमारियां, काले जादू के बुरे प्रभाव, वित्तीय ऋण, नौकरी या व्यापार में रुकावटें, शनि और राहु के दुष्प्रभाव और अनजान लोगों से अपमान जैसी समस्याओं से मिलता है छुटकारा।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

दिवाली चिंता वाली

(अक्षय शुक्ला)

दिल्ली एनसीआर में रहने वालों के लिए दिवाली आती है तो खुशी के साथ ही कई तरह की चिंताएं भी लाती है। महीने भर पहले से आने वाली मिलावटी मिठाइयों की खबरें तो मिठास कम करती ही हैं, आसमान पर अभी से छा चुकी प्रदूषण की परत यह डर बढ़ा रही है कि आतिशबाज़ी के बाद सांस लेना भी दूभर हो जाएगा।

इस बार लगा था कि दिवाली अक्टूबर में है तो पराली का धुआं आने से पहले निपट जाएगी। ठंडक भी बहुत नहीं होगी तो पटाखों का धुआं उड़ जाएगा। लेकिन दिवाली से पांच दिन पहले ही एयर क्वॉलिटी इंडेक्स तीन सौ का लेवल पार कर गया। ऊपर से, सुप्रीम कोर्ट ने पांच साल बाद प्रतिबंध हटाकर ग्रीन पटाखे फोड़ने की इजाज़त दे दी। भले ही इनसे 30 प्रतिशत कम प्रदूषण फैलने का दावा किया जाए, पर क्या इतना धुआं भी बर्दाश्त करने के लिए यह शहर तैयार है?

सब जानते हैं कि ग्रीन के नाम पर खुलेआम न सिर्फ सभी तरह के पटाखे बिक रहे हैं, बल्कि फोड़े भी जाएंगे। पिछले पांच साल का उदाहरण हमारे सामने है, जब पाबंदी के बावजूद जमकर आतिशबाज़ी हुई तो अनुमति मिलने के बाद इस छूट का कितना दुरुपयोग होगा। तय जगह पर ही पटाखों की बिक्री के आदेश के बावजूद हर गली, मोहल्ले में सजी दुकानों पर ये खुलेआम बिकते दिख रहे हैं।

कोर्ट का यह निर्देश भी बेमानी है कि एनसीआर में बाहर से पटाखे नहीं लाए जाएं, जबकि पिछले एक महीने से चल रही छापेमारी में हज़ारों किलो पटाखे पकड़े जा चुके हैं। ज़ाहिर है कई महीने पहले ही यहां पटाखे स्टॉक कर लिए गए थे, तो दिवाली से पांच दिन पहले बाहर से लाने पर रोक के आदेश का क्या मतलब रह गया?

कौन जांचेगा कि ग्रीन पटाखे ही बेचे जा रहे हैं। खरीदने वाले की भी इसमें कोई दिलचस्पी नहीं होगी कि पटाखा ग्रीन है या नहीं। क्योंकि जिसे वातावरण की चिंता होगी, वह पटाखे खरीदेगा ही नहीं। और जो खरीद रहा है, वह किसी नियम की परवाह नहीं करता। उससे यह उम्मीद करना बेकार है कि वह दो घंटे के तय समय के बीच ही आतिशबाज़ी करेगा।

लोग खुद ही अपनी जान के दुश्मन हैं तो सिस्टम को क्या कहें। एक्यूआई 500 के करीब पहुंचने के बाद भी लोग न धूम्रपान छोड़ रहे, न पटाखे फोड़ना तो सरकार को क्या दोष दें।

रही सही कसर हर रोज़ पकड़ी जा रही ज़हरीली मिठाइयों की खबरों ने पूरी कर दी। नवरात्र के पहले से मिलावटी खाद्य पदार्थ पकड़े जा रहे हैं। तब से अब तक न जाने कितने क्विंटल नकली मावा, पनीर व इनसे बनी मिठाइयां ज़ब्त और नष्ट की जा चुकी हैं।

लेकिन हद तो तब हो गई जब सैकड़ों किलो सोनपापड़ी और बादाम भी मिलावट के शक में ज़ब्त किए गए। बताइए, अभी तक इस मिठाई को सबसे सुरक्षित माना जाता था। लोग सोचते थे कि मावे में तो मिलावट की गुंजाइश है, लेकिन सोनपापड़ी में कहां होगी। इसके कारण यह बेचारी कितनी बदनाम भी हो गई। मीम बन गए कि दिवाली पर सोनपापड़ी का डिब्बा बस एक घर से दूसरे घर ट्रांसफर ही होता रहता है, कभी खुलता नहीं। किसी को दें तो वह मुंह बनाए सो अलग। अब जब ये मिठाई भी सुरक्षित नहीं बची तो रोशनी के इस पर्व पर खाएं तो खाएं क्या।

एक बार इनसे दूरी बना भी लें पर इस काले धुएं से पीछा कैसे छुड़ाएं, जो अगले कुछ महीनों तक हमारी सांस पर आफत बन कर छाने वाला है।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

नक्सलवाद के खिलाफ बड़ी जीत की ओर अग्रसर भारत- लेकिन अब जिम्मेदारी और बढ़ गई है

(संतोष कुमार पाठक)

यह बात सही है कि नक्सली आंदोलन के कारण देश के 100 से ज्यादा जिलों में विकास के कार्य प्रभावित हुए हैं। नक्सलियों के कारण इस देश की बड़ी आबादी खासकर आदिवासियों को पिछले कई दशकों से भयावह पीड़ा का सामना करना पड़ा है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत की जनता से यह वादा किया है कि देश 31 मार्च 2026 तक पूरी तरह से नक्सलियों से मुक्त हो जाएगा। हमारे सुरक्षा बलों के अथक प्रयासों के बाद भारत तेजी से उस लक्ष्य को हासिल करने की तरफ बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक निजी टीवी चैनल के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह दावा किया कि सिर्फ 75 घंटे के दौरान 303 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। सरेंडर करने वाले इन नक्सलियों में किसी पर 1 करोड़ का इनाम था,किसी पर 15 लाख का इनाम था तो किसी पर 5 लाख का इनाम था। इन नक्सलियों से बहुत बड़ी मात्रा में हथियार भी पकड़े गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी कार्यक्रम में बोलते हुए आगे यह भी दावा किया कि 11 वर्ष पहले तक देश के 125 से ज्यादा जिले, माओवादी आतंक से प्रभावित थे लेकिन आज देश में ऐसे जिलों की संख्या घटकर सिर्फ 11 रह गई है। यानी मोदी सरकार का यह दावा है कि वर्तमान में देश में सिर्फ 11 जिलों में नक्सलियों का प्रभाव बचा हुआ है और आने वाले कुछ महीनों में (मार्च 2026) तक यह भी पूरी तरह से खत्म हो जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सरकार को लगातार मिल रही कामयाबी का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह दावा किया कि, छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ और उत्तरी बस्तर, जो कभी आतंकवादियों के गढ़ थे, आज नक्सली आतंक से मुक्त घोषित किए गए हैं। अब दक्षिणी बस्तर में नक्सलवाद का नामोनिशान बचा है, जिसे हमारे सुरक्षा बल जल्द ही मिटा देंगे।

शाह ने नक्सलवाद के खिलाफ जारी लड़ाई में मिल रही कामयाबी का जिक्र करते हुए यह भी कहा कि, जनवरी 2024 में छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद से अब तक 2100 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, 1785 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 477 नक्सली मारे गए हैं और ये आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सरकारी आंकड़ों की माने तो, वर्ष 2025 में अभी तक



सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 312 नक्सली मारे जा चुके हैं जबकि 836 नक्सलियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सिर्फ 75 घंटे के दौरान 303 नक्सलियों ने डर कर आत्मसमर्पण कर दिया। इसमें से 258 आत्मसमर्पण तो सिर्फ दो दिनों के दौरान ही हो गया। दरअसल, सुरक्षाबलों द्वारा माओवादी नेता नरसिम्हा उर्फ नम्बाला केशव राव सहित उनके पोलित ब्यूरो में शामिल कई बड़े नेताओं को मौत के घाट उतारने के बाद से ही नक्सल आंदोलन की पूरी कमर ही टूट गई है। एक तरफ जहां नक्सली संगठन नेतृत्वविहीन होते चले गए हैं वहीं दूसरी तरफ सुरक्षाबलों ने लगातार अभियान चला कर उन्हें पूरी तरह से घेर दिया था। सरकार की सख्त नीतियों के कारण भी नक्सलियों पर चौतरफा दबाव बढ़ता ही जा रहा था और यही वजह है कि जान बचाने के लिए नक्सली लगातार हथियार डाल कर सरेंडर कर रहे हैं।

यह बात सही है कि नक्सली आंदोलन के कारण देश के 100 से ज्यादा जिलों में विकास के कार्य प्रभावित हुए हैं। नक्सलियों के कारण इस देश की बड़ी आबादी खासकर आदिवासियों को पिछले कई दशकों से भयावह पीड़ा का सामना करना पड़ा है। ऐसे में नक्सलवाद का खात्मा निश्चित तौर पर उनके लिए राहत भरी खबर है। लेकिन सही मायनों में कहा जाए तो नक्सलवाद के खात्मे के साथ ही इस देश में लोकतंत्र की एक बड़ी लड़ाई की शुरुआत भी हो जाती है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में से कई निश्चित तौर पर आगे जाकर चुनावी राजनीति का हिस्सा बनेंगे। लेकिन सत्ता में बैठे लोगों को अब इस बात का ध्यान रखना होगा कि , छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और झारखंड सहित उन तमाम राज्यों में जहां-जहां नक्सलियों ने अब तक कहर ढाया है, वहां-वहां सही मायनों में विकास पहुंचे। इन राज्यों में रहने वाले आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन पर उनके बुनियादी हकों से कोई छेड़छाड़ ना की जाए। विकास के किसी भी मॉडल के तहत इनके इलाकों के लिए योजना बनाते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि इनसे कुछ भी जबरदस्ती ना छीना जाए। सरकार और प्रशासन में बैठे हर व्यक्ति को हर कीमत पर यह सुनिश्चित करना होगा कि इनके इलाके में तेजी से विकास के कार्य तो हो लेकिन इसके साथ ही जल-जीवन और जंगल पर इनके बुनियादी अधिकारों की रक्षा को भी सुनिश्चित किया जाए। देश के 100 से ज्यादा जिलों में स्थायी शांति बनाए रखने के लिए यह बहुत ही जरूरी है।लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

New page 7_page 12 29.05.2025.qxd 19-10-2025 21:40 Page 1

गिरिडीहवासियों ने धनतेरस पर जमकर बरसाया धन

जेवर दुकानों पर महिलाओं की रही भीड़, वाहनों की भी बिक्री हुई अप्रत्याशित, 90 करोड़ से अधिक की हुई खरीदारी





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। धनतेरस पर गिरिडीह में माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर का आशीर्वाद जमकर बरसा। जीएसटी में राहत का असर बाजारों में साफ दिखा, जहां शनिवार को खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी। शहर के बाजारों में सुबह से देर शाम तक खरीदारी का उत्सव चलता रहा। दोपहिया और चारपहिया वाहनों से लेकर टीवी, एलईडी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, बर्तन और सजावटी सामानों की जमकर बिक्री हुई। सबसे ज्यादा भीड़ ज्वेलरी की दुकानों पर रही, जहां महिलाओं ने सोने-चांदी के जेवर खरीदे। मोबाइल दुकानों पर भी रिकॉर्ड तोड़ बिक्री दर्ज की गई। हीरो शोरूम के डायरेक्टर प्रदीप जैन और हौंडा शोरूम के संचालक संजय गुप्ता ने बताया कि जिले में 250 से अधिक दोपहिया वाहनों की बुकिंग हुई। स्टील और बर्तनों की बिक्री में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। इस बार महंगाई और पैसे की कमी का असर लोगों की खरीदारी पर नहीं दिखा। हर वर्ग के लोग माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की मूर्तियों, मिट्टी के दीये और सजावटी वस्तुओं की खरीदारी करते नजर आए। अनुमान के मुताबिक, धनतेरस पर गिरिडीह में लगभग 90 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ, जिससे व्यापारी वर्ग में उत्साह और खुशी का माहौल बना रहा।

इसी तरह धनतेरस के मौके पर शनिवार को गिरिडीह में भगवान कुबेर और माता लक्ष्मी की खास कृपा बरसी। पूरे जिले में धनतेरस पर करीब 50 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ है। हालांकि शनिवार को सुबह के वक्त बाजार में कम ही भीड़ थी, लेकिन शाम होते ही बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। बाजार में पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा था। इस दौरान यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एसडीपीओ उरांव जितवाहन प्रशिक्षु डीएसपी और नगर थाना भिखारी राम को पुलिस जवानों के साथ यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए उतरना पड़ा। इधर बाजार विशेषज्ञों की माने तो पूरे जिले में करीब 70 से 75 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ है। धनतेरस के मौके पर शुभ मुहुर्त को देखते हुए लोगों ने खरीददारी करने के लिए बाजार पहुंचे। खासकर ज्वेलरी की दुकानों में दिन भर महिलाओं व युवतियों की भीड़ देखी गई। महिलाएं और युवतियां अपनी पसंद की ज्वेलरी की खरीददारी की। इस क्रम में लक्ष्मी-गणेश के फोटो से अंकित चांदी के सिक्कों की काफी अच्छी बिक्री हुई। विशेषज्ञों के अनुसार धनतेरस के मौके पर सराफा कारोबार भी 12 करोड़ से अधिक का ही हुआ। जबकि इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रोनिक दुकानों में एलईडी, फ्रिज, वांशिग मशीन, गिजर और घर के सजावट के लिए झालर खरीदने के लिए ग्राहकों की काफी भीड़ रही। एक अनुमान के अनुसार इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रोनिक बाजार में ही 14 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ लेकिन सबसे अधिक भीड़ वाहनों के शोरुम में दिखी। वाहनों की कीमत घटने के कारण दो पहिया व चारपहिया वाहनों के शोरुम में ग्राहकों की भीड़ लगी हुई थी। हालांकि लोगों ने पूर्व मे ही वाहनों की बुकिंग करा रखी थी, लेकिन शोरूम में लोगों की भीड़ बताने के लिए काफी थी कि धनतेरष में चार पहिया और दो वाहनों का कारोबार करोड़ों में हुआ है। लोगों ने दीपावली की शाम घर में सुख-समृद्धि बनी रहे। इसके लिए लोगों ने भगवान गणेश और माता महालक्ष्मी की मूर्तियों की भी खरीदारी करते नजर आएं।

घर के सजावट के लिए अलग-अलग डिजाईन के कृत्रिम रंगोली और फूलों से बने झालर खरीदते नजर आएं। इस दौरान मिट्टी के दीये के साथ मिट्टी के घरकुंडा की खरीदारी करती महिलाएं और युवतियां नजर आई।

जादूगोड़ा में भाजपा को लगा झटका

सैकड़ों ने भाजपा छोड़ झामुमो का थामा दामन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जादूगोड़ा। जादूगोड़ा कॉलोनी स्थित यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के कामगार यूनियन कार्यालय में रविवार को एक दृश्य देखने को मिला, जब मुसाबनी प्रखंड के पारंपरिक रूप से बीजेपी का गढ़ माने जाने वाले उत्तरी ईचरा और दक्षिणी ईंचरा पंचायतों के सैकड़ों युवाओं ने एक साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का दामन थाम लिया।

कार्यक्रम में शामिल होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले इन युवाओं का स्वागत झामुमो नेता सह घाटशिला विधानसभा उपचुनाव प्रभारी कुणाल सारंगी तथा स्व. रामदास सोरेन के भतीजे और झामुमो नेता विक्टर सोरेन ने पुष्पमाला और पार्टी का पट्टा पहना कर किया।

मौके पर कुणाल सारंगी ने कहा यह उपचुनाव हमारे लिए केवल राजनीतिक नहीं बल्कि भावनात्मक लड़ाई है। स्वर्गीय रामदास सोरेन ने जिस सेवा भाव से जनता का प्रतिनिधित्व किया, उसे आगे बढ़ाना हम सबका कर्तव्य है।

हमें उनके पुत्र सोमेश सोरेन को इस बार और अधिक मतों से जीताकर विधानसभा भेजना है यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

वहीं, विक्टर सोरेन ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सोमेश सोरेन पढ़े-लिखे, युवा और संघर्षशील उम्मीदवार हैं।

झामुमो हमेशा जनहित के मुद्दों पर खड़ी रही है, जबकि विपक्ष सिर्फ झूठे वादों में उलझा रहा। अब जनता जाग चुकी है।

घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के उत्तरी ईचरा और दक्षिणी ईचरा पंचायतें परंपरागत रूप से बीजेपी का मजबूत आधार मानी जाती रही हैं।

ऐसे में झामुमो के लिए इन पंचायतों से सैकड़ों युवाओं का समर्थन हासिल करना एक बड़ा संगठनात्मक और मनोवैज्ञानिक लाभ माना जा रहा है।

दोनों पंचायतों से जयकृष्ण मुंडा, नारायण मुंडा,सतीश बस्ती (सोसाइटी),अम्बा बिकाश मुर्मू,कुणाल सोनार, रोहित बेशंकर, सुनील बिरुली, अरविंद गोंझा,विजय खुम्बीर, अनुज कुमार, गोपी मांझी, सोनू दास, बिकेश उरांव, शंभू उरांव,दीपक कुमार यादव ने झामुमो का दामन थामा।

वहीं, शिव उपाध्याय, मनोज राजन सिंह, सोनू बिरुली, शंकर हांसदा,बिशाल मुर्मू, सुब्रजीत उरांव, साहिल मांझी,सुभोजीत दास, सुबेर टुडू, ओहाम मुर्मू, शिव कुमार पात्रो, देव मुखी, ओहाम कुमार कालुंडी, राहुल हांडा, निकिल मुखी, जगदीप पात्रो, अपुस्तियो कुमार दास, लखू लोहान, प्रवीण प्रसाद, बिशाल नामाता, तुषार बेड़ा, चंदन कुमार, कुंदन कुमार, कन्हैया पान, राकेश गोप,जोजोशी गोप, मुकेश सरदार,सोनू हांसदा, बिशाल उरांव, गणेश उरांव, अजय उरांव, रोशन उरांव, सतीश बस्ती, धीरज बड़ाईक भी झामुमो में शामिल हुए।

महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष दुर्गा शर्मा ने दिया इस्तीफा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष दुर्गा शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा शनिवार को महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गूंजन सिंह को भेजा है। इस्तीफा भेजने का कारण बताते हुए दुर्गा शर्मा ने कहा कि उनके मुहल्ले में रहनेवाले एक पुरुष ने अश्लील शब्दों का उपयोग करते हुए उनके साथ गाली-गलौज की। यहां तक कहा कि तुम्हारी पार्टी तुम्हे कितना सुरक्षा देगी हम देख लेंगे।

उन्होंने इसकी शिकायत गिरिडीह नगर थाना को लिखित रूप से दी। मोबाइल के माध्यम से महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस जिलाध्यक्ष गिरिडीह एवं पार्टी के कई नेताओं को सूचना दी, परंतु अफसोस ना तो थाना से कोई मदद मिली और ना ही पार्टी से। कहा कि जब मैं खुद ही अपनी गरिमा नहीं बचा सकती तो अन्य महिलाओं के मान सम्मान की रक्षा का झूठा आश्वासन कैसे दें सकती हूं। इसी से क्षुब्ध होकर इस्तीफा भेज रही है। दुर्गा शर्मा ने कहा कि मेरा इस्तीफा मंजूर करते हुए हमें पदमुक्त कर दिया जाए। साथ ही मैं पार्टी की सदस्यता से भी इस्तीफा दे रही हूं।

अभय कुमार ने सभी पदों से दिया त्याग पत्र



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव, पूर्व जिला अध्यक्ष गिरिडीह अभय कुमार ने एनएसयूआई के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। अभय कुमार ने बताया कि वे अपने व्यक्तिगत कारणों से एवं गुटबाजी के कारण अपने सभी पदों एवं एनएसयूआई छात्र संगठन से अपना इस्तीफा दिया है।

पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न क्षेत्रों का जिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। धनतेरस की देर रात गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार ने शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान वे टावर चौक पहुंचे और पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए एसपी ने आम लोगों से दीपावली और छठ महापर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी तरह की अफवाह या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने बताया कि शहरभर में पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है ताकि लोग सुरक्षित वातावरण में त्योहार मना सकें। उन्होंने लोगों से निर्भिक होकर त्योहार मनाने की अपील की।

जमीन घोटाला मामले में पूर्व सीओ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग में सरकारी जमीन की अवैध खरीद-बिक्री से जुड़े बहुचर्चित जमीन घोटाला मामले में बुधवार को बड़ी कार्रवाई हुई। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को तत्कालीन सदर सीओ शैलेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी रांची से की गई, जिसके बाद उन्हें हजारीबाग कोर्ट में पेश किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनवाई के उपरांत उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया है। आरोपित ने कोर्ट में स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया। बताया कि बीपी की शिकायत है। मेरा इलाज चल रहा है। लेकिन कोर्ट ने जेल में इलाज कराने की सलाह के साथ उन्हें जेल भेज दिया। यह पूरा मामला तत्कालीन उपायुक्त विनय कुमार चौबे से जुड़ा हुआ है। उनके कार्यकाल के दौरान ही जमीन से जुड़ा यह खेल किया गया था। एसीबी अब मामले में तत्कालीन उपायुक्त को अभियुक्त बना सकती है।ज्ञात हो कि इस प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण वाद संख्या 11/2025 के तहत कुल 73 लोगों को अभियुक्त बनाया गया है, जिनमें से 68 नामजद हैं। मामला 25 सितंबर 2025 को दर्ज किया गया था। आरोप है कि सरकारी भूमि भूदान, वन भूमि, गोचर, गैर मजरूवा आम एवं खास को कुछ भू-माफियाओं द्वारा फर्जी कागजात बनाकर अवैध तरीके से खरीद-बिक्री कर जमाबंदी करा लिया गया। एफआईआर में भारतीय दंड संहिता की धाराएं 420, 467, 468, 471, 120(बी) तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1) और 13(2) लगाई गई हैं। इस मामले में प्रमुख अभियुक्तों में तत्कालीन सीओ शैलेश कुमार, तत्कालीन सीओ अलका कुमारी, अंचल निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह, राजस्व कर्मचारी राम प्रकाश चौधरी और संतोष कुमार वर्मा सहित कई अन्य चर्चित नाम शामिल हैं।

एक दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। छोटी दीपावली के शुभ संध्या पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गिरिडीह नगर इकाई की ओर से एक दिया शहीदों के नाम पर शहर के टावर चौक में कार्यक्रम किया गया। परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ 'दीपावली के अवसर पर हर साल टावर चौक पर दीपोत्सव मनाया जाता है। टावर चौक पर सैकड़ों दीयों से जगमगा उठा। दीपमालाओं से रौशन कर मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों की शहादत को याद किया गया। शहीदों की याद में जब दीये जगमगाए तो चहुंओर शौर्य और उजाला छा गया । गिरिडीह जिला संयोजक मंटू मुर्मू ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन शहीदों को नमन करना है, जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ बलिदान देश के लिए दे दिया।

उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा



जवानों के हाथों में है। जब हम नींद में रहते हैं तो जवान देश की सरहद की सुरक्षा करते हैं। कई ऐसे जवान हैं, जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वोच्च निछावर कर दिया। उन शहीदों के नाम पर एक दीया टावर चोक पर जलाया जा रहा है। यह सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने यह भी कहा कि हर एक भारतीयों का यह दायित्व है कि जहां भी शहीद स्थल या शहीद स्मारक हैं उसे साफ रखें और दीपावली के दिन एक दीया अवश्य स्मारक में जलाएं। मौके पर नगर उपाध्यक्ष राजेश पांडे, प्रदेश सोशल मीडिया प्रमुख गुड्डू राय, नगर मंत्री नीरज चौधरी ,नगर शाह मंत्री अनीश राय ,शुभम ताप्ती, सदानंद राय, अभिजीत सिन्हा, शिव गौरव पांडे, राजेश यादव, सोनू यादव, दीपक वर्मा, बिट्टू मोदी, सोनू पंडित, विकास कुमार, आनंद राय,

निकाय चुनाव की तैयारी शुरू



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। राज्य सरकार के साथ-साथ राजनीतिक दलों ने भी प्रदेश में नगर निकायों के चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। ऐसे में कांग्रेस के कार्यकर्ता भी अपने-अपने स्तर से जुट गए हैं। कार्यकर्ताअं की तैयारी चुनाव लड़ने की है लेकिन अभी तक पार्टी का रुख स्पष्ट नहीं है। पार्टी अपने कार्यकताओं को चुनाव लड़ने से मना नहीं कर सकती और पार्टी उम्मीदवार भी नहीं दे सकती। दरअसल, राज्य में दलगत आधार पर चुनाव नहीं होने हैं। कार्यकर्ता अपनी बदौलत चुनाव मैदान में उतरेंगे। कई इलाकों में एक-दूसरे के सामने कार्यकर्ता अभी से ताल ठोक रहे हैं। इस लड़ाई में पार्टियां कमजोर पड़ रही हैं। ऐसे में पाटियों के सामने बड़ी चुनौती होगी अपने कार्यकताओं को दल से बांधकर रखना।

पीएलएफआइ सुप्रीमो की दोनों पत्नियों के विरूद्ध चार्जशीट दाखिल

लेवी की रकम को कई कंपनियों में किया है निवेश, ईडी करेगी जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। टेरर फंडिंग व मनी लांड्रिंग मामले में प्रतिबंधित माओवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट आफ इंडिया (पीएलएफआइ) के विरुद्ध जांच कर रही ईडी ने पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप, उसकी दोनों पत्नियों शकुंतला कुमारी व हीरा देवी सहित 20 आरोपितों के विरुद्ध पूरक आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल किया है।

यह चार्जशीट रांची स्थित ईडी की विशेष अदालत में दाखिल की गई है। ईडी ने जांच में पाया है कि दिनेश गोप ने लेवी-रंगदारी से 20 करोड़ रुपये अर्जित की। जांच में अब तक 3.36 करोड़ रुपये की मनी लांड्रिंग की जानकारी सामने आई है।ईडी ने झारखंड पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) में दिनेश गोप और उसके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकियों और आरोप पत्रों के आधार पर पीएमएल अधिनियम के तहत जांच शुरू की थी। ये प्रथमिकियां हत्या, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली आदि से संबंधित थीं।

ईडी को जांच में पता चला है कि दिनेश गोप ने एक आपराधिक उद्योग की कमान संभाली थी। यह हिंसा, आगजनी, धमकी के माध्यम से झारखंड और आसपास के राज्यों में ठेकेदारों, व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों से व्यवस्थित रूप से वसूली करता था। जांच के दौरान दिनेश गोप के माध्यम से विभिन्न स्तरों पर मनी लांड्रिंग गतिविधियों का पता चला है। उसने जबरन वसूली गई नकदी को फर्जी कंपनियों के एक नेटवर्क में निवेश किया। उन कंपनियों का नेतृत्व दिनेश गोप की दोनों पत्नियां शकुंतला कुमारी व हीरा देवी करती थीं।उन कंपनियों का कोई वैध व्यवसाय नहीं था। लेवी-रंगदारी की राशि को हवाला के माध्यम से भी एक जगह से दूसरे जगह पहुंचाया जाता था। किसी तीसरे के माध्यम से उक्त अवैध धन का निवेश भी किया जाता था, ताकि उक्त धन को वैध बनाया जा सके।

लेवी-रंगदारी की राशि को लग्जरी वाहनों, बैंकों, उच्च मूल्य वाली संपत्तियों की खरीद, परिवार के निजी खर्चों के लिए इस्तेमाल कर उसे वैध बनाने की कोशिश की गई।

ईडी ने चार्जशीट में बताया कि इससे पहले पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप के सहयोगी निवेश कुमार के विरुद्ध चार्जशीट की गई थी। उसके बताया गया था कि निवेश ने अपराध की आय से चार करोड़ रुपये अर्जित की थी। इसमें दिनेश गोप के दो करोड़ रुपये भी शामिल थे। उक्त रुपये दिनेश गोप ने निवेश को हथियार खरीदने के लिए दिए थे। निवेश कुमार पर दाखिल इसी चार्जशीट के आधार पर ईडी ने उस केस में भी दिनेश गोप को 20 अगस्त 2025 को गिरफ्तार दिखाया था। दिनेश गोप ने स्वीकार किया था कि उसकी निगरानी में संचालित शेल कंपनियों में उसने लेवी-रंगदारी से उगाही गई काली कमाई को निवेश किया था।

बैठक कर कार्यक्रम की सफलता के लिए लोगों का जताया आभार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूंटी। रविवार को करम अखड़ा में आदिवासी समन्वय समिति का समीक्षा बैठक अध्यक्ष चन्द्र प्रभात मुंडा की अध्यक्षता में की गयी। इस बैठक में 14 अक्टूबर को आयोजित आदिवासी आक्रोश रैली कार्यक्रम के ऐतिहासिक सफलता एवं अपार जनसमर्थन के लिए सभी समाजिक एक्टिविस्टों परम्परागत समाजिक अगुवाओं, बुद्धि जीवियों और सम्मानित साथियों तथा मुकम्मल विधि व्यवस्था संधारण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रशासन तथा समिति के भोलेटियर्सों को समिति की ओर से आभार एवं धन्यवाद दिया गया।

बैठक में कहा गया कि यह कार्यक्रम न सिर्फ आदिवासी समाज की एकजुटता, कुर्मी कुड़मियों को २३ सूची में शामिल होने से रोकने के लिए मील का पत्थर साबित होगा बल्कि आदिवासियों और मूलवासियों के बीच तथाकथित राजनैतिक नेताओं द्वारा झारखंड में आपसी समरसता और सौहार्द को बिगाड़ने का साजिश को विफल करने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण साबित होगा।

समीक्षा बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि आने वाले समय में समन्वय समिति को और मजबूत किया जाएगा तथा समाज का नेतृत्व संविधान सम्मत किया जाएगा और सरकार तथा सरकार की संवैधानिक संस्थाओं को आईना दिखाया जाएगा। आज की बैठक में पड़ाह राजा सोमा मुंडा,तिडू संकूरा पड़ाव राजा मंगल सिंह मुंडा,मर्शल बरला बासिंह मुंडा,अमन मकसलन तोपनो, राम मुंडा, रोहित सुरीन, जोनसन होरो,अनुप मुंडा, मानसिंह बोदरा, जैक जोन हमसोय,चोंगे भेंगरा, मसीह भेंगरा,फूलवन्ती ओड़ेया, अमृता मुंडा, मथुरा कंडीर, शिबू होरो, बब्लू नाग,घासीराय मुंडा, जोसेफ होरो,अजय हस्सा, राम पाहन,जादो कंडील, बिरसा कंडील, चट्टान मुंडा, सरिता मुंडा वगैरह सैंकड़ों लोग उपस्थित हुए।

पहले चरण में लालू-नीतीश की सबसे अधिक सीटें दांव पर

पहले चरण में 18 जिले के 121 सीटों पर होना है चुनाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान छह नवंबर को है। पहले चरण में 18 जिले के 121 सीटों पर चुनाव होना है। अब तक 1698 विभिन्न दलों के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। 20 अक्टूबर तक नाम वापसी की अंतिम तिथि है। खास बात यह है कि पहले चरण में राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल यूनाईटेड की सबसे अधिक सीटें दांव पर लगी है। इस बार महागठबंधन की ओर से राजद ने 71, कांग्रेस ने 25, भाकपा माले 13, वीआईपी और सीपीआई छह-छह, सीपीएम और आईआईपी ने दो प्रत्याशी उतारे हैं। वहीं एनडीए से जदयू ने 57 उतारे हैं। भाजपा के 48, लोजपा (राम) के 14 और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी रालोमो से दो प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

पहले चरण में 36 सीटों पर राजद और जदयू के प्रत्याशी आमने-सामने हैं। वहीं राजद और भाजपा के बीच 23 सीटों पर आमने सामने हैं। कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों के बीच 23 सीटों पर मुकाबला है। वहीं कांग्रेस और जदयू 12 सीटों पर आमने-सामने हैं। वहीं चिराग और तेजस्वी के बीच 10 सीटों पर मुकाबला होना है। पहले यह संख्या 11 थी। लेकिन, मढ़ौरा से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) सीमा सिंह का नामांकन रद्द होने के कारण यह संख्या अब 10 रह गई। महागठबंधन में पिछले कुछ दिनों से सबसे ज्यादा चर्चा में रहे मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी का मुकाबला पहले चरण की छह में से चार सीटों पर भाजपा और दो सीटों पर जदयू से है।

पहले चरण में राजद से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव राघोपुर और छपरा से भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा से उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा लखीसराय, सम्राट चौधरी तारापुर से, मंत्री मंगल पांडेय सीवान से, जिवेश मिश्रा जाले से, संजय सरावगी दरभंगा सदर से, राजू सिंह राजू कुमार सिंह, नितिन नवीन बांकीपुर और लोकगायिका मैथिली ठाकुर अलीनगर सीट, पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा से चुनावी मैदान में हैं। वहीं जदयू से मंत्री विजय कुमार चौधरी सरायगंज से, महेश्वर हजारी कल्याणपुर से चुनावी मैदान में हैं।

वृद्धाश्रम में सिटी हास्पिटल के डायरेक्टर ने बांटी मिठाईयां



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। स्नेह दीप बृद्धा आश्रम मे आज दीपावली के अवसर पर सिटी हास्पिटल के डायरेक्टर व राष्ट्रीय बेरोजगार मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ एके वर्मा ने बृद्ध आश्रम में बुजूर्गों के बीच मिठाइयां बाट कर दीपावली की शुभकामनाए प्राप्त की।

मौके पर डॉ एके वर्मा ने कहा कि वृद्ध परिवार के लिए समय-समय पर एक छोटा सा प्रयास रहता है और वृद्धों के साथ खुशिया बाटने का मौका मिलता है । आज की जीवन शैली ने लोगो को माँ-बाप से अलग- थलगा बना कर रख दिया है। जिसे अपनापन निभाना और दूसरो के जीवन को सार्थक बनाना मेरी प्राथमिकता है।

एहसान आलम बने राजद के प्रदेश प्रधान महासचिव

बधाईयों का लगा तांता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। एहसान आलम को झारखंड बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ राजद के प्रधान महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस आशय की जानकारी राजद जिलाध्यक्ष इरफान आलम ने दी । उन्होंने बताया कि बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ राजद के प्रदेश अध्यक्ष जनार्दन कुमार ने सभी प्रदेश कमेटी की सूची एवं जिलाध्यक्ष की सूची जारी कर दी है। जिसमें गिरिडीह से झारखंड के प्रधान महासचिव एहसान आलम का नाम शामिल है। श्री आलम को राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रधान महासचिव झारखंड में बनाए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष जनार्दन कुमार का आभार प्रकट किया। नव निर्वाचित प्रधान महासचिव को बधाई देने वालों में राजद जिलाध्यक्ष इरफान आलम, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गिरेंद्र प्रसाद यादव , महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्षा रश्मि प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव, पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू,प्रदेश सचिव इनामुल हक, जिला सचिव अतुल कुमार चौधरी, जिला महासचिव नन्द किशोर यादव, वरिष्ठ नेता राजकुमार यादव,जिला उपाध्यक्ष रामकिशुन यादव, जमुआ विधान सभा क्षेत्र से सुखदेव हाजरा, जमुआ राजद प्रखण्ड अध्यक्ष ललन यादव, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्षा सुनीता देवी, देवरी प्रखण्ड अध्यक्ष रामकिशुन हाजरा , तिसरी प्रखण्ड अध्यक्ष सत्यनारायण यादव, गांवा प्रखण्ड अध्यक्ष लखन प्रसाद यादव, सहित सभी प्रखण्ड के अध्यक्ष, सचिव सहित सभी लोगों ने बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ राजद के नव निर्वाचित प्रधान महासचिव की जिम्मेदारी देने पर निश्चित रूप से युवाओं का कारवां सांगठनिक ताकतों के लिए मजबूती प्रदान करने में सफल साबित होगा।

फेडरल बैंक के प्रॉफिट में गिरावट, ब्रोकरेज ने कहा- दिवाली में शेयर खरीदो



नई दिल्ली, एजेंसी। प्राइवेट सेक्टर के फेडरल बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस तिमाही में बैंक का नेट प्रॉफिट 9.51 प्रतिशत घटकर 991.94 करोड़ रुपये रह गया। फेडरल बैंक को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,096.25 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बैंक की मुख्य शुद्ध ब्याज आय 5.4 प्रतिशत बढ़कर 2,495 करोड़ रुपये हो गई। फेडरल बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बैंक चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में लोन बुक को 10 से 12 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रख रहा है, जो पहली छमाही की 7.6 प्रतिशत वृद्धि से अधिक होगा। हालांकि, अगर दूसरी छमाही में अधिकतम लक्ष्य भी हासिल हो जाए तो भी पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए लोन ग्रोथ 10 प्रतिशत से कम रहेगी, जो वित्त वर्ष 2024-25 की 12.14 प्रतिशत की वृद्धि से कम होगी। बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी केवीएस मणियन ने बताया कि कॉरपोरेट ऋणों की मांग अभी भी कमजोर बनी हुई है। उन्होंने आशा जताई कि सरकार द्वारा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती जैसे उपायों से उपभोक्ता मांग बढ़ेगी, जिससे कंपनियां अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने की दिशा में कदम उठाएंगी। फेडरल बैंक के शेयर की बात करें तो यह बीते शुक्रवार को 1.03 प्रतिशत टूटकर 212.40 रुपये पर बंद हुआ। ब्रोकरेज फर्म एक्सिस सिक्योरिटीज ने फेडरल बैंक के शेयर पर सकारात्मक रुख बनाकर टारगेट प्राइस तय किया है। दरअसल, दिवाली को देखते हुए ब्रोकरेज एक्सिस सिक्योरिटीज ने विक्रम संवत 2082 के लिए अपनी चुनिंदा शेयरों की सूची जारी कर दी है।

यूएई के लेंडर ने आरबीएल बैंक में खरीदी हिस्सेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्राइवेट सेक्टर के आरबीएल बैंक में यूएई का दूसरा सबसे बड़ा लेंडर- एमिरेट्स एनबीडी बैंक पीजेएससी बड़ी हिस्सेदारी खरीद रहा है। इसके लिए यूएई का लेंडर आरबीएल बैंक में 26,580 करोड़ रुपये (3 बिलियन डॉलर) निवेश पर सहमत हो गया है। यह निवेश प्रिफरेंशियल अलॉटमेंट के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें प्रति शेयर 280 के भाव पर नई इक्विटी पूंजी जारी की जाएगी। ईटी की खबर के मुताबिक डील पर साइन किया जा चुका है। जानकारी के लिए बता दें कि वर्तमान में आरबीएल बैंक में 22 प्रतिशत हिस्सेदारी विदेशी निवेशकों की है।

लंदन तक पहुंचा चांदी का सैलाब! भंडार हुए खाली

● कारोबारी ने कहा- 27 साल के करियर में ऐसा कभी नहीं देखा

नई दिल्ली, एजेंसी। चांदी की बिक्री की सुनामी सिर्फ भारत में ही नहीं आई, बल्कि इसका सैलाब लंदन तक पहुंच गया। एमएमटीसी-पंप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के ट्रेडिंग हेड विपिन रैना को उम्मीद थी कि भारतीय धनतेरस पर जमकर खरीदारी करेंगे। वे लक्ष्मीजी की पूजा के लिए चांदी खरीद रहे थे। लेकिन जब यह हुआ, तो वे हैरान रह गए। पिछले हफ्ते की शुरुआत में भारत की सबसे बड़ी कीमती धातु रिफाइनरी (उनकी कंपनी) अपने चांदी के स्टॉक से इतिहास में पहली बार खाली हो गई। उन्होंने कहा कि लोग जबरदस्त खरीदारी कर रहे हैं। ऐसा उन्होंने अपने 27 साल के करियर में कभी नहीं देखा।



लंदन में खत्म हुई चांदी

पिछले हफ्ते के अंत तक यह उन्माद लंदन के चांदी बाजार तक फैल गया था। लंदन में दुनिया के सबसे बड़े बैंक भारी मात्रा में खरीद-बिक्री करते हैं। वहां भी उपलब्ध चांदी खत्म हो गई थी। व्यापारियों का कहना है कि बाजार लगभग टूट गया था, जहां बड़े बैंक भी कीमतें बताना बंद कर रहे थे क्योंकि उन्हें ग्राहकों के गुस्से और थकान से भरे फोन कॉल्स का सामना करना पड़ रहा था।

लंदन की ओर क्यों मुड़े डीलर

भारत में वैश्विक कीमतों से ऊपर चांदी के प्रीमियम (जो आमतौर पर कुछ सेंट प्रति औंस से अधिक नहीं होते थे) 0.50 डॉलर से ऊपर और फिर 1 डॉलर से ऊपर बढ़ने लगे, क्योंकि आपूर्ति कम हो गई। और जैसे ही भारत की मांग बढ़ रही थी चीन का बाजार एक सप्ताह की छुट्टी के लिए बंद हो गया। चीन आपूर्ति का एक प्रमुख स्रोत है। ऐसे में बुलियन डीलरों ने लंदन का रुख किया।

उन्हें जल्द ही पता चला कि शहर के कीमती धातु के वॉल्ट (सुरक्षित तिजोरियां) काफी हद तक बिक चुके थे। हालांकि लंदन के वॉल्ट, जो वैश्विक बाजार को सहारा देते हैं, उनमें 36 अरब डॉलर से अधिक की चांदी है, इसका अधिकांश हिस्सा एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड के निवेशकों के स्वामित्व में था।

चांदी बाजार में आ गया संकट

ब्लूमबर्ग के मुताबिक 9 अक्टूबर तक (धनतेरस से कुछ दिन पहले) लंदन का चांदी बाजार सबसे बड़े संकट से जूझ रहा था। कंसल्टेंसी मेटल्स फोकस के अनुसार, रातोंरात चांदी उधार लेने की लागत सालाना 200 प्रतिशत तक पहुंच गई। हटना शुरू कर दिया, बिड-आस्क स्प्रेड (खरीद और बिक्री मूल्य का अंतर) इतना बढ़ गया कि व्यापार लगभग असंभव हो गया।

लंदन के भंडार हुए खाली

लंदन बाजार में हर दिन लगभग 250 मिलियन औंस चांदी के कारोबार को सहारा देने के लिए बहुत कम धातु बची। मेटल्स फोकस के अनुसार अक्टूबर की शुरुआत तक लंदन चांदी बाजार में ईटीएफ के स्वामित्व वाले धातु के फ्री फ्लोट (खुले बाजार में उपलब्ध धातु) घटकर 150 मिलियन औंस से कम हो गए थे।

आईडीबीआई बैंक का मुनाफा लगभग दोगुना होकर 3627 करोड़ हुआ, परिणाम जारी



नई दिल्ली, एजेंसी। आईडीबीआई बैंक का एकल शुद्ध मुनाफा सितंबर तिमाही में लगभग दोगुना होकर 3,627 करोड़ रुपये हो गया। इसमें एनएसडीएल में निवेश की बिक्री से प्राप्त लाभ भी शामिल है। कंपनी ने शनिवार को जारी अपने वित्तीय परिणामों में इसकी जानकारी दी। एलआईसी के नियंत्रण वाले बैंक का मुनाफा 2024-25 की जुलाई-सितंबर अवधि में 1,836 करोड़ रुपये का था। बैंक ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि उसने अपने आईपीओ में 799.87 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 2.22 करोड़ इक्विटी शेयरों की पेशकश की थी। इसमें नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) में 11.11 प्रतिशत शेयरधारिता शामिल है। इससे उसे 1,698.96 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका परिचालन लाभ 17 प्रतिशत बढ़कर 3,523 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी तिमाही में यह लाभ 3,006 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2026 की जुलाई-सितंबर अवधि में ब्याज स शुद्ध आय 3,285 करोड़ रुपये थी। जबकि एक साल पहले यह 3,875 करोड़ रुपये थी। इसका कुल कारोबार 5,33,730 करोड़ रुपये का रहा, जो 12 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। आईडीबीआई बैंक ने आगे कहा कि 30 सितंबर, 2025 तक उसका सकल एनपीए अनुपात एक साल पहले के 3.68 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 2.65 प्रतिशत हो गया। शुद्ध एनपीए अनुपात सितंबर 2024 के 0.20 प्रतिशत की तुलना में 0.21 प्रतिशत रहा। बैंक ने कहा कि 30 सितंबर, 2025 तक उसकी कुल जमा राशि 3 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाएगी। 30 सितंबर, 2025 तक चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) 1,39,036 करोड़ रुपये और सीएएसए अनुपात 45.81 प्रतिशत रहा।

धनतेरस पर मुंबई के झवेरी बाजार में बिका 36 टन सोना

सिक्के और बार बने ग्राहकों की पहली पसंद

धनतेरस के दिन सोने की कीमतों में दिखी 5000 की नरमी

मुंबई एजेंसी। धनतेरस के अवसर पर शनिवार को मुंबई के प्रसिद्ध झवेरी बाजार में करीब 36 टन सोने की बिक्री हुई। इसमें सिक्कों और गोल्ड बार की खरीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली। सोने की कीमत में 5000 रुपये की गिरावट के बाद ग्राहकों का रुझान बढ़ा। इससे कुल कारोबार में तेजी आई। इस बार चांदी की बिक्री भी मजबूत रही, जबकि सोने के गहनों की बिक्री में थोड़ी कमी आई। इस उत्सव के दौरान देशभर में लगभग 50,000 करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है। धनतेरस के एक दिन पहले सोने की कीमतें 1,36,000 रुपये 10 पर थी, जो शनिवार 18 अक्टूबर धनतेरस के दिन 5000 रुपये गिरकर 1,31,425 रुपये 10 ग्राम पर कारोबार करती दिखी। चांदी की कीमत 157,590 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के सचिव सुरेंद्र मेहता ने बताया सोने की बिक्री पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत कम रहने का अनुमान है। पिछले वर्ष धनतेरस पर करीब 39 टन सोना बिका था, जबकि इस बार देर रात तक लगभग 36 टन सोने की बिक्री होने की संभावना है।

पूजा थालियों, मूर्तियों और चांदी के सिक्कों की खरीद में उछाल: सिल्वर एम्पोरियम के राहुल मेहता ने बताया कि इस बार चांदी की बिक्री में भी मजबूती देखी गई है और पिछले वर्ष की तुलना में बिक्री वॉल्यूम में वृद्धि दर्ज हुई है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों ने इस बार विशेष रूप से पूजा की थालियों, मूर्तियों और चांदी के सिक्कों की खरीद में अधिक रुचि दिखाई है।



आभूषण की बिक्री में 25 से 30 प्रतिशत की गिरावट

त्योहारों में आभूषण की बिक्री में 25 से 30 प्रतिशत की गिरावट हो सकती है, क्योंकि सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर हैं। लेकिन सिक्के और गोल्ड बार खरीदने वाले ग्राहकों की संख्या में वृद्धि हुई है। कुल मिलाकर, देर रात तक देशभर में सोना और चांदी मिलाकर लगभग 50,000 करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान है। बॉम्बे बुलियन एसोसिएशन के प्रवक्ता का कहना है, धनतेरस पर सोने में 5000 रुपये तक की गिरावट देखी गई, जो कि ग्राहकों के लिए अच्छी खबर रही।

गोल्ड नहीं है इंवेस्टमेंट जोहो के फाउंडर श्रीधर वेम्बू ने सोने को लेकर कही बात

नई दिल्ली, एजेंसी। बीते एक साल के दौरान गोल्ड ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। सोने के भाव इस समय सातवें आसमान पर हैं। जिसकी वजह से जहां एक तरफ कई निवेशक काफी उत्साहित हैं। तो कुछ इसी तेजी में काफी सतर्कता दिखा रहे हैं। इस बीच धनतेरस के दिन जोफो के फाउंडर और चीफ साइंटिस्ट श्रीधर वेम्बू का बयान गोल्ड पर आया है। उन्होंने शनिवार को सोने को लेकर कहा कि यह सिर्फ एक परंपरागत निवेश नहीं है। बल्कि सिस्टेमेटिक फाइनेंशियल रिस्क के बदले इंश्योरेंस है। श्रीधर वेम्बू का बयान ऐसे दिन आया है जब बड़ी संख्या में भारतीय धनतेरस के दिन सोना खरीदते हैं। भारतीय परिवारों में सोना खरीदना इस दिन काफी शुभ माना जाता है। उनका बयान मार्केट में तेजी के बीच आया है। एक्स पर श्रीधर वेम्बू पोस्ट करते हैं, मुझे नहीं लगता है कि गोल्ड एक इंवेस्टमेंट है। मेरे अनुसार यह सिस्टेमेटिग फाइनेंशियल रिस्क के लिए इंश्योरेंस है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते कर्ज की वजह से फाइनेंशियल सिस्टम्स का विश्वास प्रभावित हो सकता है। ऐसी स्थिति में सोना एक सुरक्षित विकल्प रहेगा। वेम्बू आगे कहते हैं कि वित्तीय व्यवस्था बहुत हद तक विश्वास पर निर्भर है। ग्लोबल स्टेज पर डेट का उच्चतम स्तर तक जाना उस विश्वास के लिए अच्छा नहीं है। पिछले 12 महीने में गोल्ड की कीमतों में 63 प्रतिशत की तेजी आई है। बीते धनतेरस पर 10 ग्राम गोल्ड का भाव 78840 रुपये पर था। अब यह 1.30 लाख रुपये के करीब है। किसी निवेशक ने अगर पिछले साल धनतेरस पर 1 लाख रुपये का निवेश सोने में किया होगा उसे आज की तारीख में 63000 रुपये का फायदा हो चुका है।

भारत और यूरोपीय संघ के बीच होगी व्यापार वार्ता

नई दिल्ली, एजेंसी। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते के लिए चल रही बातचीत को गति देने के लिए इस महीने के अंत में ब्रुसेल्स का दौरा करेंगे। अधिकारी ने बताया कि मंत्री इस दौरान बर्लिन ग्लोबल डायलॉग में भाग लेने के लिए यूरोप में रहेंगे। यह आयोजन 23 अक्तूबर से 25 अक्तूबर के बीच होगा। इसके बाद, ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के साथ व्यापार वार्ता होगी। गोयल यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मारोस सेफ्कोविक से मुलाकात करेंगे। गोयल की यह यात्रा दोनों पक्षों के बीच 6 अक्तूबर से 10 अक्तूबर तक हुई 14वें दौर की वार्ता के समापन के बाद हो रही है।

दिसंबर तक व्यापार वार्ता समाप्त करने का निर्णय: वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय आयोग (ईसी) के व्यापार महानिदेशक (डीजी-ट्रेड) सबाइन वेयंड के साथ भी बातचीत की। दोनों पक्षों के बीच बातचीत बढ़ गई है क्योंकि उन्होंने दिसंबर तक वार्ता समाप्त करने का निर्णय लिया है।

गोयल न्यूजीलैंड के साथ करेंगे व्यापार वार्ता

यूरोप की अपनी यात्रा के बाद, गोयल न्यूजीलैंड जाएंगे। दोनों देशों ने मार्च में एक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू की थी और इस पर तीन दौर की वार्ता हो चुकी है। जून 2022 में, भारत और यूरोपीय संघ ने आठ वर्षों से अधिक के अंतराल के बाद एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते, एक निवेश संरक्षण समझौते और भौगोलिक संकेतकों पर एक समझौते पर बातचीत फिर से शुरू की। बाजारों को खोलने के स्तर पर मतभेदों के कारण यह बातचीत 2013 में रुक गई थी।



यूरोपीय संघ का बाजार भारत के कुल निर्यात का 17 प्रतिशत

यूरोपीय संघ के साथ भारत का द्विपक्षीय वस्तु व्यापार 2024-25 में 136.53 अरब डॉलर (75.85 अरब डॉलर का निर्यात और 60.68 अरब डॉलर का आयात) था। यह वस्तुओं के लिए सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया। यूरोपीय संघ का बाजार भारत के कुल निर्यात का लगभग 17 प्रतिशत है, और भारत को यूरोपीय संघ का निर्यात उसके कुल विदेशी निर्यात का 9 प्रतिशत है।

दिवाली के दिन खुला रहेगा शेयर बाजार

मुहूर्त ट्रेडिंग के टाइम में हुआ बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी। इस बार दिवाली का त्योहार 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। लेकिन इस दिन मुहूर्त ट्रेडिंग नहीं होगी। इसकी वजह बीएसई और एनएसई में दिवाली की छुट्टी की तारीख का अलग होना है। हर बार की तरह इस बार मुहूर्त ट्रेडिंग की टाइमिंग में बदलाव हुआ है। पहले की तरह इस बार मुहूर्त ट्रेडिंग शाम के बजाय दोपहर में होगी।

देश भर में दिवाली का त्योहार सोमवार 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। घरेलू शेयर बाजारों में इस दिन सामान्य कारोबार दिनों की तरह ही ट्रेडिंग होगी। यानी मार्केट 9 बजे से 3.30 बजे तक सोमवार को खुला रहेगा। वहीं, बीएसई और एनएसई के कैलेंडर में दिवाली का त्योहार 21 अक्टूबर को है। जिसकी वजह से इस दिन शेयर बाजार रोजाना की तरह नहीं खुलेगा।



इस बार मुहूर्त ट्रेडिंग 21 अक्टूबर 2025 को दिन में 1.45 बजे से 2.45 बजे तक मनाई जाएगी। यानी हर बार की तरह इस बार रात्रि में मुहूर्त ट्रेडिंग की टाइमिंग नहीं है। जारी सर्कुलर के अनुसार 1.30पीएम से 1.45पीएम तक 15 मिनट के लिए प्री-ओपनिंग सेशन रहेगा। ट्रेडिंग 1.45 बजे शुरू हो जाएगी। ब्लॉक डील के लिए सेशन 13.15 बजे से 1.30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। बता दें, क्लोजिंग सेशन 2.55 बजे से 3.05 बजे तक निर्धारित किया गया है। मुहूर्त ट्रेडिंग एक परंपरा है। इस दिन बड़ी संख्या में भारतीय परिवार शेयर बाजार में ट्रेडिंग करते हैं। उनका ध्यान बस निवेश का रहता है। इस दौरान इससे वो बहुत फायदा कमाने की तरफ ध्यान नहीं देते हैं। दूसरी तरफ कई निवेशक लॉन्ग टर्म के लिए इस दिन शेयरों को खरीदते हैं। बता दें, बीते कई साल का डाटा कहता है कि मुहूर्त ट्रेडिंग के दिन अमूमन शेयर बाजार में तेजी देखने को मिलती है।

, टीवी से लेकर वॉशिंग मशीन तक, सभी की मांग आसमान पर

रेकॉर्ड ब्रेकिंग फेस्टिवल... गाड़ी से लेकर गहनों तक

नई दिल्ली, एजेंसी। धनतेरस 2025 भारतीय खुदरा विक्रेताओं के लिए एक रेकॉर्ड-तोड़ त्योहार साबित हुआ। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी, मार्केटिंग और सेल्स, पार्थो बनर्जी ने बताया कि 50,000 से ज्यादा गाड़ियां बिकी। यह धनतेरस पर उनकी अब तक की सबसे ज्यादा बिक्री हुई।

लाखों गाड़ियों की बुकिंग: बनर्जी ने यह भी बताया कि 18 सितंबर को कीमतें कम करने के बाद से कंपनी को लगभग 4.5 लाख बुकिंग मिली हैं। इनमें छोटी कारों की बुकिंग एक लाख के करीब है और एक महीने में 3.25 लाख यूनिट की रिटेल डिलीवरी हुई है।

वहीं, हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के एमडी और सीईओ नामित तरुण गर्ग ने कहा कि त्योहारी मांग बहुत अच्छी है। उन्हें 14,000 यूनिट्स की डिलीवरी की उम्मीद है, जो पिछले साल से 20 फीसदी ज्यादा है। पीटीआई के मुताबिक, उन्होंने कहा कि यह अच्छी चाल त्योहारी माहौल, बाजार में तेजी और जीएसटी 2.0 सुधारों के सकारात्मक असर से आ रही है।



बड़े टीवी की बिक्री बढ़ी: कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियां भी बिक्री में जबरदस्त उछाल की रिपोर्ट कर रही हैं। पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस के डायरेक्टर संदीप सहगल ने बताया कि 1 अक्टूबर से 17 अक्टूबर के बीच 55 इंच या उससे बड़े टीवी की बिक्री में 4च टीवी की बिक्री 36 फीसदी से ज्यादा बढ़ी है। कुल मिलाकर टीवी और रूम एयर कंडीशनर की बिक्री पिछले साल के मुकाबले करीब 30 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है।

हायर एप्लायंसेज इंडिया ने भी प्रीमियम प्रोडक्ट्स जैसे बड़े स्क्रीन वाले टीवी, साइड-बाय-साइड रेफ्रिजरेटर और फ्रंट-लोड वॉशिंग मशीनों की जबरदस्त मांग बताई है। उनकी बिक्री 50 फीसदी से ज़्यादा बढ़ने की उम्मीद है। कंपनियों का कहना है कि जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) में हालिया सुधारों ने भी इसमें मदद की है। इन सुधारों से इलेक्ट्रॉनिक्स और जरूरी सामानों पर टैक्स कम हुआ है, जिससे लोगों के पास खर्च करने के लिए ज्यादा पैसे बचे हैं। ज्वैलरी (गहने) बेचने वालों ने भी अच्छी त्योहारी बिक्री देखी है। तनिष्क के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अरुण ने बताया कि 2 लाख रुपये से ज्यादा के निवेश वाले गहनों से लेकर हल्के गहनों और सोने के सिक्कों तक की खरीदारी हुई है। बड़े शहरों के साथ-साथ छोटे शहरों (टियर-2 और टियर-3) में भी मांग अच्छी रही। कामा ज्वेलरी के एमडी कॉलिन शाह ने कहा कि धनतेरस पर गहनों की बिक्री में शानदार उछाल देखा गया। सोने के दाम आसमान छूने के बावजूद लोगों ने जमकर खरीदारी की। अनुकूल आर्थिक माहौल और जीएसटी सुधारों के चलते ग्राहकों की तरफ से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। खास तौर पर, युवा पीढ़ी में हल्के वजन के गहनों की मांग बहुत ज्यादा रही।



अर्जुन बिजलानी की झोली में आई राइज एंड फॉल की ट्रॉफी

अर्जुन बिजलानी शो राइज एंड फॉल के पहले सीजन के विजेता बने हैं। छह फाइनलिस्ट में हुए मुकाबले में अर्जुन ने शो की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं, आरुष भोला पहले रनरअप रहे। वहीं, अरबाज पटेल शो के दूसरे रनरअप रहे हैं। रियलिटी शो की शुरुआत 15 प्रतिभागियों के साथ हुई थी। शो में अर्जुन बिजलानी, आरुष भोला और अरबाज पटेल तीन फाइनलिस्ट के रूप में चुने गए। इनमें से अर्जुन बिजलानी पहले सीजन के विनर बने हैं।

पवन सिंह भी बने थे शो का हिस्सा

शो राइड एंड फॉल को शार्क टैंक इंडिया के पूर्व जज अशनीर ग्रोवर ने होस्ट किया। यह शो प्रतिभागियों के सनसनीखेज और तीखे बयानों के चलते खूब सुर्खियों में रहा। भोजपुरी एक्टर पवन सिंह भी इस शो में नजर आए। हालांकि, उन्होंने शो बीच में ही छोड़ दिया था।

अशनीर ने दी अर्जुन को ट्रॉफी

शो में विजेता के तौर पर अर्जुन बिजलानी के नाम का एलान अशनीर ग्रोवर ने किया। अपना नाम सुनते ही अर्जुन खुशी से उछल पड़े और सहयोगी प्रतिभागी के गले लग गए। इसके बाद अशनीर ने ही अर्जुन बिजलानी को ट्रॉफी दी। फिनाले में अर्जुन ब्लैक कलर के आउटफिट पहनकर पहुंचे। राइड एंड फॉल के पहले सीजन के विजेता बनने के बाद अर्जुन के फैंस की खुशी सातवें आसमान पर है और बधाई दे रहे हैं।

इससे अच्छा गिफ्ट क्या हो सकता है?

शो के विजेता बनने के बाद अर्जुन बिजलानी ने पैपराजी से कहा, आप जानते हैं, मैं अपने घर जाकर अपने बिस्तर पर लेटना चाहता हूं और अपने बेटे को भी गले लगाना चाहता हूं। इस दौरान अर्जुन अपनी पत्नी के साथ नजर आए। एक्टर ने कहा, जब से हम दोनों साथ हैं, पहली बार ऐसा हुआ कि मैंने इनका बर्थडे मिस किया। मगर, अब इससे अच्छा गिफ्ट क्या हो सकता है।



क्राइम कहानियों की शौकीन हैं कोंकणा सेन शर्मा

'सर्च- द नैना मर्डर केस' शो पर की बात

कोंकणा सेन शर्मा अपनी शानदार अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उनकी एक सीरीज 'सर्च-द नैना मर्डर केस' ओटीटी पर रिलीज हुई है, जिसका निर्देशन रोहन सिप्पी ने किया है। अभिनेत्री ने इस सीरीज में निभाए अपने किरादर के बारे में विचार प्रकट किए।

क्राइम कहानियों में रूचि रखती हैं अभिनेत्री

अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा ने एएनआई से बात की। उन्होंने कहा, मुझे बहुत मजा आया, क्योंकि मुझे सच्चा क्राइम बहुत पसंद है। सिर्फ सच्चा अपराध ही नहीं, बल्कि क्राइम फिक्शन और क्राइम सीरीज भी, मुझे ये सभी पसंद हैं। मैंने बहुत सारी देखी हैं। मुझे यह किरदार वाकई पसंद आया। शुरुआत से ही, मैंने गौर किया कि एसीपी संयुक्ता दास को कैसे पेश किया गया है। हमने उनके घरेलू जीवन, उनके पेशेवर जीवन और दोनों के बीच संतुलन को दिखाया। एक मां के रूप में, एक एसीपी के रूप में, एक पत्नी के रूप में, इन सबके बीच संतुलन बनाए रखते हुए। यह मेरे लिए बहुत दिलचस्प था।

निर्देशक रोहन सिप्पी ने कहानी को खास बनाने पर बात की

सीरीज 'सर्च-द नैना मर्डर केस' के निर्देशक रोहन सिप्पी ने भी आज के दर्शकों के लिए कहानी को प्रासंगिक बनाए रखने के महत्व पर बात की। जब उनसे पूछा गया कि वे आधुनिक दर्शकों के लिए खुद को कैसे ढालते हैं, तो डायरेक्टर ने कहा, यह जरूरी है क्योंकि वे काल्पनिक और सच्ची अपराध कहानियां, दोनों देख रहे हैं। इसलिए हम यह भी मानते हैं कि अगर कहानी में कोई कमज़ोरी होगी, तो लोग उसे तुरंत पकड़ लेंगे। लेकिन जैसा मैंने कहा, लेखकों को यह जानना जरूरी है कि दर्शकों को यह पसंद आ रही है या नहीं। क्या वे यह अंदाजा नहीं लगा पा रहे हैं कि शक किस तरफ जाएगा।

क्या है सीरीज की कहानी?

सर्च- द नैना मर्डर केस सीरीज में नैना नाम की एक युवती की कहानी है, जिसकी जिंदगी एक पार्टी के बाद गायब हो जाने के बाद एक खतरनाक मोड़ ले लेती है। कुछ दिनों बाद, उसका शव एक जंगल में मिलता है, जिससे एक चौंकाने वाली हत्या की जांच शुरू होती है। इसके बाद कहानी में और रोमांच बढ़ जाता है।



बॉबी देओल किसी फिल्म के विलेन नहीं, श्रीलीला और रणवीर सिंह के साथ एक एड फिल्म का हैं हिस्सा

एक्टर बॉबी देओल, श्रीलीला और रणवीर सिंह का बीते दिन एक पोस्टर सामने आया था, जिसमें वो तीनों अलग-अलग लुक में दिखाई दे रहे थे। दावा किया जा रहा था कि किसी फिल्म का हिस्सा हैं, जिसमें उनका कोई खतरनाक रोल होगा। मगर इस पर अफवाह अब फुलस्टॉप लगा। क्योंकि ये 150 करोड़ रुपये के बजट वाले एक एड फिल्म में काम कर रहे हैं। और इसका डायरेक्शन कोई और नहीं, बल्कि जवान के डायरेक्टर एटली करेंगे। बताया जा रहा है कि ये एड फिल्म चिंग्स देसी चाइनीज और उसके ने कैम्पेन एजेंट चिंग अटैक्स के लिए है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस एड फिल्म की शूटिंग एक फीचर फिल्म की तरह ही की जाएगी, जिसमें एक बड़ा सेट होगा। साथ ही इसके बजट के बारे में भी इस रिपोर्ट में बताया गया है, जो कि बहुत बड़ा अमाउंट है। रणवीर-बॉबी और श्रीलीला का एड सोर्स के हवाले से बताया गया, चिंग्स देसी चाइनीज का एड कैम्पेन, जिसमें रणवीर सिंह , बॉबी देओल और श्रीलीला मुख्य भूमिकाओं में हैं, उसे एटली डायरेक्ट कर रहे हैं। और लगभग 150 करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट पर बनाया जा रहा है। कंपनी 19 अक्टूबर को मुंबई में एक स्क्रीनिंग भी आयोजित कर रही है , जिसमें एटली, रणवीर और श्रीलीला शामिल होंगे। बता दें कि श्रीलीला को आखिरी बार भानु भोगवरपु निर्देशित मास झटारा में देखा गया था। इसके अलावा, रणवीर सिंह को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में और बॉबी देओव को आर्यन खान की डायरेक्ट वेब सीरी बैड्स ऑफ बॉलीवुड में देखा गया था। और अब ये तीनों एड फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं।

पति पत्नी और वो दो में आयुष्मान खुराना की एंट्री

आयुष्मान खुराना इन दिनों फिल्म थामा को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म दिवाली के अवसर पर 21 अक्तूबर को रिलीज होने जा रही है। रोशनी के इस त्योहार पर आयुष्मान के फैंस के लिए एक और खुशखबरी है। उनकी अगली फिल्म का एलान हो गया है। नाम है- पति पत्नी और वो दो। यह फिल्म अगले साल होली पर दस्तक देगी। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना के अलावा सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह भी नजर आएंगे।





हिंदू परिवार में शादी करने पर ट्रोल हुईं सारा खान

हाल ही में 'बिदाई' फेम टीवी एक्ट्रेस सारा खान दूसरी बार शादी के बंधन में बंधीं। आठ अक्टूबर को एक्ट्रेस ने एक्टर-प्रोड्यूसर कृष पाठक संग रजिस्टर्ड मैरिज किया है। हालांकि, दूसरे धर्म में शादी करने की वजह से सारा को ऑनलाइन ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। अब सारा के सपोर्ट में उनके ऑन स्क्रीन पति एक्टर अंगद हसीजा ने चुप्पी तोड़ी है। अंगद ने अपनी दोस्त को सपोर्ट करते हुए इंडिया फोरम से कहा- 'सारा को शादी बहुत ही सिंपल तरीके से करनी थी। उसकी हमेशा से चाहत थी। तो बस उसका परिवार और मैं अकेला दोस्त वहां मौजूद था। 18 साल की जान पहचान में आप दोस्त नहीं परिवार बन जाते हैं। उसका पार्टनर बहुत अच्छा है। सास बहुत अच्छी है। उन्होंने सारा को बहुत प्यारा से अपनाया है। वो बहुत जल्द ही धूमधाम से शादी करेगी।'

वहीं, शादी की वजह से सारा की ट्रोलिंग पर एक्टर ने कहा- अब वक्त बदल गया है। लोग अपग्रेड हो गए हैं और उनकी सोच बदल गई है। मुझे नहीं लगता कि किसी को कास्ट को लेकर फर्क पड़ता है। पहले का वक्त चला गया है। मेरे लिए ये बहुत फनी सी बात है। बता दें कि ट्रोलिंग को लेकर सारा ने भी ट्रोलर्स को करार जवाब दिया था। उन्होंने एक वीडियो मैसेज के जरिए कहा था- 'कृष और मैं अलग-अलग संस्कृतियों से हैं लेकिन हमारा मानना है कि हमारे धर्मों ने हमें प्रेम करना सिखाया है। हमारे परिवारों ने हमें सबसे पहले दूसरों का सम्मान करना सिखाया है। हम भी यही मानते हैं और एक जैसा सोचते हैं। मैं शुभचिंतकों को उनके प्यार के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं और साथ ही उन निगेटिव टिप्पणियों को भी संबोधित करना चाहती हूं, जिन्हें बहुत सीखने की जरूरत है। कोई भी धर्म आपको किसी अन्य धर्म या विश्वास को नीचा दिखाना या किसी का अनादर करना नहीं सिखाता है। हम अपने शुभचिंतकों के साथ अपना मैरिटल स्टेटस शेयर कर रहे हैं न कि किसी की मंजूरी मांग रहे हैं क्योंकि हमें पहले ही अपने परिवारों और कानून से इसकी मंजूरी मिल चुकी है। मेरे ईश्वर के साथ मेरा रिश्ता पूरी तरह से मेरा। मेरे और मेरे ईश्वर के बीच किसी को भी कमेंट करने का कोई अधिकार नहीं है।



धन पिशाचनी सोनाक्षी सिन्हा तो शिल्पा शिरोडकर बनीं लालची औरत



महेश बाबू ने फिल्म जटाधारा का ट्रेलर लॉन्च किया है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, सुधीर बाबू, दिव्या खोसला, शिल्पा शिरोडकर अहम भूमिका में हैं। भूत-पिशाच, काला जादू और लालच से भरी ये फिल्म 7 नवंबर को रिलीज होगी। तेलुगू एक्टर महेश बाबू ने अपकमिंग फिल्म जटाधारा का ट्रेलर शुक्रवार, 17 अक्टूबर को डिजिटली लॉन्च किया। वेंकट कल्याण की डायरेक्टेड इस थ्रिलर मूवी में सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल में हैं। वहीं, दिव्या खोसला और शिल्पा शिरोडकर भी अहम भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म के ट्रेलर की बात करें तो वो दर्शकों एक अलग दुनिया से रूबरू करवाता है। साथ ही एक ऐसी कहानी की झलक मिलती है जहां काला जादू एक शक्तिशाली शक्ति है। इस फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा धन पिशाचिनी का किरदार निभा रही हैं, जो सोने के आभूषणों से लदी हुई हैं। मूवी की कहानी भी पिशाचिनी की इर्द-गिर्द घूमती है, जो सदियों से एक सोने के खजाने की रखवाली करती है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, खजाने की खोज से शुरू हुआ सफर खतरों, श्रापों से भरे एक सफल में बदल जाता है। शिल्पा शिरोडकर एक लालची महिला के रूप में नजर आती हैं तो सुधीर बाबू भूत-प्रेत में भरोसा न करने वाले किरदार को निभाते दिखते हैं। घोस्ट हंटर बनकर वह सोनाक्षी के किरदार से पंगा ले लेते हैं। फिर जो होता है वो फिल्म के रिलीज पर ही पता चलेगा।

फिल्म जटाधारा की रिलीज डेट

डायरेक्टर ने इस फिल्म के जरिए पुरानी परंपराओं को दिखाने का प्रयास किया है। जटाधारा जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म के निर्माता उमेश कुमार बंसल, शिविन नारंग, अरुणा अग्रवाल, प्रेरणा अरोड़ा, शिल्पा सिंघल और निखिल नंदा हैं, जबकि अक्षय केजरीवाल और कुसुम अरोड़ा सह-निर्माता हैं। टीम में क्रिएटिव प्रोड्यूसर दिव्या विजय और सुपरवाइजिंग प्रोड्यूसर भाविनी गोस्वामी भी शामिल हैं। संगीत और साउंडस्केप जी म्यूजिक कंपनी द्वारा क्यूरेट किया गया है।



कीकू ने कपिल शर्मा शो पर की बात

कॉमेडी इंडस्ट्री के मशहूर चेहरे कीकू शारदा इन दिनों लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। पिछले दिनों शो राइज एंड फॉल में नजर आए कॉमेडियन ने कपिल शर्मा शो के नए सीजन पर अपडेट दिया है। उन्होंने खुद के शो छोड़ने की अफवाहों को भी खारिज कर दिया है।

कीकू शारदा ने बातचीत करते हुए पुष्टि की है कि लोकप्रिय शो द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो की शूटिंग जल्द ही फिर से शुरू होने वाली है। हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि कीकू शो छोड़ देंगे, लेकिन अभिनेता ने इन अफवाहों का खंडन करते हुए बताया कि उनका शो और टीम के साथ जुड़ाव अब भी मजबूत है। किकु शारदा ने कहा, हम जल्दी ही शूटिंग शुरू करेंगे। टेलीविजन पर इसका प्रसारण कब होगा, इसका अभी तक कोई निश्चित समय नहीं है, लेकिन यह नवंबर में किसी समय आ सकता है।

राइज एंड फॉल में नजर आए कीकू

कीकू शारदा ने राइज एंड फॉल और अशनीर गोवर द्वारा होस्ट किए गए रियलिटी शो में अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि हालांकि वह कुछ समय के लिए शो में भाग लेने के लिए लॉक थे, लेकिन बाहर आने पर उन्हें पता चला कि उनके शो छोड़ने की अफवाहें फैल गई थीं। कीकू ने मुस्कुराते हुए कहा, लोग इतने परेशान थे, और मैं खुद भी नहीं जानता था कि यह अफवाह कैसे फैल गई। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मैं शो छोड़ दूंगा। मैं 13 साल से कपिल के साथ काम कर रहा हूं और मुझे यह शो बेहद पसंद है। मैंने कई काम ठुकरा दिए सिर्फ इस शो का हिस्सा बनने के लिए और मैं कभी इसे नहीं छोड़ूंगा। मंच पर जाकर मजाक करना, लोगों और सेलिब्रिटीज से खुलकर बात करना—यह मजा कुछ ऐसा है जो मैं छोड़ नहीं सकता।

शो के अनुभव पर क्या बोले कीकू?

कीकू ने बताया कि राइज एंड फॉल में भाग लेते हुए उन्हें एक अलग तरह का रचनात्मक अनुभव मिला। उन्होंने कहा, वीकेंड्स कभी-कभी काफी तनावपूर्ण हो जाते हैं, लोग एक-दूसरे पर आरोप लगाते हैं और कई चीजों पर लड़ाई होती है। इस समय कॉमेडी एक राहत देती है और ज्यादा मनोरंजन जोड़ती है। जब मैं परफॉर्म करता हूं, मैं खुद को स्वतंत्र महसूस करता हूं और जब दर्शक देखते हैं, तो उन्हें भी वही अनुभव होता है। यह एक सुंदर आदान-प्रदान है, और यही मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।



वर्ल्ड जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप

तन्वी शर्मा जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचीं, चीनी खिलाड़ी को हराया

नई दिल्ली, एजेंसी। फाइनल में तन्वी का मुकाबला अब थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त अन्यापत पिचिटप्रीचसाक से होगा। पिचिटप्रीचसाक ने दूसरे सेमीफाइनल में हमवतन यातावीमिन केतक्लियेंग को एक गेम से पिछड़ने के बाद 10-15, 15-11, 15-5 से हराकर वापसी की। भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा ने बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में



शानदार प्रदर्शन जारी रखा। तन्वी ने चीन की लियू सी या के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की की। 16 साल की तन्वी ने अपनी प्रतिद्वंद्वी पर 15-11, 15-9 से जीत दर्ज की। वह इस तरह इस टूर्नामेंट के फाइनल में क्वालिफाई करने वाली पूर्व विश्व नंबर एक साइना नेहवाल और अपर्णा पोपट के बाद केवल तीसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बन गईं।

फाइनल में पिचिटप्रीचसाक से होगा सामना- फाइनल में तन्वी का मुकाबला अब थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त अन्यापत पिचिटप्रीचसाक से होगा। पिचिटप्रीचसाक ने दूसरे सेमीफाइनल में हमवतन यातावीमिन केतक्लियेंग को एक गेम से पिछड़ने के बाद 10-15, 15-11, 15-5 से हराकर वापसी की। तन्वी ने 17 साल में पहली बार विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक सुनिश्चित किया था। सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने ली के खिलाफ शुरुआत से ही अपने शानदार खेल का लोहा मनवाया। उन्होंने कोर्ट के अगले हिस्से शानदार इस्तेमाल करते हुए चीन की खिलाड़ी पर दबाव बना दिया। भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में 7-3 की बढ़त बना ली और हालांकि लियू एक समय पर अंतर को 8-7 तक कम करने में कामयाब रहीं, लेकिन तन्वी पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ा।

गोल्फ आप किसी भी उम्र में खेल सकते हैं :कपिल देव

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि गोल्फ बेहद कठिन खेल है। कपिल इन दिनों गोल्फ में सक्रिय हैं।एनडीटीवी गोल्फ प्रो-एम लॉन्च कार्यक्रम के दौरान कपिल देव ने कहा कि कई लोग गोल्फ को एक साधारण खेल मानते हैं, लेकिन लक्ष्य छोटा होने के कारण गोल्फ क्रिकेट से भी कठिन खेल है। गोल्फरों को बेहद अच्छे मार्जिन के साथ काम करना पड़ता है, जिससे खेल कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण हो



जाता है। कपिल देव प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के अध्यक्ष हैं।
पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि गोल्फ का प्रशिक्षण भी काफी कठिन होता है। 90 प्रतिशत खिलाड़ी प्रशिक्षण के शुरुआती 15 दिनों के अंदर ही खेल छोड़ देते हैं। गोल्फ पर विस्तार से जिक्र करते हुए कपिल देव ने कहा, लक्ष्य जितना छोटा होगा, खेल उतना ही कठिन होगा। क्रिकेट में, आप 360 डिग्री तक हिट कर सकते हैं और फिर भी स्कोर कर सकते हैं। गोल्फ में, थोड़ी सी चूक आपको खेल से बाहर कर देती है।
उन्होंने कहा कि गोल्फ में हार के बाद निराशा में लोग खेल छोड़ देते हैं। मैं चाहता हूं कि प्रतियोगी जीतें और गोल्फ कोर्स में वापस आएं। खुद को अभिव्यक्त करें और खेल का आनंद लें। यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। कपिल देव ने कहा, आपको क्रिकेट के मैदान पर हरियाली नहीं मिलती। गोल्फ एक ऐसा खेल है जिसे आप किसी भी उम्र में खेल सकते हैं। एक क्रिकेटर या फुटबॉलर के लिए 50 साल की उम्र में गेंदबाजी करना या दौड़ना बहुत मुश्किल है। यहां, आप अपने पिता, अपने पोते-पोतियों, अपने दोस्तों, अपनी पत्नी के साथ खेल सकते हैं।



ना 100 में, ना 400 में...

रोहित शर्मा रहे 500 में भी फेल

...फिर वही हुआ जो 200 मैच पहले हुआ था

नई दिल्ली, एजेंसी। कमबैक मैच में पहला रन बनाना छोड़िए, उन्होंने पर्थ के मैदान पर उतरते ही इतिहास रचा. लेकिन, उस ऐतिहासिक मैच में हुआ क्या? ना 100 में, ना 400 मेंज रोहित शर्मा 500 में भी फेल हो गए. अब आप सोच रहे होंगे कि ये 100, 400, 500 है क्या? तो ये उन मुकाबलों के नंबर हैं, जो रोहित शर्मा के इंटरनेशनल करियर से जुड़े हैं. पर्थ वनडे रोहित शर्मा के करियर का 500वां इंटरनेशनल मैच था. लेकिन, उनके साथ इस मैच में भी वही घटना घट गई, जो 200 मैच पहले दिखी थी.

रोहित शर्मा 500वें मैच में भी फेल

सीधी भाषा में कहें तो रोहित शर्मा का बल्ला ना तो उनके इंटरनेशनल करियर के 100वें मैच में चला है. ना ही 200वें मैच में. 300वें, 400वें और अब अपने 500वें मैच में भी वो फेल रहे हैं. रोहित शर्मा ने पर्थ वनडे में 14 गेंदों का सामना कर 1 चौके के साथ सिर्फ 8 रन बनाए.

फिर वही हुआ, जो 200 मैच पहले हुआ था

500वें इंटरनेशनल मैच में 8 रन बनाने वाले रोहित शर्मा, 200 मैच पहले यानी अपने करियर के 300वें मैच में भी 8 रन बनाकर आउट हुए थे. इंटरनेशनल करियर के 100, 200, 300, 400 और 500वें मैच में वो किसी में भी शतक तो दूर अर्धशतक नहीं लगा सके. इस दौरान उनका जो सबसे बेस्ट स्कोर रहा वो 46 रन का था.

100 से लेकर 500 मैच तक रोहित शर्मा ने किया क्या?

रोहित शर्मा ने अपने 100वें इंटरनेशनल मैच में 15 रन बनाए थे. 200वें मैच में उन्होंने 21 रन बनाए. 300वें मैच में 8 रन उन्होंने बनाए. रोहित का 400वां इंटरनेशनल मैच टेस्ट था, जिसकी पहली पारी में उन्होंने 15 रन जबकि दूसरी पारी में 46 रन बनाए थे. वहीं 500वें मैच में उन्होंने 8 रन बनाए. अब अगर इंटरनेशनल करियर के माइलस्टोन मुकाबलों में रोहित शर्मा के बनाए रनों को जोड़ दें तो उन्होंने 6 पारियों में सिर्फ 113 रन बनाए हैं. रनों का ये आंकड़ा जाहिर सी बात है कि रोहित शर्मा के मिजा से मेल खाता नहीं दिख रहा.

पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 पहलवान सरिता मोर करेंगी कमबैक

नई दिल्ली, एजेंसी। हरियाणा के सोनीपत की पूर्व विश्व नंबर-1 रेसलर सरिता मोर जल्द ही मैट पर वापसी करना चाहती हैं। 7 अक्टूबर को ही उन्होंने बेटे को जन्म दिया। अभी बेटे का नामकरण नहीं हुआ है। एक सप्ताह बाद ही सरिता फिटनेस पर ध्यान देने लगी हैं। पति राहुल मान खुद इंटरनेशनल रेसलर व सरिता के कोच हैं। राहुल बताते हैं कि सरिता करीब 40 दिन रीति-रिवाज पूरे करने के बाद परिवार की सहमति से ट्रेनिंग शुरू करेंगी। वहीं सरिता कहती हैं कि जब मैरी कॉम मां बनने के बाद बॉक्सिंग में 3 बार विश्व चैंपियन बन सकती हैं, तो मैं क्यों नहीं। 7 अक्टूबर को सरिता ने सोशल मीडिया पर बेटे के जन्म की जानकारी साझा करते हुए लिखा था- नई जर्नी शुरू...वेलकम टू द वर्ल्ड, अवर बेबी ब्वाय। अब बेटे के जन्म के बाद सरिता एक नई जंग की तैयारी कर रही हैं- मैट पर वापसी की। पति राहुल मान ने दैनिक भास्कर एप से बातचीत में कहा- प्रसवोत्तर समय पूरा होने के बाद सरिता कुश्ती में दोबारा उतरेंगी। उनका लक्ष्य ओलिंपिक और वर्ल्ड चैंपियनशिप में देश के लिए पदक जीतना है।



रिशाद हुसैन ने रचा इतिहास

वेस्टइंडीज के खिलाफ झटके 6 विकेट

नई दिल्ली, एजेंसी। बांग्लादेश के युवा लेग स्पिनर रिशाद हुसैन ने शनिवार को मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में ऐसा कमाल किया, जो बांग्लादेश क्रिकेट के इतिहास में दर्ज हो गया। रिशाद ने सिर्फ 35 रन देकर 6 विकेट हासिल किए जो किसी भी बांग्लादेशी स्पिनर का वनडे क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनकी घातक गेंदबाजी ने वेस्टइंडीज की पूरी टीम को 133 रनों पर ढेर कर दिया, जिससे मेजबान टीम ने 74 रनों की शानदार जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज़ में 1-0 की बढ़त बना ली।

मैच के बाद बातचीत में रिशाद ने कहा, मैं अपनी प्रक्रिया पर अडिग रहा। शुरू के कुछ ओवरों में लय पकड़ने में दिक्कत हुई, लेकिन जल्दी ही मैं अपने रिदम में लौट आया। उन्होंने आगे कहा कि वह हमेशा टीम के लिए तीनों विभागों गेंदबाजी, बल्लेबाजी और फील्डिंग में योगदान देने की कोशिश करते हैं। रिशाद ने कहा, मुझे विश्वास है कि अल्लाह हमेशा टीम के लिए कुछ अच्छा करने का रास्ता जरूर दिखाते हैं।

बल्ले से भी दिखाया दम

रिशाद ने सिर्फ गेंद से ही नहीं, बल्ले से भी अपनी काबिलियत साबित की। उन्होंने 13 गेंदों में 26 रन ठोके, जिसमें एक चौका और दो शानदार छक्के शामिल थे। उनकी इस तेज़ पारी ने बांग्लादेश को 200 के पार पहुंचाने में अहम



भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि टीम मुझसे बल्लेबाज़ी में क्या उम्मीद रखती है। अगर मेरा योगदान टीम को 180 से 210 या 215 के स्कोर तक ले जा सकता है, तो यह बहुत अच्छा है।

करियर बेस्ट प्रदर्शन

रिशाद का यह स्पेल बांग्लादेश के वनडे इतिहास में किसी भी स्पिनर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनसे बेहतर आंकड़े सिर्फ दो गेंदबाजों मशरफे मुर्तजा (6/26 बनाम केन्या, 2006) और रुबेल हुसैन (6/26 बनाम न्यूजीलैंड, 2013) के नाम हैं। इससे पहले 12 वनडे मैचों की 10 पारियों में उन्होंने 16.75 की औसत से 134 रन बनाए थे और गेंद से निरंतर सुधार दिखाया था।

मैच का पूरा हाल

वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी चुनी। बांग्लादेश की ओर से तौहीद हृदॉय (51 रन) और महिदुल इस्लाम अंकोन (46 रन) ने संभली हुई पारियां खेलीं। रिशाद की आतिशी बल्लेबाज़ी की बदौलत टीम 49.4 ओवर में 207 रन तक पहुंची। जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत ठीक रही, ब्रैंडन किंग (44 रन) और एलिक अथानाजे (27 रन) ने 51 रनों की साझेदारी की। लेकिन इसके बाद रिशाद की फिरकी ने सब कुछ पलट दिया।

स्मृति मंधाना बनेंगी दुल्हनिया?

शादी को लेकर मंगेतर ने दिया जवाब, कहा- जल्दी बनेंगी इंदौर की बहू...



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान और स्टार बैटर स्मृति मंधाना जल्द ही दुल्हनिया बनने जा रही हैं। दरअसल भारत-इंग्लैंड के बीच महिला वर्ल्ड कप 2025 में होने वाले मैच से पहले उनके मंगेतर पलाश मुच्छल ने एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने शनिवार को इंदौर में मीडिया से बात करते हुए कहा, कि वह (स्मृति मंधाना) जल्दी इंदौर की बहू बनेंगी। उनके इस बयान के बाद यह खबर सोशल मीडिया ही नहीं बल्कि पूरे खेल जगत में आग की तरह फैल गई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए डेब्यू करने के बाद से ही स्मृति को नेशनल क्रश की उपाधि मिल गई थी। उनके खेल के साथ उनके लुक और सुंदरता के भी चर्चे हर जगह थे। वहीं पिछले साल से कई बार लगातार उनको और पलाश मुच्छल को एक साथ देखा जा रहा था। इंस्टाग्राम पोस्ट में दोनों की करीबी फोटोज सामने आई थीं। अब इस बयान ने रिलेशनशिप को तो पलाश ने कंफर्म कर ही दिया बल्कि शादी की खबर को भी पुख्ता कर दिया है। अगर पलाश की बात करें तो वह पेशे से म्यूजिक डायरेक्टर हैं। उनका जन्म 1995 में इंदौर में ही हुआ था। उनका परिवार भी वहीं रहता है। अब वह एक फिल्म बना रहे हैं 'राजू बाजे वाला'। वह इस फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में इंदौर पहुंचे हैं। इसी दौरान उन्होंने मीडिया से बात की और अपना बयान शादी को लेकर जारी किया। साथ ही उन्होंने महिला वर्ल्ड कप 2025 के मैच से पहले भारतीय महिला क्रिकेट टीम और कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी शुभकामनाएं दीं।



सुल्तान जोहोर कप

सुल्तान जोहोर कप के फाइनल में भारतीय टीम को मिली मात, ऑस्ट्रेलिया ने 2-1 से हराकर जीता खिताब

नई दिल्ली, एजेंसी। सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। आखिरी मिनटों में भारत के पास बराबरी का शानदार मौका था, लेकिन टीम छह पेनल्टी कॉर्नर को गोल में नहीं बदल सकी।



ग्रोब्बेलार ने दिलाई निर्णायक बढ़त- तीन बार की चैंपियन भारतीय टीम मैच की शुरुआत में अच्छी लय में दिखी, लेकिन 13वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया के इयान ग्रोब्बेलार ने ड्रैग फ्लिक के जरिए गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। भारत ने दूसरे क्वार्टर में वापसी की और 17वें मिनट में अनमोल एक्का ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। तीसरा क्वार्टर गोलरहित रहा, जिससे मुकाबला अंतिम क्वार्टर तक बराबरी पर था। खेल के 59वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला और ग्रोब्बेलार ने एक बार फिर गोल कर अपनी टीम को 2-1 की निर्णायक बढ़त दिला दी।

गोलकीपर मैग्नस मैककॉसलैंड ने किया बेहतरीन बचाव- अंतिम मिनट में भारत को लगातार छह पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के गोलकीपर मैग्नस मैककॉसलैंड ने बेहतरीन बचाव करते हुए भारत की बराबरी की उम्मीदों को नाकाम कर दिया।

38 की उम्र में भी जादू बिखेर रहे लियोनेल मेसी



हैट्रिक जड़कर जीता एमएलएस 2025 का गोल्डन बूट

नई दिल्ली, एजेंसी। लियोनेल मेसी ने मेजर सॉकर लीग (एमएलएस) में अपने करियर की दूसरी हैट्रिक बनाई, जिससे इंटर मियामी ने नैशविले एससी पर 5-2 से जीत हासिल की। मेसी एमएलएस के वर्तमान सत्र में अभी तक 29 गोल कर चुके हैं और वह इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2025 एमएलएस सीजन का गोल्डन बूट जीत लिया है। पिछली बार उन्होंने इंटर मियामी की न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन पर 6-2 की जीत में हैट्रिक बनाई थी। इंटर मियामी के डिफेंडर इयान फ्रे ने कहा, 'यह बिल्कुल स्पष्ट है कि वह (मेसी) हर मैच में हमारी जीत में अहम भूमिका निभाते हैं। उनकी प्रशंसा करने के लिए मेरे पास पर्याप्त शब्द नहीं हैं।
34 मिनट पर दागा था मेसी ने पहला गोल- लियोनेल मेसी ने अपना पहला गोल 34वें मिनट पर दागा था। इसके बाद दूसरा गोल उन्होंने 63वें मिनट पर पेनल्टी से किया। इसके बाद 81वें मिनट पर मेसी ने तीसरा गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। इसके अलावा इंटर मियामी के लुए बाल्तासार रोड्रिगेज ने 67वें मिनट पर गोल किया। वहीं तेलास्को सेगोविया ने 90 प्लस 1 मिनट पर इंटर मियामी के लिए पांचवां और आखिरी गोल किया।

चेन्नईयिन एफसी ने क्लिफोर्ड मिरांडा को हेड कोच नियुक्त किया



चेन्नई, एजेंसी। चेन्नईयिन एफसी ने क्लिफोर्ड मिरांडा को अपना नया हेड कोच नियुक्त किया है। टीम की ओर से इसकी घोषणा शनिवार को हुई। ओवेन कॉयल की जगह लेने वाले मिरांडा क्लब के पहले भारतीय मुख्य कोच बने हैं।25 अक्टूबर से अपने गृह राज्य गोवा में शुरू होने वाले एआईएफएफ सुपर कप में बतौर हेड कोच यह उनकी पहली नियुक्ति है। चेन्नईयिन को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की अन्य टीमों मोहन बागान सुपर जायंट, ईस्ट बंगाल एफसी और डेम्पो एससी के साथ एक मुश्किल ग्रुप में रखा गया है, जिन्हें घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा। चेन्नयिन एफसी और कॉयल इस साल की शुरुआत में आपसी सहमति से अलग हो गए थे। स्कॉटिश मैनेजर कॉयल आईएसएल के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक थे, जिन्होंने इससे पहले जमशेदपुर एफसी के साथ आईएसएल शील्ड जीता।
अब क्लिफोर्ड मिरांडा क्लब की किस्मत बदलने की कोशिश करेंगे। एआईएफएफ सुपर कप उनके लिए अपनी छाप छोड़ने का एक अच्छा मौका है। 2024-25 सीजन में, कॉयल की कोचिंग में चेन्नईयिन एफसी 24 मैचों में केवल सात जीत के साथ 11वें स्थान पर रही थी।

संक्षिप्त समाचार

कमाने वाली को सिर्फ पति जितना अमीर बनने के लिए नहीं मिल सकता गुजारा भत्ता

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल ही में एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अगर जीवनसाथी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और स्वतंत्र है तो उसे गुजारा भत्ता नहीं दिया जा सकता। जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल और जस्टिस हरीश वैद्यनाथन शंकर की खंडपीठ ने कहा कि यह एक स्थापित सिद्धांत है कि स्थायी गुजारा भत्ता सामाजिक न्याय के एक उपाय के रूप में है, न कि दो सक्षम लोगों की आर्थिक स्थिति को समृद्ध या समान बनाने के साधन के रूप में। कोर्ट ने कहा कि कानून के अनुसार गुजारा भत्ता मांगने वाले व्यक्ति को वित्तीय सहायता की जरूरत दिखानी होगी। पीठ ने यह टिप्पणी एक फैमिली कोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखते हुए की, जिसमें एक महिला को स्थायी गुजारा भत्ता देने से इनकार कर दिया गया था और क्रूरता के आधार पर उसके पति को तलाक दे दिया गया था। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों का पहले तलाक हो चुका था और जनवरी 2010 में उनकी शादी हुई थी, लेकिन 14 महीने के अंदर ही दोनों अलग हो गए। पति पेशे से वकील है और पत्नी ग्रुप ए भारतीय रेलवे यातायात सेवा (आईआरटीएस) की अधिकारी थीं। पति ने पत्नी पर मानसिक और शारीरिक क्रूरता का आरोप लगाया, जिसमें गाली-गलौज, अपमानजनक मैसेज, वैवाहिक अधिकारों से वंचित करना और पेशेवर और सामाजिक क्षेत्रों में अपमान शामिल है। पत्नी ने इन आरोपों का खंडन किया और पति पर क्रूरता का आरोप लगाया। फैमिली कोर्ट ने शादी खत्म कर दी और यह भी दर्ज किया कि पत्नी ने शादी खत्म करने के लिए सहमति देने के लिए गुजारे भत्ते के रूप में 50 लाख की मांग की थी। यह बात उसके हलफनामे में कही गई थी और जिरह के दौरान भी दोहराई गई। हालांकि फैमिली कोर्ट ने इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया। मामला जब हाई कोर्ट में गया तो कोर्ट ने भी फैमिली कोर्ट के आदेश में कोई गलती नहीं पाई। कोर्ट ने कहा, जब कोई पति या पत्नी, शादी खत्म करने का विरोध करते हुए एक बड़ी राशि के भुगतान पर सहमति जताता है, तो यह दर्शाता है कि यह विरोध प्यार, मेल-मिलाप या वैवाहिक बंधन को बचाने पर आधारित नहीं है, बल्कि आर्थिक कारणों से है। इसके अलावा, उच्च न्यायालय ने कहा कि पत्नी ने पति के विरुद्ध अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया, उसकी माँ के लिए गंदी गालियाँ दीं और उसे नाजायज़ जन्म का कहा, जो मानसिक क्रूरता के समान है।

पूर्व सैनिकों के ईसीएचएस कार्ड का दुरुपयोग कर ठगने वाले गैंग का पर्दाफाश

नईदिल्ली, एजेंसी। पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए बनी एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ईसीएचएस) कार्ड का दुरुपयोग कर ठगी करने वाले गैंग का नोएडा की फेज-दो थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया। पुलिस ने गैंग के तीन सदस्य समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। सेंट्रल नोएडा जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने शनिवार को बताया कि सेक्टर-110 स्थित यथार्थ अस्पताल प्रबंधन ने शनिवार को सूचना दी कि उनके अस्पताल में एक मरीज को फर्जी तरीके से ईसीएचएस कार्ड का दुरुपयोग कर भर्ती कराया गया है। पुलिस जांच के लिए पहुंची तो बड़े गैंग से तार जुड़े होने की जानकारी मिली। अस्पताल में भर्ती मरीज को किसी पूर्व सैनिक के कार्ड के नाम और पते पर भर्ती कराया गया था। इसके बाद पुलिस ने तिकोना पार्क के पास से चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान जिला बुलंदशहर के खनौदा गांव निवासी दानिश, भावसी के प्रदीप गौर व सुमित और बुलंदशहर के औरंगाबाद निवासी पूरन सिंह के रूप में हुई। प्रदीप गौर अस्पताल में नौकरी करता है। प्रदीप ने हेल्थ कार्ड का दुरुपयोग कर एक मरीज को भर्ती करवाया था। यह गैंग मरीज के परिजनों से कुछ रुपये भर्ती कराने से पहले और बाकी रुपये अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद लेता है। पुलिस के मुताबिक, यह गैंग लंबे समय से इस तरह का फर्जीवाड़ा कर अवैध रूप से कमाई कर रहा है। इससे पहले दिल्ली-एनसीआर के अन्य शहरों में भी ईसीएचएस पैनल के अस्पतालों में मरीजों को भर्ती करवाकर रकम ले चुके हैं। वॉट्सऐप कॉल पर बातचीत करते = पुलिस के मुताबिक, गैंग का सरगना दानिश है। उसने डी-फार्मा की पढ़ाई की है।

दिवाली से पहले ही दिल्ली में 'जहरीली' हवा, आनंद विहार में प्रदूषण लेवल 400 के पार

नई दिल्ली, एजेंसी।
दिवाली से पहले ही दिल्ली की फिजा एक बार फिर जहरीली हो गई है। राजधानी के कई इलाकों में रविवार सुबह के समय कहीं हल्की तो कहीं धुंध छाई रही। इस दौरान आनंद विहार इलाके में सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक 418 पर पहुंच गया, जिसे गंभीर श्रेणी में रखा गया है। वहीं, आईटीओ पर एक्यूआई 284 और इंडिया गेट पर एक्यूआई 269 दर्ज किया गया।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार शनिवार को आनंद विहार में सबसे अधिक एक्यूआई 389 दर्ज किया गया। इसके बाद वजीरपुर (351), बवाना (309), जहांगीरपुरी (310), ओखला (303), विवेक विहार (306), द्वारका (310) और सिरी फोर्ट में यह 307 दर्ज किया गया।

राजधानी में हवा की गति धीमी होने से प्रदूषण स्तर गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। दिल्ली में शनिवार शाम वायु गुणवत्ता सूचकांक 268 अंक पर रहा। यह 15 अक्टूबर से लगातार चौथा दिन था, जब दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में रही। सीपीसीबी के मुताबिक, शनिवार को हवा की गति



5.7 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। ऐसा माना जा रहा है कि दिवाली तक दिल्ली में एक्यूआई 300 से ऊपर जा सकता है।

चिंता की बात यह है कि दिल्ली में शुक्रवार को जहां मात्र छह इलाकों का वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 से ऊपर था। वहीं, शनिवार को यह नौ स्थानों पर हो गया। यानी यहां की हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है। सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है। राजधानी के कई इलाकों में हवा में प्रदूषण का स्तर दोगुने से ज्यादा है। अगले कुछ दिनों तक राजधानी के मौसम में सुबह हल्की धुंध और कोहरा छाए रहने की संभावना है। अगले दो से तीन दिन राजधानी में हवा की गति और कम होने के आसार हैं। शुरू के दो दिनों में हवा की रफ्तार पांच से 10 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है। इसके बाद यह अधिकतम पांच किलो मीटर प्रति घंटा हो सकती है। इससे आने वाले दिनों में हल्की धुंध की स्थिति बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को दिल्ली का अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। राजधानी का अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

राजधानी दिल्ली की हवा में इस समय मानकों से दोगुना प्रदूषण दर्ज किया जा रहा है। मानकों के मुताबिक हवा में पीएम-10 का स्तर 100 से कम और पीएम 2.5 का स्तर 60 से कम होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है। ऐसे में प्रदूषक तत्व पीएम-10 का स्तर शाम चार बजे 251 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया, जो दोगुने से अधिक है। वहीं, पीएम-2.5 का स्तर 112 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया, जो दोगुने के आसपास है। प्रदूषण में बढ़ोतरी के लिए मुख्यतौर पर विभिन्न स्रोतों से पैदा होने वाले प्रदूषण के कण और मौसम के कारक जिम्मेदार हैं।

दीवाली से पहले दिल्ली में चप्पे -चप्पे पर सुरक्षा का पहरा



नई दिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली में दीवाली का त्योहार नजदीक आते ही राजधानी को सुरक्षित बनाने के लिए दिल्ली पुलिस ने कमर कस ली है। त्योहारी सीजन में हर गली-नुक्कड़ पर सुरक्षा का पक्का इंतजाम किया गया है, ताकि दिल्लीवाले बिना टेंशन फ्री होकर त्योहार मना सकें। दिल्ली के प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। चांदनी चौक, सरोजिनी नगर, लाजपत नगर जैसे व्यस्त बाजारों में दिल्ली पुलिस ने भारी संख्या में जवानों को तैनात किया है। साथ ही, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवान भी सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं। चप्पे-चप्पे पर नजर रखने के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च भी शुरू किए हैं। चांदनी चौक में दिल्ली पुलिस और ट्रैफिक ने मिलकर एक जोरदार फ्लैग मार्च निकाला, जिसने लोगों में सुरक्षा का भरोसा जगाया। त्योहारी सीजन में सड़कों पर गाड़ियों की भीड़ और पैदल यात्रियों की चहल-पहल बढ़ जाती है। इसे देखते हुए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कमर कस ली है। ट्रैफिक को सुचारू रखने, पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और लोगों की सुविधा के लिए पुलिस ने अतिरिक्त जवान तैनात किए हैं। ट्रैफिक एडवाइजरी भी जारी की जा रही है, जिसमें रास्तों पर प्रतिबंध, डायवर्जन, पार्किंग की जगह और जरूरी दिशा-निर्देश शामिल हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें।

दिल्ली के नबी करीम में धनतेरस पर डबल मर्डर, गर्भवती महिला, पूर्व लिव-इन पार्टनर की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी।
राजधानी दिल्ली के नबी करीम इलाके में धनतेरस की रात बीच सड़क पर डबल मर्डर का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतकों में एक गर्भवती महिला भी शामिल है, वहीं उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में हमलावर भी मारा गया, जो मृतका का पूर्व लिव-इन पार्टनर था।

1. शालिनी (उम्र 22), पत्नी आकाश, निवासी बगीचा प्रताप नगर, दिल्ली

2. आशु उर्फ शैलेंद्र (उम्र 34), बॉबी पुत्र, निवासी ए-34 अमरपुरी, नबी करीम, दिल्ली

घायल की पहचान: आकाश (उम्र 23), पुत्र पूरन, निवासी बगीचा प्रताप नगर, दिल्ली प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब 22-15 बजे आकाश और उसकी पत्नी शालिनी नबी करीम में कुतुब रोड पर शालिनी की मां शीला से मिलने आए थे। उसी वक्त हमलावर आशु वहां पहुंचा और उसने आकाश पर चाकू से हमला करने का प्रयास किया। आकाश किसी तरह हमले से बच निकला। इसके बाद ई-रिक्शा में बैठी शालिनी को देखकर आशु ने उस पर चाकू से कई वार किए। आकाश ने जब यह देखा कि आशु उसकी पत्नी पर हमला कर रहा है तो उसने बीच-बचाव और आशु से अपनी पत्नी को छुड़ाने की कोशिश की। इस पर आशु ने आकाश को भी चाकू मार दिया। इसके बाद आकाश ने आशु को काबू में कर उसी चाकू से उस पर भी वार कर दिया।

शालिनी के भाई रोहित ने गंभीर रूप से घायल अपनी बहन शालिनी और जीजा आकाश को एलएचएमसी अस्पताल पहुंचाया। वहीं, पुलिस आशु को भी एलएचएमसी अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टरों ने आशु और शालिनी को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल आकाश का अभी इलाज चल रहा है। शालिनी की मां शीला ने बताया कि आकाश और शालिनी शादीशुदा थे और उनके दो बच्चे हैं और शालिनी फिर से गर्भवती थी। उन्होंने बताया कि शालिनी पहले आशु के साथ रिलेशनशिप में थी और जब आकाश के साथ उसके संबंध ठीक नहीं थे, तब वह दिल्ली से बाहर आशु के साथ लिव-इन पार्टनर के रूप में रहती थी।

भाजपा सांसद योगेंद्र चांदोलिया को झटका, दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आरोप बरकरार रखे

नई दिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने भाजपा सांसद योगेंद्र चांदोलिया की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने ट्रायल कोर्ट द्वारा उनके खिलाफ आरोप तय करने के आदेश को चुनौती दी थी। चांदोलिया पर 2020 में एक ट्रैफिक पुलिस कर्मी पर हमला करने के मामले में आरोप तय किए गए थे। कोर्ट ने माना कि चांदोलिया ने ड्यूटी कर रहे एक सरकारी कर्मचारी को डराने और उसके काम में बाधा डालने के इरादे से आपराधिक बल का प्रयोग किया था।

हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज दिग विनय सिंह ने उत्तर-पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से सांसद योगेंद्र चांदोलिया द्वारा दायर एक पुनरीक्षण याचिका



पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। चांदोलिया ने 3 मई को ड्यूटी पर तैनात एक सरकारी कर्मचारी पर हमला करने और आपराधिक बल प्रयोग करने से संबंधित आरोप तय करने के आदेश के खिलाफ यह याचिका दायर की थी।

यह मामला 7 अक्टूबर 2020 का है, जब करोल बाग ट्रैफिक सर्किल पर तैनात हेड कॉन्स्टेबल राज ने आरोप लगाया था कि सांसद चंदोलिया ने अतिक्रमणकारी दोपहिया वाहन को हटाने के दौरान उनके काम में बाधा डाली। एफआईआर के अनुसार, जब हेड कॉन्स्टेबल राज एक दोपहिया वाहन को हटाने की कार्रवाई कर रहे थे, तभी चांदोलिया ने उनसे बहस की। उन्हें क्रेन से नीचे खींचने की कोशिश की और जब कॉन्स्टेबल ने घटना की रिकॉर्डिंग शुरू की तो उनका फोन छीनने का प्रयास किया गया। चांदोलिया के एक साथी ने कथित तौर पर कॉन्स्टेबल का फोन छीन भी लिया।

जज दिग विनय सिंह ने कहा कि शिकायतकर्ता के बयान से सांसद के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला स्थापित होता है। अदालत ने कहा, शिकायतकर्ता को डराने या परेशान करने के इरादे से आपराधिक बल का इस्तेमाल किया गया था। यह लोक सेवक को अपने कर्तव्य का निर्वहन करने से रोकने के इरादे से किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि लगाए गए आरोप पूरी तरह से न्यायोचित थे क्योंकि अपराध के होने का पर्याप्त संदेह था। बचाव पक्ष की इस दलील को खारिज करते हुए कि कोई प्रत्यक्षदर्शी या सीसीटीवी साक्ष्य नहीं थे, अदालत ने कहा कि इस स्तर पर ऐसे मुद्दे प्रासंगिक नहीं हैं।

योगेंद्र चांदोलिया के वकील हरिओम गुप्ता ने दावा किया था कि मामला राजनीति से प्रेरित था और उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने के उद्देश्य से किया गया था।

आसमान में उड़ते विमान में अचानक लग गई आग!

160 यात्री और क्रू मेंबर्स थे सवार, मच गई चीख-पुकार

बीजिंग, एजेंसी। चीन के हांगझोउ से दक्षिण कोरिया के सियोल के लिए उड़ान भर रही एयर चाइना फ्लाइट सीए139 शनिवार को डरावनी घटना का सामना कर रही थी। उड़ान के लगभग 40 मिनट बाद, ओवरहेड केबिन (सीट के ऊपर कैरी-ऑन बैग रखने वाली जगह) में रखी लिथियम बैटरी में विस्फोट हो गया, जिससे आग लग गई और यात्रियों में दहशत फैल गई। फ्लाइट सुबह 9-47 बजे (स्थानीय समय) हांगझोउ एयरपोर्ट से रवाना हुई थी और दोपहर 12-20 बजे इंचियोन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचने वाली थी। घटना के तुरंत बाद क्रू ने आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि केबिन क्रू आग बुझाने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं और यात्री डर के मारे सीटों पर बैठकर स्थिति को संभालने की कोशिश कर रहे थे। डियो में कोरियाई भाषा में 'जल्दी करो' जैसी आवाजें भी सुनाई दे रही हैं। एयर चाइना ने चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीबो पर



बयान जारी किया, जिसमें बताया गया कि क्रू ने तुरंत कार्रवाई कर आग पर नियंत्रण पाया। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विमान को शंघाई पुडोंग इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइटराडार24 के अनुसार विमान ने समुद्र के ऊपर एक पूरा चक्कर लगाया और सुबह 11 बजे के करीब शंघाई में सुरक्षित उतरा। विमान में 160 यात्री और क्रू मेंबर्स सवार थे और सभी सुरक्षित हैं। यह घटना लिथियम बैटरियों से जुड़े जोखिमों को फिर से उजागर करती है। हाल के वर्षों में कई एयरलाइन फ्लाइटों में ऐसी घटनाएं हुई हैं।मई 2025 में हांगझोउ से शेनझेन जा रही चाइना सदर्न एयरलाइंस की फ्लाइट टेकऑफ के 15 मिनट बाद लिथियम कैमरा बैटरी और पावर बैंक से धुएं के कारण वापस एयरपोर्ट पर लौट गई। इससे पहले जनवरी 2025 में एयर बुसान की फ्लाइट में स्पेयर पावर बैंक में विस्फोट हुआ, जिसमें 169 यात्री और 7 क्रू मेंबर्स सवार थे।

अब पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच संघर्ष को सुलझाने में लगे ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप दुनिया के कई युद्धों को रोकने या सुलझाने का दावा पहले ही कर चुके हैं और इस बीच अब वो पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच शांति कायम करने की बात कह रहे हैं। उनका अगला लक्ष्य दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करना होगा।

अमेरिकी नेता ने दावा किया कि अफगानिस्तान-पाकिस्तान संघर्ष को सुलझाना उनके लिए आसान होगा। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में रिपोर्टर्स से बात करते हुए कहा, हालांकि मैं समझता हूं कि पाकिस्तान ने हमला किया, या अफगानिस्तान पर हमला हो रहा है। अगर मुझे इसे सुलझाना है तो यह मेरे लिए आसान है। इस बीच, मुझे अमेरिका को भी देखना है, लेकिन मुझे युद्ध सुलझाना पसंद है। एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने कई युद्ध सुलझाए हैं, जिसमें न्यूक्लियर पावर वाले पड़ोसी देशों भारत और पाकिस्तान के बीच शांति कायम करना भी शामिल है, लेकिन नई दिल्ली ने इस दावे को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। भारत ने लगातार कहा है कि पाकिस्तान के साथ दुश्मनी खत्म करने पर सहमति दोनों सेनाओं के डायरेक्टर्स जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस के बीच सीधी बातचीत के बाद बनी थी। ट्रंप ने आठ युद्धों को सुलझाने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने पर भी दुख जताया। उन्होंने कहा, मैंने आठ युद्ध सुलझाए। रवांडा और कांगो जाकर भारत और पाकिस्तान के बारे में बात करें। उन सभी युद्धों को देखें जिन्हें हमने सुलझाया, और हर बार जब मैंने सुलझाया, तो उन्होंने कहा कि अगर तुम अगला वाला सुलझाओगे, तो तुम्हें नोबेल प्राइज मिलेगा। मुझे नोबेल प्राइज नहीं मिला। यह किसी बहुत अच्छी महिला को मिला।

25 हजार लोग मारे जाते, ड्रग्स ले जा रही पनडुब्बी पर हमले को लेकर बोले ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि अमेरिका दो संदिग्ध ड्रग तस्करों को उनके देश इक्वाडोर और कोलंबिया वापस भेज रहा है। इससे पहले कैरिबियन में ड्रग-स्मगलिंग सबमरीन पर मिलिट्री ने हमला किया था, जिसमें दो और लोग मारे गए थे। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर कहा, एक बहुत बड़ी ड्रग ले जाने वाली सबमरीन को नष्ट करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात थी, जो एक जाने-माने नार्कोट्रैफिकिंग ट्रांजिट रूट पर अमेरिका की ओर जा रही थी। उन्होंने यह भी कहा कि जहाज में फेंटानिल और दूसरे ड्रग्स भरे हुए थे। ट्रंप ने आगे कहा, दो आतंकवादी मारे गए। बचे हुए दो आतंकवादियों को हिरासत और मुकदमे के लिए उनके देश, इक्वाडोर और कोलंबिया वापस भेजा जा रहा है। कोलंबिया के राष्ट्रपति ने की इस बात की पुष्टि कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने पुष्टि की है कि कोलंबियाई संदिग्ध को वापस भेज दिया गया है।

डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अमेरिका की सड़कों पर उतरे नागरिक

वाशिंगटन, एजेंसी।
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के खिलाफ कई लोग सड़कों पर उतर आए हैं। ट्रंप की कथित तानाशाही के खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन होने लगे हैं। इस प्रदर्शन को नो किंग्स का नाम दिया गया है, जिसकी चर्चा अब पूरी दुनिया में हो रही है।

द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के छोटे शहरों से लेकर न्यूयॉर्क जैसे शहरों तक इस प्रदर्शन की गूंज सुनाई दे रही है। 2,700 से ज्यादा जगहों पर लोगों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। सभी हाथ में पोस्टर लेकर ट्रंप की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

नो किंग्स का मतलब है कि अमेरिका का कोई राजा नहीं है। 1776 में आजादी के बाद अमेरिका



एक बिना राजा वाला देश है, जहां कोई राजा या निरंकुश शासक का आदेश नहीं चलेगा। यह धरना प्रदर्शन ट्रंप की कठोर नीतियों के खिलाफ किया जा रहा है।

कौन कर रहा है नो किंग्स प्रदर्शन?: अमेरिका के 200 से ज्यादा संगठनों ने मिलकर एक गठबंधन बनाया है, जिसे नो किंग्स नाम दिया गया है। इस गठबंधन में ज्यादा वामपंथी विचारधारा की तरफ झुकाव रखने वाले संगठन शामिल हैं। इससे पहले जून में भी नो किंग्स प्रदर्शन देखने को मिला था। प्रदर्शन की वेबसाइट पर इससे जुड़ी जानकारी मौजूद है। वेबसाइट के अनुसार, नो किंग्स महज एक नारा नहीं है। यह अमेरिका की बुनियाद है। यह नारा सड़कों पर जन्मा है। लाखों लोग अब तक इससे जुड़ चुके हैं। कई पोस्टरों में इस नारे को दोहराया गया है। यह पूरे देश को तानाशाही के खिलाफ एकजुट करने का काम करता है। 20 जनवरी 2025 को सत्ता संभालने के बाद डोनल्ड ट्रंप ने कई बड़े कदम उठाए हैं। टैरिफ लगाने से लेकर बड़ी संख्या में अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने, स्वास्थ्य सेवाओं में कटौती करने और अरबपतियों के हित में कदम उठाने के साथ-साथ आम लोगों की जरूरतों को नजरअंदाज करने जैसे कई फैसले लिए हैं। ट्रंप की इन्हीं नीतियों के खिलाफ कई अमेरिकियों का गुस्सा फूट पड़ा है और सभी ट्रंप के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। वहीं, ट्रंप ने अमेरिका के कई शहरों में केंद्रीय फोर्स भी तैनात कर दी है। इससे स्थानीय नेता भी ट्रंप के खिलाफ हो गए हैं। हालांकि, ट्रंप ने सभी को धमकी देते हुए कहा था कि अगर किसी ने उनके फैसले के खिलाफ जाने की कोशिश की, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नो किंग्स विरोध प्रदर्शन 2,700 से ज्यादा शहरों और कस्बों में आयोजित किया गया है। इस लिस्ट में अमेरिकी की राजधानी वाशिंगटन डीसी, सैन फ्रांसिस्को, सैन डिएगो, अटलांटा, न्यूयॉर्क सिटी, टेक्सास, होनोलूलू, बोस्टन, मिसौरी, मोंटाना, शिकागो और न्यू ऑरलियन्स का नाम शामिल है।

दीपोत्सव सबों के जीवन में नई रोशनी और समृद्धि लाएं: उपायुक्त



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। दीपावली के अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अजय नाथ झा ने जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दीपों का यह पर्व हमारे जीवन में स्वास्थ्य, सुख, शांति और समृद्धि की नई किरणें लेकर आए। उपायुक्त ने जिलावासियों से अपील की कि वे मिट्टी के दीयों से घरों को सजाएं और पर्यावरण के अनुकूल ग्रीन पटाखों का ही उपयोग करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण की रक्षा करते हुए दीपावली मनाना ही सच्ची खुशियों की पहचान है। उपायुक्त ने आगे कहा कि त्योहार के इस अवसर पर हम सभी को भाईचारे, प्रेम और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करना चाहिए। आतिशबाजी और नशे से दूरी बनाकर दीपोत्सव को शांति और सद्भाव के साथ मनाएं। उन्होंने लोगों को सतर्कता बरतने की भी सलाह दी। उपायुक्त ने कहा कि त्योहारों के दौरान कुछ असामाजिक तत्व समाज में अव्यवस्था फैलाने की कोशिश कर सकते हैं। यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति दिखाई दे, तो उसकी सूचना तुरंत जिला नियंत्रण कक्ष 06542 - 223475 एवं पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 या 100 पर दें। उपायुक्त ने कहा कि दीपावली केवल प्रकाश का नहीं, बल्कि सद्भाव, स्वच्छता और सुरक्षा का भी उत्सव है। आइए, हम सब मिलकर इसे खुशियों और सकारात्मकता का पर्व बनाएं।

दीपावली की पूर्व संध्या पर शहीदों के सम्मान में जगमगाए 1001 दीए



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। हम सैनिकों या पूर्व सैनिकों की याद देशवासियों एवं नगरवासियों को यदा कदा कुछ घटनाओं के बीच ही आती है। अतएव हम पूर्व सैनिकों का यह दायित्व बन जाता है कि अपने शहीद सैनिकों के सम्मान में एक दीया जरूर जलाएं। आज दीपावली की पुर्व सन्ध्या पर शहीदों को शत शत नमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी याद में श्री अयप्पन मंदिर प्रांगण में 1001 दीये रौशन किये गए। तिरंगा परिधान में कुछ स्कूली बच्चों की उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ गई। सभी लोगों ने मिलकर शहीदों के सम्मान में नारा बुलंद किया। कार्यक्रम भारत माता की जय, बंदे मातरम एवं भारतीय सेना अमर रहे के नारों से आरंभ हुआ। इसके पश्चात मंदिर की आरती ने भी मानो हुतात्माओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस कार्यक्रम में परिषद के अतिरिक्त, नगर के गणमान्य नागरिकों की जिनमें विश्व हिदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सेवा भारती, संकल्प सृजन, भाजपा, एवं अन्य संगठनों से उपास्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से परिषद के पूर्व प्रान्तीय उपाध्यक्ष दिनेश्वर सिंह, पुर्व प्रान्तीय सचिव राकेश मिश्र, जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, राजहंस, मनोज कुमार, शशि भूषण जी, संजीव कुमार, राजीव, अमित कुमार, नीरज तिवारी, परमहंस, अभिषेक देव प्रकाश, विनय कुमार, प्रदीप कुमार, रंजय कुमार, सीमा सिंह, अर्चना शर्मा, विनोद कुमार, दीपक कुमार, अशोक कुमार वर्मा, योगेंद्र कुमार, नागेंद्र पुरी रेशमा कुमारी, ईशा, अंशिका आदि ने भाग लिया।

आकर्षित कर रहा है कतरास का काली पूजा पंडाल



धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। धनबाद कोयलांचल में दीपावली और काली पूजा मनाने को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है। इस वर्ष काली पूजा को लोकर तमाम पूजा कमिटियां ने एक से बढ़कर एक पूजा पंडाल बनाए है। कतरास पोस्ट ऑफिस गली काली पूजा समिति पिछले 23 वर्षों से भव्य काली पूजा का आयोजन करती आ रही है। हर बार अलग-अलग थीम पर आधारित पूजा पंडाल का निर्माण यहां किया जाता है। इस बार यहाँ निमार्णाधीन माता के दरबार के दृश्य को दशार्या जा रहा है। साथ ही पंडाल में सुरक्षा के महत्व का संदेश भी दशार्या जा रहा है। पत्थर के बने मजदूर, हाथ मे कुल्हाड़ी, हेलमेट सहित अन्य सामानों का पूजा पंडाल में उपयोग किया गया है। वही समिति सदस्यों ने कहा कि 23 साल से पूजा समिति काली पूजा कर रही है। इस बार निमार्णाधीन माता के दरबार को दिखाया गया है। जिसमे मजदूर, सुरक्षा किट, निर्माण में उपयोग होने वाले वस्तुओं को दिखाया गया है। उन्होंने बताया कि सिर्फ 5 से 6 लाख पंडाल निर्माण में खर्च किया जा रहा है। वही पूरे पूजा का खर्च 12 लाख है। इसके साथ ही भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करते भी पंडाल में दशार्या गया है। बता दें कि धनबाद सहित आस पास के जिले के श्रद्धालु भी यहाँ पँहुचते है। इस बार 20 अक्तूबर से 24 अक्टूबर तक श्रद्धालु पूजा पंडाल का दर्शन कर सकते है।

काली मंदिर में हुई त्रिपुरसुंदरी पंचभग्नी दक्षिण मां श्यामा की पूजा



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मैथिली कला मंच, काली पूजा ट्रस्ट के तत्वावधान में मैथिली काली मंदिर, सेक्टर 2 में त्रिपूरसुंदरी पंचभग्नी दक्षिण माँ श्यामा की पूजा धूमधाम से मनायी जा रही है। मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित राधे श्याम झा 'वौअ' ने कहा कि सन् 1433 साल का वार्षिक श्री मां काली पूजनोतस्व कार्तिक अमावस्या सोमवार तदनुसार 20 अक्टूबर के निशा काल से प्रारंम्भ हो जाएगी। अध्यक्ष कृष्ण चंद्र झा ने कहा कि मां काली हमारी कुल देवी हैं, यहां अनवरत 40 वर्षों से नियमित पूजा होती आ रही है। माता की पूजा तंत्र एवं मंत्र दोनों से उपाध्याय पद्धति से की जाती है। यहां भक्तों की अपार भीड़ होती है, जो अपने मनोकामना पूर्ण करने आते हैं।पूजा संयोजक मिहिर कुमार झा 'राजु' ने कहा कि इसबार भी माता की पूजा धुमधाम एवं हर्षोउल्लास के साथ सुबह 9 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत पार्थिव शिवलिंग पूजन जो सिमरिया से लाए गंगोट से बनाया जाता है, एवं वेदपाठ से होगा एवं माता की अराधना मधुबनी से आए कलाकार 'रशन चौकी' के माध्यम से भक्तिभाव से करते है।रात्रि में जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में मधुबनी से आए प्रसिद्ध मैथिली कलाकार, गायक अपना जलवा बिखेरेंगे साथ ही मां काली पूजा रात्रि 11 बजे शुरू हो जाएगी।मिडिया प्रभारी गंगेश कुमार पाठक ने कहा कि तदनुसार दूसरे दिन के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कुमारी बटुक भोजन, हवन, अभिषेक जल, महाप्रसाद वितरण सह सांस्कृतिक कार्यक्रम रहेगा।पूजा में सम्मिलित मुख्य पंडित में पंडित राधे श्याम झा, डॉ.बाल शेखर झा, डॉ. रंजीत कुमार झा, पंडित गोविन्द झा, पंडित गौरीशंकर झा,पंडित चंचल झा हैं।माँ काली की पूजा की तैयारी एवं सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए मुख्य रुप से शामिल सदस्यों में महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर, विजय झा,मुख्य कोषाध्यक्ष भृगु नंदन ठाकुर, सहसंयोजक अविनाश झा'अवि', कोषाध्यक्ष तरुण कुमार झा,कृष्णानंद झा,गोविन्द कुमार झा,एडवोकेट विश्वनाथ झा, काली कांत लाल दास,रंजीत झा, सोनू, मिहिर मोहन ठाकुर,शंकर, हीरा, कमलेश झा, गोविन्द झा'बजरंग बली' आदि अन्य भक्तगण जोरशोर से पूजा की विधिवत तैयारी में लगे हैं। यहाँ सालो भर भक्तों का जमावड़ा रहता एवं लोगो कों माता के प्रति असीम श्रद्धा एवं विश्वास है कि यहाँ मनोकामना पूर्ण सिद्ध होता है।

संक्षिप्त समाचार

गुरु गोविंद सिंह स्कूल में मनाया गया दीपों का उत्सव



धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल में दीपों के उत्सव "दीपावली को उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर को खास बनाने के लिए जूनियर विंग के बच्चों ने 'रामलीला' तथा 'छठ पूजा' का अद्भुत प्रदर्शन किया कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों के बीच तोरण तथा दिया बनाने की प्रतियोगिता रखी गई जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ' विद्यालय के प्राचार्य सुदीप कुमार ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी समृद्ध विरासत से परिचित कराना तथा सद्भावना एवं खुशी की भावना को विकसित करना है। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए रंगोली पैर्टन बनाए । दैनिक पठन - पाठन के कार्य यथावत चलते रहे।

टैंकर को कंटेनर ने पीछे से मारी टक्कर, चालक की मौत

खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रांची-टाटा राजमार्ग तमाड़ के दिऊड़ी मंदिर के समीप जमशेदपुर से रांची की ओर जा रही एक कंटेनर ट्रक ने सड़क पर खड़े एक टैंकर को पीछे से टक्कर मार दी। टैंकर में अलकतरा लदा हुआ था और ब्रेकडाउन होने के कारण सड़क पर खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार में आ रही कंटेनर ट्रक पीछे से टैंकर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कंटेनर का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर तमाड़ पुलिस मौके पर पहुंची। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद चालक को केबिन से बाहर निकाला जा सका। गंभीर रूप से घायल चालक को तत्काल तमाड़ अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृत चालक की पहचान पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार निवासी तपन दास के रूप में हुई है। हादसे के बाद रांची-जमशेदपुर एनएच-33 करीब एक घंटे तक बाधित रहा। पुलिस ने जाम हटाकर यातायात बहाल कराया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेजा।

वाहन जांच के दौरान वसूला 1 लाख रुपए से ज्यादा जुर्माना

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। राष्ट्रीय राज्यमार्ग 32 पर चास प्रखंड अंतर्गत पुपुनकी टॉल प्लाजा पर जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज द्वारा आज चलाए गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 14 वाहनों से 1 लाख 17 हजार रुपए का जुमार्ना लिया गया। उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज द्वारा जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 14 वाहन से 1 लाख 17 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया। डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 47 वाहनों की जांच की गई, जिसमें फिटनेस सर्टिफिकेट, रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग, इंश्योरेंस फेल एवं टैक्स फेल होने को लेकर 14 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला लिया गया। साथ ही डीटीओ मारुति मिंज ने चास प्रखंड के जोधाडीह मोड़, आईटीआई मोड़ सहित अन्य जगहों के चौक चौराहों पर दो पहिया वाहनों सहित चार पहिया वाहनों की जांच की गई, जिसमें हेलमेट, रजिस्ट्रेशन, पॉल्यूशन, लाइसेंस, सीट बेल्ट, रिफ्लेक्टिव टेप सहित अन्य की जांच की।

साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 24 अक्टूबर से रांची में

रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रांची के मोराबादी मैदान स्थित फुटबॉल ग्राउंड में आगामी 24 से 26 अक्टूबर के बीच साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चैंपियनशिप का उद्घाटन 24 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे करेंगे। राज्य के खेल निदेशक शेखर जमुआर ने आज रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि चैंपियनशिप देखने के लिए लोगों का प्रवेश निः शुल्क रखा गया है। उन्होंने उन्होंने बताया कि भारत समेत दक्षिण एशिया के 6 देश इस चैंपियनशिप का हिस्सा बनेंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस चैंपियनशिप में 300 एथलीट और डेढ़ सौ टेक्निकल ऑफीसर शामिल होंगे। इसके अलावा कई गणमान्य लोग भी इस चैंपियनशिप का हिस्सा बनेंगे। खेल निदेशक ने बताया कि चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन पुलिस रांची नगर निगम और खेल विभाग समेत अन्य विभागों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाई लेवल कमिटी लगातार मॉनीटरिंग कर रही है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सब कमेटी भी बनाई गई है। मोराबाड़ी ग्राउंड में खिलाड़ियों, मीडिया पर्सन, टेक्निकल टीम और वीआईपी समेत अन्य विशिष्ट लोगों के लिए पवेलियन बनाए गए हैं।

न्यायाधीश ने किया धनबाद जेल का निरीक्षण

जेल प्रशासन को दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश



धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा वीरेंद्र कुमार तिवारी, के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बीकेश ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल टीम के साथ मंडलकारा धनबाद का निरीक्षण किया।. इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो, ने बताया की रविवार को न्यायाधीश ने मंडल कारा धनबाद का औचक निरीक्षण किया । निरक्षण के दौरान टीम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम महिला वार्ड अस्पताल वार्ड चिकित्सा व्यवस्था खान पान की व्यवस्था का मुआयना किया तथा अन्य कई समुचित व्यवस्था करने का निर्देश जेल प्रशासन को दिया .न्यायाधीश के नेतृत्व में टीम ने कारागार के हर एक हिस्से का मुआयना किया । न्यायाधीश के नेतृत्व में टीम ने बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन ,व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान-सह-योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया।उन्होंने सभी बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। न्यायाधीश ने बंदियों को जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आदेश जेल प्रशासन को दिया । इस मौके पर जेल डॉक्टर राजीव कुमार सिंह, एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट , सहायक कांउसिल, शैलेन्द्र झा,सुमन पाठक ,नीरज गोयल, कन्हैया लाल ठाकुर, स्वाति कुमारी , मुस्कान चोपडा सिविल कोर्ट के सहायक अरुण कुमार , समेत जेल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

डीजीएमएस के खिलाफ ऑल इंडिया डिप्लोमा इंजीनियर्स संगठन ने खोला मोर्चा



धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। कोयला कर्मियों की सुरक्षा को लेकर ऑल इंडिया डिप्लोमा इंजीनियर्स ऑर्गेनाइजेशन ने डीजीएमएस (खनन सुरक्षा महानिदेशालय) के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने स्पष्ट कहा है कि सुरक्षा के मामले में कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि कोयला उद्योग में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस दिशा में डीजीएमएस को समयबद्ध मानकों के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था और उपकरण उपलब्ध कराने होंगे। संगठन ने यह भी मांग की है कि कोल कंपनियों को अपनी सुपरवाइजरी व्यवस्था की समीक्षा करनी चाहिए, ताकि कर्मियों पर पड़ने वाले अतिरिक्त कार्यभार को कम किया जा सके। पदाधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा और कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए यह कदम जरूरी है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सुरक्षा उपायों में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलनात्मक कदम उठाने पर विचार किया जाएगा।

हवन पूजन के बाद बालकों को दी गई सुवर्ण प्राशन की खुराक

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। विद्या भारती योजना के तहत विद्या विकास समिति झारखंड के तत्वावधान में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9डी के प्रांगण में वैदिक रीति रिवाज के साथ भगवान धन्वंतरि के पूजन और हवन के पश्चात बालकों को विद्यालय के सचिव गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह सुवर्ण प्राशन की खुराक देने की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यह दवा बालकों के सर्वांगीण विकास में सहयोगी सिद्ध होगा। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने अपने संदेश में कहा कि इस दवा की गुणवत्ता एक निश्चित नक्षत्र में पिलाने पर अधिक प्रभावी होती है वह नक्षत्र पुष्य नक्षत्र है इसलिए आज पुष्य नक्षत्र के दिन ही इस दवा को पिलाने का शुभारंभ किया गया है।

31 अक्टूबर से शुरू होगी विकसित भारत पद यात्रा

जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय माय भारत के माध्यम से विकसित भारत पदयात्राएं आयोजित कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। इसमें युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक, सभी मिलकर देश के इतिहास को याद करते हैं और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाते हैं। आज की युवाओं की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह बात आज जमशेदपुर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने कही। उन्होंने कहा कि इसी पहल के तहत 6 अक्टूबर को मंत्रालय ने सरदार यूनिटी मार्च की शुरूआत की है। यह भारत सरकार और माय भारत की पहल है। जो लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती को समर्पित है। इस अभियान के जरिए युवाओं को एक भारत और आत्मनिर्भर भारत के आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। 6 अक्टूबर को केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडवीया ने इस अभियान का डिजिटल शुभारंभ में भारत पोर्टल पर किया।

काली पूजा को लेकर बोकारो के बकरा बाजार पर मंहगाई का असर





बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। काली पूजा को लेकर बोकारो जिले में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजारों में रौनक बढ़ गई है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां इस अवसर पर बलि प्रथा का प्रचलन है। इसी के चलते सेक्टर 2 मैदान में बकरों की बिक्री जोर-शोर से हो रही है। यहां खरीदारों और विक्रेताओं दोनों की भीड़ उमड़ रही है। छोटे से लेकर बड़े आकार के बकरे बिक्री के लिए लाए जा रहे हैं। हालांकि, बकरे बेचने वालों का कहना है कि इस वर्ष बाजार कुछ मंदा है और खरीदारों की संख्या अपेक्षाकृत कम है। दूसरी ओर, खरीदारों का कहना है कि इस बार कीमतों में पिछले वर्ष की तुलना में काफी बढ़ोतरी हुई है। जो बकरा पिछले साल करीब साढ़े चार हजार रुपये में मिल जाता था, वही इस बार 5 से 6 हजार रुपये तक पहुंच गया है। अच्छे नस्ल और बड़े आकार के बकरे की कीमत 17 से 18 हजार रुपये तक जा रही है। महंगाई के बावजूद लोग काली पूजा के पारंपरिक अनुष्ठान के लिए बकरे खरीदने में जुटे हुए हैं। सोमवार की रात को अमावस्या तिथि पर काली पूजा मनाई जाएगी। इसे लेकर बकरे की बलि की तैयारी जोरों पर है। बाजारों में पूजा से जुड़ी सामग्री, फूल, दीप, मिठाई और वस्त्रों की भी अच्छी-खासी मांग देखी जा रही है। कुल मिलाकर, काली पूजा के आगमन से बोकारो के ग्रामीण और शहरी इलाकों में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

मिथिला महिला समिति ने जरूरतमंदों के बीच किया वस्त्र व खाद्य पदार्थों का वितरण



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद, बोकारो की इकाई मिथिला महिला समिति द्वारा सेक्टर 2 स्थित श्यामा काली मंदिर परिसर में समिति की सदस्याओं के सहयोग से जरूरतमंदों के बीच वस्त्र व खाद्य पदार्थों का वितरण किया गया। इस अवसर पर मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा, सदस्य किरण मिश्रा, जयंती पाठक, बीना झा, बीनू चौधरी, नमिता झा, प्रेरणा ओझा, सीमा झा, वंदना झा, बिनीता, नंदा झा, आशा पाठक आदि उपस्थित रहीं। अध्यक्ष पूनम मिश्रा ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा सांस्कृतिक आयोजनों के साथ ही समाज सेवा से संबंधित कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक
कमल किशोर द्वारा डी.बी.
कॉर्प. लि. के लिए भास्कर
प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन
रोड, अशोक नगर, केजी
आश्रम, धनबाद (झारखंड)
से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-
31, कॉपरेटिव कॉलोनी,
बोकारो स्टील सिटी, जिला
बोकारो (झारखंड) से
प्रकाशित। संपादक
कमल किशोर, नवबिहार
टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र
नगर, औरंगाबाद (बिहार),
स्थानीय संपादक :
मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण
संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com